राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-164
लखनऊ, गुरुवार 01 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं अफसर : सीएम योगी 03

राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन रद्द 12

# ज्ञानवापी तहखाने में होगी पूजा

## हिंदू पक्ष की बड़ी जीत, अदालत के फैसले के बाद अधिवक्ताओं व आम लोगों में जश्न का माहौल

▸ प्रशासन सात दिन के अंदर पूजा-पाठ कराने की करे व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज**

**वाराणसी ।** ज्ञानवापी केस में बड़ा फैसला आया है। यह फैसला हिंदू पक्ष में सुनाया गया है। फैसले के मुताबिक, ज्ञानवापी तहखाने में हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिला गया है। ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया। तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई है।

प्रकरण को लेकर हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी कहते ने कहा आज व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार दिया गया है और कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है। व्यासजी के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ की अनुमति मिलने के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं व आम लोगों में जश्न का माहौल है। अधिवक्ताओं ने विक्ट्री साइन दिखाते हुए जीत का जश्न मानाया। वादी के अधिवक्ताओं के मुताबिक व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है। अधिवक्ताओं के अनुरोध पर कोर्ट ने नंदी के सामने की बैरिकेडिंग को खोलने की अनुमति दी है। ऐसे में अब तहखाने में 1993 के पहले के जैसे पूजा के लिए अदालत के आदेश से आने- जाने दिया जाएगा। मंगलवार को कोर्ट में अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से अधिवक्ता मुमताज अहमद और एखलाक अहमद ने कहा था कि व्यासजी का तहखाना मस्जिद का हिस्सा है। वहां पूजा की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम से बाधित है। तहखाना वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। लिहाजा, वहां पूजा-पाठ कि अनुमति न दी जाए।



### ढांचे को लेकर भी पक्ष में आएगा फैसला



विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक वीडियो संदेश में फैसले पर हिन्दू समाज को बधाई दी है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि जल्द ही ज्ञानवापी ढांचे को लेकर भी हिन्दुओं के पक्ष में फैसला आएगा। आलोक कुमार ने कहा कि ढांचे के तहखाने के दक्षिण में स्थित मंदिर में 1993 तक पूजा-अर्चना होती रही है। वादी के इस संबंध में कोर्ट में जाने पर जिला मजिस्ट्रेट को परिसर से जुड़ी देखभाल की जिम्मेदारी दे दी गई। अदालत ने कहा कि काशी विश्वनाथ ट्रस्ट और वादी मिलकर एक पुजारी तय कर दें और यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां नियमित पूजा अर्चना होती रहे। उन्होंने कहा कि 31 वर्ष का समय क्यों लगा, यह सोचने का विषय है।

### डिप्टी सीएम ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला अदालत ने आज बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। वहीं, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि शिव भक्तों को न्याय मिला, बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखघने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूँ, 1993 से भक्तों को था इंतजार!। बता दें कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दे दिया है। प्रशासन सात दिन के अंदर पूजा-पाठ कराने की व्यवस्था करेगा और पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। यादव ने बताया कि ज्ञानवापी के सामने बैठे नंदी महाराज के सामने से रास्ता खोला जाएगा

# इस्तीफा देने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार

▸ आज सोरेन को कोर्ट में किया जाएगा पेश

**एजेंसी**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवास में बुधवार को ईडी ने करीब सात घंटे पूछताछ की। इसके बाद ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा देने गए। उन्होंने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया। आज सोरेन को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### कानून व्यवस्था संभालने को तीन सदस्यीय टीम गठित

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद की परिस्थितियों को देखते हुए राज्य में कानून-व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर वित्त विभाग के सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरे राज्य में सुरक्षा के लिए 7,000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और ईडी कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दिया गया है।

### चंपई सोरेन चुने गए विधायक दल के नेता

उनकी जगह अब झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन नये नेता चुने गये हैं। इस बात की पुष्टि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता और राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित कई विधायकों ने की है। हेमंत सोरेन से पहले महागठबंधन के विधायक राजभवन पहुंचे थे लेकिन महागठबंधन के पांच मिनट के बाद ही बाहर कर दिया गया। सभी विधायक राजभवन के बाहर हंगामा कर रहे हैं। वे मांग कर रहे हैं कि चंपई सोरेन को बुधवार रात में ही मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी जाए।

जमीन फर्जीवाड़ा मामले में इससे पूर्व 20 जनवरी को मुख्यमंत्री से ईडी ने करीब सात घंटे पूछताछ की थी।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी की तरफ से आठवीं बार समन जारी किया गया था। ईडी के अधिकारियों ने उन्हें समय और तारीख दोनों बताने का ऑफर दिया था, ताकि उनसे पूछताछ की जा सके। मुख्यमंत्री ने आठवां समन भेजे जाने के बाद पूछताछ के लिए सहमति दी थी। इसके बाद ईडी ने जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए तिथि, समय और स्थान बताने को कहा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 31 जनवरी को पूछताछ के लिए सहमति दी थी। ईडी ने 29 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की थी। करीब 13 घंटे चली इस छापेमारी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास से बीएमडब्ल्यू कार और 35 लाख रुपये नकद सहित दस्तावेज बरामद किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### तलाशी अभियान में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा के मागम जंगल के पास चेरामुंजी में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बुधवार को हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि कुपवाड़ा के मागम के पास चेरामुंजी में बुधवार को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक विशेष सूचना के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान 9 यूबीजीएल गोले, 4 आईईडी रिसीवर, उनके मूल कारखाने की पैकेजिंग में रखे गए 30 वाणिज्यिक ग्रेड डेटोनेटर, एके-47 के 138 राउंड, 7 राउड स्नाइपर राइफल, एके 47 के खाली राउंड और 9 मिमी पिस्तौल की 4 मैगज़ीन बरामद की गई है। सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान जारी रखा हुआ है।

### उडी में गहरी खाई में गिरा वाहन, सात यात्रियों की मौत

**बारामूला।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उडी इलाके में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से सात यात्रियों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर बुजथलन ततमुल्ला उडी में एक वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर होने के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया है। बर्फबारी के कारण सड़क फिसलन भरी हो गई है। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए जीएमसी बारामूला ले जाया गया है।

### प्राइमरी स्कूलों में बिना टीईटी शिक्षकों की प्रोन्नति नहीं

**लखनऊ।** बेसिक स्कूलों के सहायक अध्यापक यदि शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी पास नहीं हैं तो उनका प्रमोशन नहीं होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई यानि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले।

### मोदी का गुणगान था राष्ट्रपति का अभिभाषण : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बुधवार को राष्ट्रपति का भाषण केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की प्रशंसा के बारे में था। उन्होंने रोजगार, दलित, वंचित और आदिवासी के हितों के बारे में कोई बात नहीं की। खड़गे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद एक वीडियो संदेश में कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में रोजगार के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा गया। उन्होंने सिर्फ मोदी सरकार की तारीफ की है। ये एक प्रोपेगंडा था। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर आज भाषण दिया।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में पेश करेंगी केन्द्रीय अंतरिम बजट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी और सीतारमण का छठा बजट होगा। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस बार के अंतरिम बजट में कई बड़े ऐलान होने के कयास हैं।



वित्त मंत्री ने हाल ही में लोकसभा चुनाव से पेश होने वाले इस अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा से इनकार किया था। सीतारमण ने कहा था कि चुनाव से पहले सिर्फ लेखानुदान पेश होगा। संसद में पारित होने के बाद लेखानुदान से सरकार को अप्रैल-जुलाई अवधि के व्यय को पूरा करने के लिए देश की संचित निधि से आनुपातिक आधार पर राशि निकालने की अनुमति होगी। चुनाव के बाद नई सरकार जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट लेकर आएगी। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2024 को छठी बार अपना बजट भाषण पढ़ेंगी। गुरुवार को सुबह 8:15 बजे बजट टीम के साथ फोटो सेशन होगा। सुबह 8.45 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाक़ात के बाद वित्त मंत्री 9.15 बजे संसद भवन पहुंचेंगी। सुबह 10 बजे कैबिनेट की बैठक होगी, जिसके बाद वित्त मंत्री सुबह 11 बजे सदन में बजट पेश करेंगी।

### अजमेर दरगाह क्षेत्र से दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार

**अजमेर।** राजस्थान पुलिस ने अजमेर दरगाह क्षेत्र में फर्जी परिचय पत्र के आधार पर किराए पर रह रहे दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पहले भी फर्जी तरीके से भारत में आ चुके हैं। दोनों पिछले दो महीने से अजमेर में व्यवसाय कर रहे थे। अजमेर दरगाह थाने के पुलिस निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि फर्जी आईडी में दोनों ने अपने नाम नाहिद शेख और नादिया शेख लिखवा रखे हैं। युवती का असली नाम महमूद अख्तर (30) और युवक का असली नाम नाहिद हुसैन (21) है। दोनों भाई-बहन हैं। दोनों के फर्जी आधार कार्ड में पश्चिम बंगाल के 24 परगना का जिक्र है।

# प्रशांत कुमार यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी

▸ 300 से ज्यादा कर चुके हैं एनकाउंटर आईपीएस प्रशांत

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को अपना नया मुखिया मिल गया। 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार को नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। वह विजय कुमार की जगह लेंगे। विजय कुमार का कार्यकाल आज यानी 31 जनवरी को खत्म हो रहा है।

अभी प्रशांत कुमार लॉ एंड ऑर्डर के पद पर हैं। उनकी गिनती सीएम योगी के भरोसेमंद अफसर में होती है। मई-2025 यानी प्रशांत कुमार का



कार्यकाल 16 महीने का है। वह आज शाम 4 बजे के डीजीपी का चार्ज ले सकते हैं। प्रशांत कुमार यूपी पुलिस के चौथे कार्यवाहक डीजीपी हैं। इस बार भी यूपी पुलिस को स्थायी डीजीपी नहीं मिला है।

आईपीएस की सीनियारिटी लिस्ट में प्रशांत कुमार 19वें नंबर पर हैं। यानी प्रदेश में 18 आईपीएस उनसे सीनियर बैच के हैं। कार्यवाहक डीजीपी की रेस में आंनद कुमार, पीवी रामा शास्त्री का भी नाम था। हालांकि, प्रशांत कुमार आगे निकल गए। प्रशांत कुमार अब तक 300 से ज्यादा एनकाउंटर कर चुके हैं। लखीमपुर हिंसा, कानपुर दंगा हो या फिर अयोध्या राम मंदिर में उमड़ी भीड़। सभी मोर्चों पर प्रशांत कुमार को भेजा गया। यही नहीं, यूपी में संजीव जीवा, कग्गा, मुकीम काला, सुशील मूंछ, अनिल दुजाना, सुंदर भाटी, विक्की त्यागी, साबिर गैंग का आतंक का भी खात्मा किया। प्रशांत कुमार यूपी पुलिस के चौथे कार्यवाहक डीजीपी हैं। उत्तर प्रदेश के आखिरी स्थायी डीजीपी मुकुल गोयल थे, जिन्हें शासन ने 11 मई 2022 को पद से हटा दिया था।

# सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा, नौ के खिलाफ केस दर्ज

**समृद्धि न्यूज**

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हाल ही में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समाज कल्याण विभाग के सहायक विकास अधिकारी एवं आठ लाभार्थियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

मामले के मुताबिक गत 25 जनवरी को मनियर इंटर कॉलेज में हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कई ऐसे लोगों की शादी करायी गयी जो पहले से ही शादीशुदा थे। मनियर थाने के प्रभारी मंतोष सिंह ने बुधवार को बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव की तहरीर पर मंगलवार की रात सहायक विकास



अधिकारी सुनील यादव और आठ लाभार्थियों अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, प्रियंका, सोनम, पूजा, संजू और रमिता के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव ने अपनी तहरीर में कहा है कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत मनियर इंटर कॉलेज में गत 25 जनवरी को सामूहिक विवाह सम्पन्न होने के बाद फर्जी वर-वधुओं के विवाह होने का मामला सामने आने पर मुख्य विकास अधिकारी ने 29 जनवरी को मामले की जांच के आदेश दिये थे।

सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की एक समिति गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि मानिकापुर गांव की अर्चना की शादी जून 2023 को ही हो चुकी थी। इसके अलावा रंजना यादव और सुमन चौहान की शादी मार्च 2023 में, प्रियंका की शादी नवम्बर 2023 में, पूजा की शादी एक वर्ष पहले, संजू की शादी तीन वर्ष पहले और रमिता की शादी जुलाई 2023 में ही हो चुकी थी।

### पीएचसी निर्माण में अनियमितता, डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान

**लखनऊ।** उन्नाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण में अनियमितता का बीते दिनों सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। इसका संज्ञान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिये हैं। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय के विभागीय अभियन्त्रण इकाई के अधीक्षण अभियन्ता और दो अन्य अधिकारियों की संयुक्त कमेटी गठित की गई है। प्रकरण की एक सप्ताह में जांच पूरी करनी होगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पताल के निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही व अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आरोपों की जांच कराई जा रही है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### फिर करवट लेगा मौसम प्रदेश में बारिश की संभावना

**कानपुर।** पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग का कहना है कि दो पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं। पहले की वजह से एक फरवरी को बारिश के आसार हैं तो वहीं दूसरे के चलते चार और पांच फरवरी को बारिश होगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान दो पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ेंगे। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर देशांतर 64 पूर्व और 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के साथ एक गर्त के रूप में देखा जा रहा है।

# तबादला : योगी सरकार ने कई अधिकारियों को किया इधर से उधर

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए अधिकारियों की पोस्टिंग और तबादला किया है। आईएस विनोद कुमार जहां यथावत विशेष सचिव बने रहेंगे तो वहीं आईएएस पवन गंगवार, सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण को यूपी का नया राज्य संपत्ति अधिकारी बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त पीसीएस दिनेश कुमार जो कि सिटी मजिस्ट्रेट जालौन के पद पर तैनात थे उनको एडीएम एफआर गाजीपुर बनाया गया है। इसके अलावा पीसीएस उपजिलाधिकारी




बिजनौर संजय कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट फर्रूखाबाद बनाया गया है तो वहीं पीसीएस अरविंद कुमार द्विवेदी जो कि सिटी मैजिस्ट्रेट अयोध्या थे को सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, मथुरा बनाया गया है। वहीं पीसीएस राजेश कुमार जो कि मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण में सचिव के पद पर थे उनको एडीएम एलडी गाजियाबाद बनाया गया है।

# रिश्वत लेने के आरोप में ईपीएफओ अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार

▸ सीबीआई के समक्ष पेश किए जाएंगे सभी आरोपी

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 8 लाख रुपये रिश्वत मामले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीबीआई ने एक सहायक भविष्य निधि आयुक्त (एपीएफसी) और ईपीएफओ, लखनऊ के एक प्रवर्तन अधिकारी और एक निजी व्यक्ति (बिचौलिए) को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों के नाम ज्ञानेंद्र कुमार, सहायक आयुक्त, ईपीएफओ, पुनीत सिंह, निरीक्षकध्प्रवर्तन अधिकारी, ईपीएफओ, और मनीष सिंह, सलाहकार हैं। इनपर एक कंपनी पर कर नहीं लगाने के बदले 12 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। मिली जानकारी के अनुसार रिश्वत मांगने की शिकायत पर सीबीआई अधिकारियों ने एक प्लान बनाया। जिसके मुताबिक आरोपियों को पीड़ित से 8 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

बताया जा रहा है कि बिचौलिए मनीष सिंह के माध्यम से ये रुपया कथित तौर पर सहायक भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ, लखनऊ के लिए लिया जा रहा था। इस मामले में सहायक भविष्य निधि आयुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष न्यायाधीश सीबीआई के समक्ष पेश किया जाएगा।

**संबोधन** राष्ट्रपति मुर्मु ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

# मंदिर की मुराद हुई पूरी, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए आज कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नये आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनायी और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई।

श्रीमती मुर्मु ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़



रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाये गये कदमों और उनके फायदों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है। नये संसद भवन में पहली बार पहुंची राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरूआत नये भवन की प्रशंसा के साथ करते हुए कहा, यहां एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक भी है। भारत की सभ्यता और संस्कृति की चेतना भी है। राष्ट्रपति ने संयुक्त अधिवेशन के लिए लोकसभा में प्रवेश किया तो उनके आगे एक संसद कर्मी पवित्र सेंगोल लेकर चल रहा था। मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा, सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे अनेक पड़ाव आयें हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं।

### हुड़दंग करने वाले सांसद करें आत्मनिरीक्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा संसद के सत्र के दौरान सदनों में हुड़दंग कर लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले सांसदों को अपने व्यवहार को लेकर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने बजट सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था, और वो फैसला था- नारी शक्ति वंदन अधिनियम। और उसके बाद 26 जनवरी को भी हमने देखा, किस प्रकार से देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य को, नारी शक्ति के शौर्य को, नारी शक्ति के संकल्प की शक्ति को अनुभव किया। आज बजट सत्र का आरंभ हो रहा है, तब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा अंतरिम बजट एक प्रकार से ये नारी शक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

# दबंगों ने की सपा कार्यकर्ता की हत्या, भतीजा घायल

- नामजद 10 लोगों पर हत्या की धाराओं समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज
- 3 महीने के अंदर दो जवान बेटों की मौत से मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है



**उचौलीय खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव मुस्तफाबाद निवासी एक व्यक्ति की दबंगों ने लाठी डंडे और बांके से हमला कर हत्या कर दी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय लखीमपुर भेजा गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए पसगवां सीएचसी भेजा जहां पर हालत गंभीर होने के कारण परिजन उसे शाहजहांपुर लेकर गए। शुभम सिंह पुत्र अखिलेश ने पुलिस को बताया है कि 31 जनवरी की सुबह तड़के 2:00 बजे वह और उसके चाचा रमेश यादव पुत्र सोहन निवासी मुस्तफाबाद अजबापुर चीनी मिल से गन्ना तुलवाकर ट्रैक्टर ट्राली से वापस घर आ रहे थे।

तभी वीरेंद्र सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ढढेल के खेत के सामने नहर पुल के पास पहुंचे तो हरेंद्र, सत्येंद्र, कमलेश, राजीव ,पुत्रगण मिलाप, राजपाल नेत्रपाल पुत्र कमलेश लाऊ पुत्र राजेंद्र आदेश पुत्र धनपाल निवासी ढढेल, बलवीर पुत्र तुलसीराम निवासी मुस्तफाबाद रतीश पुत्र सुंदर निवासी हुसैनपुर ने मेरे ट्रैक्टर ट्राली के आगे अपना ट्रैक्टर लगा लगाकर रोक लिया और सभी लोग अपने हाथों में लाठी डंडा और बांका भाला लेकर हमें और मेरे चाचा रमेश यादव को पीटने लगे जिसके कारण मेरे चाचा रमेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपियों ने मृतक के पड़ोसी रामकुमार के मोबाइल पर फोन करके बताया कि हम लोगों ने दोनों लोगों को मार दिया है मौके पर जाकर लाश को उठा लो। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया और मृतक की माता और पत्नी बच्चे दहाड़े मार मार कर रो रहे थे।

चार भाइयों मृतक रमेश यादव अखिलेश, राजकुमार, राजेश, रमेश में रमेश यादव सबसे छोटा था अभी लगभग 3 महीने पहले ही कैंसर से एक भाई राजेश की मौत हो चुकी थी। रमेश का विवाह सन 2016 में हुआ था और उसके दो बच्चे हैं।

बेटी छाया उम्र लगभग 6 वर्ष बेटा रूपेश उम्र लगभग चार वर्ष है। 3 महीने के अंदर दो बेटे की मौत होने से मृतक की मां लक्ष्मी का रो रो कर बुरा हाल। 3 महीने के अंदर दो जवान बेटों की मौत से मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है हर कोई उनका करुण क्रंदन देख कर भावुक हो गया।

मृतक रमेश यादव समाजवादी युवजन सभा मोहम्मदी विधानसभा से विधानसभा उपाध्यक्ष भी था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक लखीमपुर गणेश प्रसाद साहा भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। थाना उचौलिया में घटना से संबंधित 10 नामजद लोगों पर हत्या की धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उचौलिया पुलिस की लापरवाही आई सामने

मृतक रमेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने दबंगों पर कार्यवाही करने के बजाए शान्ति भंग की धाराओं में चालान कर दिया था। रमेश ने पुलिस से हत्या की बात कही थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और सपा नेता रमेश सिंह यादव की हत्या कर दी गई है। मृतक की पत्नी ने बताया कि मेरे पति ने पहले ही उचौलिया पुलिस को बताया था की उसकी हत्या कर दी जाएगी और पुलिस से सुरक्षा भी मांगी थी। लेकिन उचौलिया पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और मेरे पति की हत्या कर दी गई है। रात में जब उचौलिया थाना पर तैनात एक आरक्षी को फोन कर घटना के बारे में बताया तो उधर से जबाव आया वह मेरा हल्का नहीं है।



## स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की दिलाई शपथ

**बिजुआ खीरी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पडरिया तुला में पीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने किया। क्षेत्र को कुष्ठ रोग से मुक्त करने के लिए कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। कुष्ठ निवारण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पीएचसी अधीक्षक ने कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 13 फरवरी तक अभियान चलेगा। इसमें कुष्ठ विभाग के कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता लोगों को इस बीमारी के बारे में जानकारी देंगे तथा लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। इस दौरान पीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार, फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह, वार्ड ब्याय मनीष कुमार, आशा संगिनी राजेश्वरी देवी,आशा कमला देवी,मधु देवी,रजनी देवी,पिंकी देवी,माधुरी देवी,अशोक चौधरी, आकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैगलगंज पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अलग अलग गांवों से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें रंगीशी, पप्पू, दीपू सिंह, जय सिंह व संजय गुप्ता निवासीगण औरंगाबाद, मेहंदी निवासी हेमपुर टांडा व सुरेश निवासी सदरपुर कोतवाली मैगलगंज को पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में औरंगाबाद चौकी प्रभारी अनूप मिश्रा समेत आरक्षी जीशान अली, विवेक वर्मा, प्रदीप सरोज व अजय कुमार शामिल रहे।

## शशांक शुक्ला अध्यक्ष तो अम्बरीष वर्मा बने मंत्री

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र.लेखपाल संघ की शाखा लखीमपुर के निर्देश पर धौरहरा लेखपाल संघ की कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार को तहसील के सभागार में चुनाव अधिकारी मनोज शुक्ला व निर्भय की देख रेख में सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 54 मत पड़े। जिसमे अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार शशांक शेखर शुक्ला तो वही मंत्री पद पर दूसरी बार अम्बरीष वर्मा ने जीत दर्ज की।




मंगलवार को लेखपाल संघ की धौरहरा कार्यकारिणी का चुनाव तहसील के सभागार में चुनाव अधिकारी मनोज शुक्ला व निर्भय की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए शशांक शेखर शुक्ला व अतुल बाजपेई ने दावेदारी पेश की जिसमे शशांक शेखर शुक्ला ने 14 वोट से अतुल बाजपेई को पराजित किया जिसमे शशांक को 34 व अतुल बाजपेई को 20 वोट मिले। मंत्री पद पर अम्बरीष वर्मा ने 1 वोट से जीत दर्ज की जिसमे अंबरीष को 27 व योगेश भार्गव को 26 वोट मिले। वही कोषाध्यक्ष पद पर अंकित को 31 व सर्वेश को 23 वोट मिले, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव अवस्थी को 29 व चंद्र प्रकाश को 24 वोट मिले। ऑडिटर पद पर उमाशंकर गुप्ता को 32 व प्रतीश उपाध्याय को 21 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सचिन मौर्य व उपमंत्री पद पर शैलेन्द्र दीक्षित निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

## बल्लोपुर में मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में रासलीला का आयोजन

**सूरतगंज बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

कुड़वा बल्लेपुर गांव स्थित पंचमुखी बालाजी मन्दिर प्रांगण में चल रहे शिवलिंग स्वरुप मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में आयोजित हो रहे रासलीला में राजा हरिश्चंद्र के जीवन चित्रण का सजीव मंचन किया गया। यह मंचन देख सभी श्रोता भावुक हो गए। मंगलवार की रात वृंदावन से आए शिवराज शर्मा मंडली के कलाकारों ने प्रस्तुति में दिखाया कि इक्ष्वांकु वंश के प्रतापी महाराज राजा हरिश्चंद्र की ओर से यज्ञ की जाती है, यज्ञ के प्रभाव से देवताओं का सिंहासन भी हिलने लगता है। देवताओं को भय होता है। तो सभी देवता विश्वामित्र को राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा लेने के लिए भेजते हैं। इसके उपरांत वह सपने में राजा हरिश्चंद्र से उनका धन-वैभव और राज्य दान में मांग लेते हैं। सपने में दिए गए वचन को निभाते हुए राजा हरिश्चंद्र पत्नी तारामति और पुत्र रोहिताश्व के साथ काशी आते हैं।धन कमाने के लिए वे स्वयं को डोमराजा के हाथों बेच देते हैं। एक रात उनकी पत्नी उनके पुत्र की मृत देह लेकर पहुंचती है और वह उससे भी कर की मांग करते हैं। ये दृश्य देखकर देवता भी विस्मित रह जाते हैं। कर लेने के बाद जैसे ही वह अपने पुत्र को जल में प्रवाहित करने जाती हैं तभी देवलोक से पुष्प वर्षा होने लगती है।

इसके साथ ही नाटक का पर्दा गिर जाता है। दृश्य देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर महामंडलेश्वर कांता दास व राघवदास महाराज, अवधेश दास, आचार्य रामनरेश शास्त्री, रामू शुक्ला, विजय शुक्ला, ज्ञानू शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर ओवरलोड होकर दौड़ रहे वाहन हादसों को दे रहे दावत

**बांकेगंज खीरी।** लखीमपुर खीरी क्षेत्र बांकेगंज में ओवरलोड डग्गामार वाहनों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के चलते लोग काल के गाल में समा रहे हैं। इसके बावजूद लोग जल्दी गंतव्य तक पहुंचने के लिए जान जोखिम में डाल कर सफर कर रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। जिससे ओवरलोड डग्गामार वाहनों पर रोक नहीं लग पा रही है। बता दे बांकेगंज गोला मार्ग पर सैकड़ो ट्रैक्टर ट्राली एवं ट्रक ओवरलोड गन्ना भरकर गोला मिल को जाते हैं। इतना ही नहीं ट्रैक्टर से दो ट्राली जोड़कर सड़क पर दौड़ते नजर आते हैं। वहीं कस्ता से चलकर गोला बांकेगंज के रास्ते कुकरा को जाने वाली डग्गामार बसें धड़ल्ले से सड़क पर फर्राटे भरती नजर आ रही है।

## खबरें एक नजर में

### इनर व्हील क्लब ने ट्रैक्टर और ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाए



**लखीमपुर खीरी।** अंधेरे और कोहरे से हो रही दुर्घटनाओ को रोकने को लेकर इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नव दिशा ने शहर से गुजरने वाली हर ट्रक ट्राली में रेडियम लगाने का काम किया। ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एल आर पी चौराहे पे ट्रक, ट्रालियों को रोक कर उसमे रेडियम लगाई। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता, कोषाध्यक्ष सरिता सिंह, आई. एस.ओ नीतू अग्रवाल, पास्ट प्रेसीडेंट शालिनी गुप्ता, पास्ट प्रेसीडेंट विभा सक्सेना, पास्ट प्रेसीडेंट विभा श्रीवास्तव और मीनू गुप्ता मौजूद रही।

### पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की पुण्यतिथि तीन फरवरी को

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विधानसभा हैदरगढ़ के पूर्व विधायक एवं जमीनी नेता के नाम से विख्यात रहे स्मृति शेष पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ग्राम्यांचल महाविद्यालय के स्मृति उपवन में आगामी 3 फरवरी को किया जा रहा है। उक्त जानकारी उनके सुपुत्र एवं ग्राम्यांचल सेवा समिति से जुड़े सिद्धार्थ अवस्थी ने दी।

### निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का किया अवलोकन



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने आज ब्लॉक बंकी स्थित श्रीराम वनकुटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित 43वें विशाल निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर पहुंचकर, दूरस्थ अंचलों एवं पड़ोसी जनपदों के मरीजों और उनकी सेवा में विभिन्न देशों से पधारे शल्य चिकित्सकों से संवाद स्थापित कर मरीजों एवं चिकित्सकों को शुभकामनाएं दीं तथा ऑपरेशन शिविर की सफलता की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार यादव भी थे।

### दिव्यांगजनों को विधायक ने वितरित किए उपकरण



**बाराबंकी।** दिव्यांगजनों में असीम प्रतिभाएं होती हैं वे दया के पात्र नही हैं, उन्हें अवसर मिले तो वे भी अपनी प्रतिभाओं से समाज मे अपनी पहचान बना सकते हैं। यह उदगार क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप सिंह ने दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा फतेहपुर विकासखंड परिसर में उपकरण वितरण करते हुए व्यक्त किये। इस उपकरण वितरण कार्यक्रम में 144 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल छह को व्हील चेयर पांच दिव्यांगजनों को कान की मशीन चार दिव्यांगों को स्मार्ट केन एवं 25 दिव्यांगजनों को बैशाखी वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक के साथ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी व फतेहपुर ब्लॉक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी ने भी दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल पर बैठाकर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## वाहन की टक्कर से कार खाई में गिरी, साले-बहनोई घायल

- घायल को सीएचसी में कराया भर्ती

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार की देर शाम को मसौली चौराहा से खाना खाकर कार से घर को लौटते समय भयारा रोड़ पर अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से कार खाई में जा गिरी ।जिसकी चपेट में आने से कार में सवार साले और बहनोई घायल हो गए। मसौली पुलिस ने सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई थी।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अन्खा निवासी रोहित पुत्र रामनरेश 24 वर्षीय अपने बहनोई के साथ मंगलवार की देर शाम करीब 9 बजे मसौली चौराहे के ढाबे से खाना खा कर लौटते समय भयारा रोड़ पर रफी मेमोरियल इण्टर कालेज के सामने अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार खाई में गिरी।जिसकी चपेट में कार सवार साले बहनोई दोनों घायल हो गए है। मसौली पुलिस ने घायलों को ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई थी। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। दूसरी घटना बाराबंकी रामनगर हाईवे पर देहेजिया मोड़ के निकट एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से घायल हो गया। मसौली पुलिस ने घायल को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भिरापुरवा निवासी अवधेश कुमार पुत्र सत्रुधन प्रसाद 55 वर्षीय बाइक से बाराबंकी की ओर जा रहे थे कि बाराबंकी रामनगर हाईवे के देहेजिया मोड़ के निकट पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अवधेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। मसौली पुलिस ने सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद के सतबरपुर ग्राम में चल रही चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रधान जमीन हुसैनाबाद जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू द्वारा खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण व इनाम की धनराशि प्रदान की गई। फाइनल मुकाबला जमीन हुसैनाबाद और गेरावा के बीच खेला गया। जिसमें गेरावा की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट होकर 245 रन बनाए जवाब में खेलने उतरी जमीन हुसैनाबाद टीम के खिलाड़ियों ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर 248 रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शादाब को और मैन ऑफ द सीरीज विजय को दी गई।

## दो लाख के माल सहित गौरीफंटा बार्डर पर दो महिलाएं गिरफ्तार



**पलिया, खीरी।** इंडो नेपाल के गौरीफंटा बार्डर पर सुरक्षा एजेंसियां द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बुधवार को सुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो महिलाएं तस्करी का माल लेकर सीमा पार करने की फिराक में है।

फौरन सुरक्षा बलों ने पिलर संख्या 753 पर घात लगाए बैठी थी। कुछ ही देर में दो महिलाएं प्लास्टिक की बोरियों में करीब दो लाख का माल भरकर सीमा पार करने ही वाली थी की सीमा सुरक्षा बलों ने धर दबोचा। पूछ-ताछ में महिला कैरियर ने बताया सीमा से जुड़ी पास की दुकानों से तस्करी का माल नेपाल भेजा जाता है जिसको लेकर पार करने के लिए महिलाओं को पैसों का लालच देकर इस अवैध धंधे को अजाम दिया जाता है।

तस्करी के माल के साथ पकडी गई महिलाओं ने अपना नाम बिशना भट्ट, सरस्वती बोहरा बताया है। तस्करी के माल का सीजर बनाकर सुपुर्द कर दिया। इस कार्यवाही को अंजाम देने वाले टीम में गौरीफंटा एस एस बी पार्टी कमांडर उपनिरीक्षक केबल सिंह,मु आ. दिनेश कुमार आदि ने मौजूद रहे।



## प्रधानों ने बीडीओ को दी भावभीनी विदाई

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक का स्थानांतरण होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष की अगुवाई में प्रधानों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर विदाई दी। बुधवार को विकास खंड सिरौलीगौसपुर में तैनात बीडीओ को हरख ब्लाक में स्थानांतरण होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा ने प्रधानों के साथ विदाई दिया। वहीं नवागत प्रभारी बीडीओ बनाई गई उपजिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सिरौलीगौसपुर नेहा ब्याडवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बीडीओ का चार्ज संभालने के बाद प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने विकास खंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह एवं सभी पंचायत सचिवों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ल,रविन्द्र अवस्थी, हाजी मुस्ताक, मसूद रियाज, कुशमेश, जसवंत यादव, केदारनाथ वर्मा, चन्द्रभान रावत, स्वतन्त्र सिंह, आदि लोग मौजूद रहे। इस क्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवागत एसडीएम नेहा ब्याडवाल का बुकें देकर स्वागत किया।

## मांगें पूरी न होने के चलते हड़ताल पर बैठे हजारों कर्मचारी, जिले में मनरेगा कार्य हुआ ठप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 4 अक्तूबर 2021 को मनरेगा कर्मियों के सम्बंध मे कई घोषणाएं की गई थी परन्तु उत्तर प्रदेश शासन स्तर से लागू नहीं किए जाने के कारण व लगभग 9 माह से वेतन न मिलने के कारण जनपद के समस्त मनरेगा कार्मिक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक व कम्प्यूटर आपरेटर विगत 30 जनवरी से हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके कारण जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों मे मनरेगा का कार्य ठप हो गया है। वेतन न मिलने के कारण मनरेगा कार्मिकों के परिवारों पर आर्थिक संकट आ गया है। मजदूरों ने बताया कि उनको कोई काम नही मिल पा रहा है जिसके चलते प्रदेश के मुख्य तराई जनपद के मजदूर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। जनपद मे हड़ताल से पहले 28 हजार मजदूर मनरेगा का काम कर रहे थे। मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से जनपद के हजारों मजदूर परिवारों की ढाई माह की मजदूरी बकाया है, वही सामग्री पर 68 करोड़ बकाया है, मजदूर परिवारों की मजदूरी बकाया होने से मजदूरों पर भूखमरी की स्थिति बन रही है।

## स्व. राजीव कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मंत्री स्व0 राजा राजीव कुमार सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि उनके हड़हा आवास पर मनाई गई। जिसमें उनके हजारों समर्थकों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर राजा राजीव कुमार सिंह के पुत्र राजा रितेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के सैकड़ो गरीब असहाय लोगों को कंबल भी वितरित किए। स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से लोगों का हुजूम उमड़ा। इस मौके पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी कविता पाठ किया। बुधवार को हड़हा गांव में पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर राजा रितेश सिंह रिकू भैया के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने हड़हा पहुंचकर स्वर्गीय स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभा में पहुंचे लोगों ने स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह के क्षेत्र में किए गए कार्यों का बखान करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर आदेश जैन ,कलाम प्रधान,सोनू सिंह, विनोद सिंह मोहित सिंह हस्सू मियां, सुहेल मियां सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**बयान**

### चयनित अभ्यर्थियों को मिलेगा 8 हजार वेतन

## 229 लोगों को मिला रोजगार राज्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

उप्र कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड बनीकोडर के परिसर में खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें 229 लोगों का चयन विभिन्न कम्पनियों, संस्थानों में हुआ है। इस रोजगार मेले में हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई/डिप्लोमा, स्नातक/ परास्नातक एवं कौशल विकास उत्तीर्ण योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निजी क्षेत्र की 15 विभिन्न कम्पनियों ने रोजगार मेले में साक्षात्कार/परीक्षा के माध्यम से तकनीकी तथा गैर तकनीकी पदों हेतु कुल 510 अभ्यर्थियों में से 229 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसाद विभाग के राज्यमंत्री सतीष चन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख चन्द्र शेखर वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मण्डल अध्यक्ष विवेक तिवारी के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा चयनित प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी, उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक, उप्र कौशल विकास मिशन, सुनील कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी देवव्रत कुमार, अपर संख्यकीय अधिकारी सुनील कुमार, जिला कौशल प्रबन्धक ब्रजेश कुमार, एवं अँजेश शुक्ला, कार्यालय सहायक अनुज कुमार एवं अन्य कर्मचारी मेले में उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षक अखिलेश वर्मा द्वारा किया गया। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई उत्तीर्ण, डिप्लोमाधारक एवं स्नातक और कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थी जिनकी आयु 18-45 वर्ष है ऐसे अभ्यर्थी रोजगार मेलें में प्रतिभाग कर सकते हैं।




चयनित अभ्यर्थियों को रुपये 8000/-से रुपये 15000/- प्रतिमाह वेतन के रुप में सम्बन्धित कम्पनियों द्वारा भुगतान किया जायेगा। अगला रोजगार मेला आज को विकासखण्ड दरियाबाद परिसर में आयोजित किया जायेगा।

# भाजपा के दारा सिंह चौहान ने ली विधान परिषद सदस्य पद की शपथ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य पद पर निर्वाचित बीजेपी के उम्मीदवार दारा सिंह चौहान ने आज विधान परिषद सदस्य पद की शपथ ली। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर नेता सदन विधानपरिषद और उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री जेपीएस राठौर तथा कई बीजेपी के लीडर और विधान परिषद के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। दारा सिंह चौहान आज से उच्च सदन के सदस्य बन गए हैं। दारा सिंह चौहान समाजवादी पार्टी छोड़ बीजेपी में शामिल हुए थे।घोसी विधानसभा सीट से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन की थी। उनके इस्तीफे से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव हुआ जिसमें उन्हें ही बीजेपी ने मैदान में उतारा लेकिन पराजित हो गए थे।

### दारा सिंह चौहान को मिला चारों सदनों का सदस्य रहने का सौभाग्य



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान के विधान परिषद सदस्य पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान दारासिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि श्री चौहान ऐसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्हें चारों सदनों का सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त है। दारा सिंह चौहान लोकसभा सदस्य भी रहे हैं, राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। विधायक भी रहे और आज विधानपरिषद की सदस्यता भी मिल गई है। ये अनुभवी जनप्रतिनिधि हैं। इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। श्री मौर्य ने कहा कि हमारे नेता और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधानपरिषद का सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त है। राजस्थान के गवर्नर कलराज मिश्र जी भी इन चारों सदनों में रह चुके हैं। ऐसा सौभाग्य बहुत कम नेताओं को मिल पाता है। आज दारा सिंह चौहान भी उसी कड़ी में जुड़ गए हैं।

# दिव्यांगों को हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार के अवसर किए जाएं प्रदान

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण व पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री ने कार्यालय में की विभागीय समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

**▸ पिछड़े व दिव्यांगों की समस्याओं को त्वरित करें निस्तारित**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने निर्देश दिया कि पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाय।

योजनाओं में आवेदन से लेकर लाभ प्राप्त करने तक की प्रक्रिया में पात्र लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने निर्देशित किया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के अधिकारी एवं कर्मचारी पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों के हितों के प्रति ध्यान में रखते हुए पूरी लगन एवं ईमानदारी से कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप बुधवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

दिव्यांगजनों को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर प्रदान किये जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के क्रियाकलापों एवं सुविधाओं को प्रदर्शित किया जाय। इसके साथ ही दिव्यांगजनो को अपनी हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सफल हो चुके दिव्यांगजनों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाय। बैठक में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिक से अधिक पात्र लोगों को दिया जाए लाभ

उन्होंने पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना की समीक्षा की और निर्देश दिए कि योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ दिया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रावासों के मरम्मत का कार्य को तीव्र गति से मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में दिव्यांगजनों की समस्याओं का पूरा ध्यान रखा जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में दिव्यांगजन छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण का प्रस्ताव भेजा जाय। दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय।

## खबरें एक नजर में

### मोदी सरकार ने जनमानस के लिए कुछ नहीं किया : रालोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट से पूर्व कहा कि लोकसभा चुनाव पूर्व यह सरकार का आखिरी चुनावी बजट होगा क्योंकि इसके बाद भाजपा सत्ता से बाहर होने वाली है। सरकार देश के मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से पूर्व वही पुराना जुमला दोहराएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था चरमरा गयी है। देश के किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के लिए कोई लक्ष्य नहीं है और न ही उनके लिए बजट में कोई गुंजाइश होगी। 10 साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कुछ चंद उद्योगपतियों को छोड़कर आम जनमानस के लिए कुछ नहीं किया इसलिए यह उनका आखिरी अन्तरिम बजट होगा क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को बुरी तरह हार का सामना करना पडेगा। जिस प्रकार पिछले बजटों में उन्होंने जनता को झुनझुना थमा दिया उसी तरह आने वाले बजट में भी ऐसा ही होगा क्योंकि इनकी नीयत साफनहीं है।श्री अग्रवाल ने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज जनता को भाजपा सरकार से बजट में कोई उम्मीद नहीं है। जनता समझ चुकी है जब 10 साल में कुछ नहीं दिया तो चुनावी बजट होने पर सरकार कौन से रोजगार सृजन के लिए बजट प्रस्तुत करने जा रही है। 2014 के अगर वादे याद करें तो 100 स्मार्ट सिटी, 2 करोड़ रोजगार तरह तरह के प्रलोभन दिए थे लेकिन सब जुमले ही निकले।

### रोजगार मेले में 205 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में शिशिक्षु,रोजगार मेले का उद्घाटन राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने किया।उन्होंने अपने सम्बोधन में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।एम ए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि मेले में आमंत्रित12 कम्पनियों में 205 अभ्यर्थियों को रूपये 10,000 से 27,000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये।

### आईपीएस के मध्य पूर्व जोनल चैप्टर का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी, नई दिल्ली के मध्य पूर्व जोनल चैप्टर का आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में 31 जनवरी को डॉ. आर. विश्वनाथन, निदेशक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश सिंह, पीसी (गन्ना) जोनल अध्यक्ष, डॉ. संजय गोस्वामी, वैज्ञानिक एवं जोनल काउन्सलर भी उपस्थित थे। मध्य पूर्व जोनल चौप्टर के अंतर्गत एम.जे. नरसिम्हन (एमजेएन) मेरिट एकेडमिक अवार्ड और एपीएस–आईपीएस ट्रैवल ग्रांट हेतु प्रतियोगियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 4 छात्र शामिल हुए, जिनमें से तीन ने एमजेएन प्रतियोगिता में और एक ने एपीएस–आईपीएस ट्रैवल अनुदान में भाग लिया। इनमें से दो छात्र अजिता सिंह और वीरेश डी.ए. को राष्ट्रीय स्तर की एमजेएन प्रतियोगिता के लिए अनुशंसित किया गया, जबकि मानसी मिश्रा को एपीएस–आईपीएस ट्रैवल ग्रांट के लिए अनुशंसित किया गया।

### नगर निगम के 30 लिपिक और चार मोहर्रिर पदोन्नत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के आने के बाद से कर्मचारियों की काफी मांगों का निस्तारण किया जा रहा है। बकाए भुगतान के बाद अब थोक भाव में लिपिक और मोहर्रिर की पदोन्नति की गई है। इनमें कई कर्मचारी नेता भी पदोन्नत हुए है। आदेश के तहत तीस लिपिक को प्रथम श्रेणी लिपिक और चार मोहर्रिर को निरीक्षक श्रेणी दो के पद पर पदोन्नति दी गई है। निगम द्वारा जारी ज्ञाप में सिब्ते रजा रिजवी स्लॉटर हाउस मोहर्रिर, रमेश गिरी, रतिका कपूर और सीमा सिंह को द्वितीय श्रेणी कर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जबकि द्वितीय श्रेणी लिपिक अरिफहमीद नकवी, बैजनाथ, सुनीता, विजय कुमार शर्मा, जगदीश कुमार, रमेश सिंह, उजाल अहमद, राकेश सिंह, शैलेन्द्र कुमार सक्सेना, हेमन्त कुमार, रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, शबनम श्रीवास्तव, मो. मोइजुल होदा, एहरार अहमद, सना जैदी, दिनेश आम पासक, रमेश चौरसिया, सोनी सिंह, उमा, राकेश कुमार पिप्पल, चन्द्र मोहन, आनंद वर्मा, सत्यव्रत यादव, सिद्धार्थ नैथानी, दीपक शर्मा, मोहसिन रजा, वंदना श्रीवास्तव, कौशल देवी, वीरेन्द्र कुमार और शमील एखलाक को प्रथम श्रेणी लिपिक पद पर पदोन्नति दी गई। नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने इसके लिए नगर निगम प्रशासन का आभार जताते हुए संघ और कार्मिकों की अन्य मांगों के शीघ्र निस्तारण की अपेक्षा की है। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह,संगठन मंत्री मोहम्मद रेहान द्वारा बहुत बहुत आभार प्रकट किया गया।

### बुजुर्ग किसान को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूखेड़ा गांव के पास बुद्धवार को दवा लेकर पैदल घर जा रहे बुजुर्ग किसान की तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रक व चालक को पुलिस ने पीछाकर पकड़ा। परिजनो के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मोहनलालगंज के भागूखेडा गांव निवासी बुजुर्ग किसान बुद्धीलाल (65 वर्ष) बुद्धवार की शाम दवा लेकर पैदल ही वापस अपने घर लौट रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आये ट्रक ने बुजुर्ग किसान को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल किसान को पुलिस एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लेकर गयी जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही दुर्घटना कर मौके से भागे ट्रक का पीछा कर पुलिस ने मरूई बाजार में पकड़ा। मृतक किसान के परिवार में पत्नी विद्यावती व चार बेटे है।

# प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं अफसर

## सीएम योगी ने पीसीएस अधिकारी 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से की भेंट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके सरकारी आवास पर प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीसीएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे इसके लिए जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारीगण तमाम विषयों और मुद्दों से भली-भांति परिचित हों। उन्हें अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करने के लिए परिश्रमी और तेजी से फैसले लेने में भी सक्षम होना चाहिए। साथ ही, मामलों का निस्तारण पारदर्शी तथा समयबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए। अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आप सभी अधिकारीगण उस महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जहां आम जनमानस की समस्याओं को बहुत नजदीक से सुनने का अवसर मिलेगा।

एक कॉमन मैन की पीड़ा को सुनने का अवसर प्राप्त होगा। व्यक्ति तभी फेल होता है, जब वह छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करता है। आपके लिए छोटी सी चीज दूसरे के लिए बड़ी भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि खेत की पैमाइश आपके लिए छोटी हो सकती है, लेकिन जिसका परिवार उस खेत पर आश्रित है, यदि कोई दबंग व्यक्ति उस गरीब व्यक्ति के खेत पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहता है वह उस पीड़ित व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी घटना होती है। उस स्थिति में खेत की पैमाइश की उसकी मांग उसे तत्काल राहत और न्याय दिला सकती है।

### अन्नदाता खुशहाल तो देश खुशहाल : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मेरा यह मानना है कि यदि किसान खुशहाल होगा तो देश भी खुशहाल होगा। याद कीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आमदनी दुगनी करनी है। इसके लिए योजना भी तैयार की। इन योजनाओं के साथ जब वैज्ञानिक सोच और इनोवेशन को जोड़ते हैं, तो किसानों के आमदनी का लक्ष्य और पीएम के विजन को कामयाब करने में कोई कठिनाई आगे भी नहीं होगी। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप अन्नदाता किसान को परंपरागत खेती में दुगनी आए हो रही है, वहीं जो किसान औषधि और अन्य खेती कर रहे हैं,उन्हें तो कई गुना लाभ हो रहा है। यह कहना है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। वह बुधवार को सीएसआईआर–सीमैप की तरफसे आयोजित दो दिवसीय किसान मेला 2024 को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस किसान मेले में सबसे पहले आप सभी अन्नदाता किसानों और वैज्ञानिकों का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। यहां पर 15 राज्यों के किसान आए हैं। वह भी उसे अवसर पर आए हैं, जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजमान है। ऐसे में जो भी किसान प्रभु श्रीराम के दर्शन करना चाहते हैं। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार पूरी मदद देगी बसों की व्यवस्था कराएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक समय था, जब संसद में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। किसान आत्महत्या इसलिए करते थे कि उन्हें आर्थिक और तकनीकी तौर पर कोई मदद नहीं मिल पाती थी, लेकिन आज दौर बदल चुका है।

# अब घर-घर पहुंच एसी चेक व लोड बढ़ाने के काम पर रोक

**▸ 12 घंटे में बिजली विभाग ने अपना फैसला बदला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के उपभोक्ताओं के घर-घर एसी चेक करने का फैसला महज 12 घंटे के अंदर बदल दिया है। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के विरोध की वजह से यह फैसला लिया गया है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बुधवार को प्रबंध निदेशक पावर कॉर्पोरेशन से मुलाकात की। उसके बाद इसको इंस्पेक्टर राज वाला फैसला बताया। उपभोक्ता परिषद की मांग के बाद फैसला वापस ले लिया गया है।

अब पहले की तरह अगर लगातार तीन महीने तक उपभोक्ता का लोड ज्यादा आता है तो उसका बिल बढ़ेगा। अवधेश वर्मा का कहना था कि नए मीटर में हर समय लोड शो करता है। ऐसे में अगर कोई उपभोक्ता घर में ज्यादा बिल इस्तेमाल करता है तो उसकी जानकारी विभाग को आसानी से होनी चाहिए। ऐसे में एसी चेक कर लोड बढ़ाने का मामला परेशान करने वाला है। उन्होंने बताया कि कई बार लोगों के घर में चार एसी लगी रहती है लेकिन वहां इस्तेमाल में एक से दो एसी रहती है। ऐसे में उनका बिल दो एसी के हिसाब से आता है। ऐसे में अगर कोई किसी उपभोक्ता के घर पहुंचे और एसी की संख्या के आधार पर लोड बढ़ाए तो यह उपभोक्ताओं को परेशान करने वाली बात है।

बताया जा रहा है कि शहर की तुलना में अब गांव में बिजली चोरी ज्यादा हो रही है। वहां मीटर बाइपास कर या बिना मीटर के घर में एसी चलाया जा रहा है। ऐसे में वहां लाइनलॉस ज्यादा हो रहा है। बिजली जितनी खर्च हो रही है उसके हिसाब से वसूली नहीं हो रही। विभाग के पास कोई खास डेटा भी नहीं है। ऐसे में लोगों को चिह्नित करने के लिए टीम अब घर-घर जांच होगी। खपत अधिक पाए जाने पर लोड बढ़ाया जाएगा। ग्रामीण सेक्टर में मौजूदा समय में ज्यादा उपभोक्ता है। ऐसे में जांच सबसे पहले वहां किया जाएगा।

# मैत्री महोत्सव से 1000 कलाकारों को मिलेगा रोजगार

**▸ सीमावर्ती जिलों में 21 तक चलेगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2023 केआयोजन का निर्णय लिया गया है। महोत्सव प्रदेश के भारत-नेपाल सीमावर्ती जनपदो में आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव से लगभग 1000 कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके आयोजन के लिए संस्कृति विभाग द्वारा 01 करोड़ 59 लाख 96 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृति की गयी है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सीमावर्ती 08 जनपदों में महोत्सव के भव्य आयोजन हेतु संस्कृति विभाग की ओर से तिथियॉ निर्धारित कर दी गयी हैं। जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं से विचार विमर्श के बाद कार्यक्रम की तिथियों में परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 01 से 03 फरवरी तक सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 05-06 फरवरी को जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज महराजगंज, 08 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर तथा 10-11 फरवरी को राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

13 फरवरी को सत्यनारायण उच्चशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर श्रावस्ती, 15-16 फरवरी लार्डबुद्धा इण्टर कालेज, बहराइच, 18 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इण्टर कालेज, लखीमपुर खीरी तथा 20-21 फरवरी को राजकीय एलबीएस महाविद्यालय बेनहर इण्टर कालेज गॉधी स्टेडियम प्रेक्षागृह पीलीभीत में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

## धूमधाम से मना उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान का स्थापना दिवस

**पुराना नाम चन्द्रनगर किया जाएगा बहाल : जयवीर सिंह**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र जैन विद्या शोध संस्थान, (संस्कृति विभाग, उ.प्र.) का स्थापना दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संस्थान परिसर बौद्ध प्रेक्षागृह गोमतीनगर में बुधवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि फिरोजाबाद में 11वीं सदी के जैन राजा चन्द्रसेन थे और फिरोजाबाद का नाम चन्द्रनगर था। आततायियों के हमलों से 15 वीं सदी में इसका नाम बदला गया। हमारी सरकार अतिशीघ्र ही इसका पुराना नाम चन्द्रनगर बहाल किया जायेगा। इस आस्था के साथ प्राचीन जैन तीर्थ क्षेत्र चन्द्रवाण का विकास पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ की जन्मस्थली शौरीपुर और अटल विहारी की जन्म स्थान बटेश्वर का विकास 138 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में चौबीसवें तीर्थंकर महावीर का मोक्ष कल्याणक वर्ष भर जैन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) अभय कुमार जैन के नेतृत्व संस्थान द्वारा सहयोगी संस्थानों के साथ मनाया जायेगा। पीठाधीश रवीन्द्रकीर्ति स्वामी ने कहा कि अयोध्या में पाँच जैन तीर्थंकरों का जन्म हुआ है यह भूमि श्रीराम जन्मभूमि के रूप में भी अत्यन्त पवित्र है । विशेष सचिव संस्कृति राकेश शर्मा ने संस्थान को शुभकामनाएं दी। उपाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अभय कुमार जैन स्वागत भाषण में ने कहा कि हम महावीर के अहिंसा, करुणा और अपरिग्रह के सिद्धांत और सदाचार और शाकाहार के उपदेश संस्थान के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का प्रयास सतत् करते रहेंगे। सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत निदेशक अमित अग्निहोत्री एवं बौद्ध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने किया।

### प्रतिबंधित जगह पर अवैध निर्माण से परेशान नगर आयुक्त

**लखनऊ।** शिवरी प्लांट के पास भूमाफियाओं ने प्लाटिंग शुरू कर दी है। करीब 30 बीघा से ज्यादा क्षेत्र में प्लाटिंग हो चुकी है। अब यह प्लाटिंग नगर निगम के लिए मुसिबत बन गया है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने इसको लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि वहां 2000 मैट्रिक टन कूड़े का निस्तारण प्रतिदिन होता है। यहां एक किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह का कोई निर्माण या प्लाटिंग नहीं हो सकता है। उसके बाद भी यहां लगातार निर्माण कार्य चल रहा है। नगर आयुक्त ने डीएम ने निवेदन कर यहां निर्माण रोकने की मांग की है। इसमें कहा गया है कि शिवरी प्लांट के पास वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को देखते हुए यहां निर्माण होना ठीक नहीं है। शिवरी के आस-पास के गांव में पहले ही कई लोगों को चर्म रोग से संबंधित बीमारियां होने लगी है। दरअसल, यहां के खेतों में बारिश के दौरान शिवरी कूड़ा प्लांट का पानी चला जाता है। ऐसे में वहां मिट्टी दिन प्रतिदिन खराब होते जा रही है। खेती करना यहां दूभर पहले से हो गया है। अब यहां अवैध निर्माण होने के बाद अगर लोग यहां के पानी और हवा के संपर्क में आएंगे तो उनके बीच बीमारियां बढ़ने का खतरा ज्यादा रहेगा।

# भाकियू की बैठक में विषय संबंधी प्रस्ताव का ध्वनिमत से समर्थन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (सावित्री)-अराजनैतिक द्वारा संगठन की समीक्षा बैठक सौरभ गोयल ( राष्ट्रीय अध्यक्ष -व्यापार प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय आई. आई. एम. रोड गली न.-5, रायपुर मे आहूत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी प्रकाश दीक्षित ने की। इस बैठक मे विषय संबंधी प्रस्ताव प्रदेश प्रभारी जे. के. सिंह ने रखा जिसका वहां पर मौजूद सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से समर्थन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री सिंह जी के साथ सौरभ गोयल (राष्ट्रीय अध्यक्ष -व्यापार प्रकोष्ठ), लक्ष्मी प्रकाश दीक्षित (प्रदेश अध्यक्ष), जे.के. सिंह (प्रदेश प्रभारी), विपेंद्र सिंह (वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष), राम शरन यादव (प्रदेश सचिव), आनंद द्विवेदी (प्रदेश संगठन मंत्री), संतोष कुमार (प्रदेश मीडिया प्रभारी), ओबैदुर्रहमान ( युवा जिला प्रभारी), विनीता सिंह (मंडल उपाध्यक्ष), मो. आरिफ (जिला उपाध्यक्ष), रमेश यादव (जिला उपाध्यक्ष), राजेश कुमार (जिला उपाध्यक्ष), मनीष कुमार (जिला सचिव)आशुतोष सोनी (जिला सचिव), करन राठौर (जिला सचिव), शिवम् पाण्डेय (जिला महामंत्री), अभिमन्यु सिंह (जिला सचिव), अवधेश उर्फ़ कल्लू यादव (जिला संगठन मंत्री),भगौती प्रसाद (तहसील प्रभारी), प्रभात कुमार यादव (जिलाध्यक्ष सीतापुर) व उनकी सम्पूर्ण टीम के साथ सभी सुधी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्थानांतरित मोहनलालगंज बीडीओ को प्रधानों व कर्मचारियों ने दी विदाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** स्थानांतरित मोहनलालगंज बीडीओ पूजा सिंह के सम्मान में बुधवार को ब्लाक प्रशासन व प्रधानो ने विदाई समारोह का आयोजन किया।ब्लाक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह समेत प्रधानो ने स्थानांतरित बीडीओ पूजा सिंह को फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेटकर स-सम्मान विदाई दी।

ज्वाइंट बीडीओ शैलेन्द्र कुमार व एडीओ पंचायत अशोक यादव ने कर्मचारियो संग स्थानांतरित बीडीओ पूजा सिंह को पुष्पगुच्छ समेत स्मृति चिन्ह भेटकर विदाई दी। मौके पर मौजूद एडीओ अशोक यादव समेत अधिकारियों ने बीडीओ पूजा सिंह के साथ किए गए कार्य व अनुभवों पर चर्चा करते हुए उन्हें परिश्रमी एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील व कर्मठ बताया। स्थानांतरित बीडीओ पूजा सिंह ने विकासखंड में अपने 26 महीने के कार्यकाल के दौरान के अनुभवो और यादों का साझा किया। बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियो समेत क्षेत्रीय लोगों से मिले सहयोग व समर्थन के लिये आभार प्रकट किया। प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि बीडीओ पूजा सिंह अच्छी प्रशासक रही हैं। इस मौके पर प्रधान सहायक हरेन्द्र सिंह, निगोहां प्रधान अभय कान्त दीक्षित, मस्तीपुर प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, सलेमपुर अचाका प्रधान विकास पटेल, प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित, राज किशोर शुक्ला, ब्लाककर्मी हिमांशु त्रिपाठी, सचिव साधना रावत समेत सभी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

### मेदान्ता में नि:शुल्क खून जांच के लिए लगा शिविर

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे के कालेबीर मंदिर परिसर में मेदान्ता अस्पताल ने बुधवार को खून जांच शिविर लगाकर लोगों की मुफ्त जांच के लिये खून के सैम्पल लिए। मेदान्ता के डाक्टर आरपी सिंह ने बताया कि ग्रामीण इलाके के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिये बुधवार को हॉस्पिटल द्वारा मोहनलालगज कस्बे में खोले गए कलेक्शन सेंटर की देखरेख में नि:शुल्क खून की जांच का शिविर आयोजित किया गया, जिसमे इलाके के करीब 20 लोगों ने शिविर में आकर अपना ब्लड सैम्पल दिया। सैम्पल लेने के बाद जांच अवधि पूरी होने पर रिपोर्ट देने वालों के मोबाइल पर भी भेज दी जायेगी साथ मोहनलालगंज के कलेक्शन सेंटर से जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए बता दिया गया है। शिविर में अर्पित सिंगल, अमित द्विवेदी, नीलम, पवन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**तैयारी** | **नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पुरानी व्यवस्थाओं के साथ-साथ नवीन पहल भी शुरु**

# बोर्ड परीक्षा 22 से, केंद्र व्यवस्थापकों को मास्टर्स दे रहे प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर सरकार की तरफ से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। पिछली बार की तरह ही इस बार भी लक्ष्य नकलविहीन परीक्षाओं का आयोजन कराना है। इसके लिए पुरानी व्यवस्थाओं के साथ-साथ नवीन पहल भी की जा रही हैं।

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स से ट्रेनिंग दिलाई जा रही हैं। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी सभी बारीक बातों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल में 29 लाख 47 हजार 325 और इंटरमीडिएट में 25 लाख 77 हजार 965 में कुल 55 लाख 25 हजार 290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8 हजार 265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, एडेड स्कूलों में 3 हजार 479 परीक्षा केंद्र और वित्तविहीन में 4 हजार 220 परीक्षा केंद्र हैं। सचिव ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस बार कुछ और नई व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। इनमें पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं में सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, लोगो, कवर पेज पर उनकी कोडिंग की गई है, जबकि पेज नंबर के साथ-साथ इस बार पिछले वर्ष में उपयोग किए गए कलर्स से अलग चार कलर्स में इन्हें पब्लिश कराया गया है। इसके अलावा पहली बार कक्ष निरीक्षकों के लिए एक सुरक्षित क्यूआर कोड भी जारी किया जा रहा है। इसके साथ ही इस बार उन्हें क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे कक्ष निरीक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करने में आसानी होगी।

### प्रदेश के 75 जनपदों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी बोर्ड परीक्षा में कुछ नए इनीशिएटिव्स लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो–वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# नगरपालिका गोण्डा के जलकल प्रतिष्ठान में मिली खामियां

- वाहन प्रभारी सहित अधिकारियों को डीएम ने लगाई कड़ी फटकार
- डीजल न देने पर वाहन प्रभारी को दी कड़ी चेतावनी
- कार्यों में सुधार लायें वरना कार्रवाई के लिए रहें तैयार : डीएम



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर पालिका परिषद गोंडा के जलकल प्रतिष्ठान पर गाडियों को समय से डीजल न देने की मिली शिकायत पर औचक निरीक्षण कर साफ- सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलने पर जिलाधिकारी ने जलकल प्रतिष्ठान के अधिकारी एवं कर्मचारियों को जमकर कड़ी फटकार लगाई एवं कार्यों में सुधार लाने की चेतावनी दी। निरीक्षण का दौरान उन्होंने कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को समय से डीजल न देने पर वाहन प्रभारी मोहम्मद मुस्तफीक को जमकर फटकार लगाई और कार्य में सुधार न लाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी। इसके अलावा उन्होंने लाइट प्रभारी बाल गोपाल को भी शहर में जगह-जगह पर लाइट व्यवस्था दुरूस्त न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शहर में सभी जगह पर लाइट की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिये। साथ ही उन्होंने जलकल प्रभारी आशीष आनंद से टैंकर की उपलब्धता की जानकारी ली एवं उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कूड़ा उठान, लाइट व्यवस्था आदि में लापरवाही बरती जाएगी तो सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय में होने वाले सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जाए यदि किसी कर्मचारी द्वारा अपने कार्यों में लापरवाही बरती जाती है तो उस कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश में युवक को पीटा, आठ पर मुकदमा दर्ज

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पूरे ललक ग्राम के पास रंजिस को लेकर एक युवक को लोहे की रॉड और सरिया से मार पीट कर घायल कर दिया गया। युवक के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आठ लोगो पर मार पीट का मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के केशव पुर पहड़वा निवासी विजय गिरी ने कोतवाली में तहरीर दिया कि उस का पुत्र आकाश को गांव के ही सुधांशु रामू अल्ट्रो कार से बाला जी मंदिर पूरे ललक दर्शन कराने ले गए थे। दर्शन कर के वापस आते समय पूरे ललक गांव में स्थित महाराज देवी बक्श सिंह विद्यालय के पास रुक कर चाय पीने लगा। तभी घात लगा कर नरेंद्र गिरी, समीर सन्तोष उर्फ छग्गा, अंकित, सुनींल, गुड्डू ने हमला पुरानी रंजिस को लेकर हमला कर दिया। होश आने पर उस ने घटना के बारे में बताया। घटना की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। बाद में घटना कोतवाली देहात क्षेत्र में होने की वजह से मुकदमे को स्थानांतरित कर दिया गया।

# सांसद कीर्तिवर्धन समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़



मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया। 15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिस कर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया।

पीड़िता गुरबचन कौर ने बताया कि इसकी जानकारी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को दी तो उन्होंने मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह को सहायता का निर्देश दिया, लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने उल्टा याची के पुत्रों को ही जेल भेजने को धमकी देकर चुप रहने को कहा। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अपराध शाखा के निरीक्षक अरुण कुमार राय की भूमिका की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ में पीड़िता ने 17 सितंबर को याचिका दायर की।

> कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया है। अदालत के आदेश पर विधिक राय लेकर कोतपाली मनकापुर में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये थे।
>
> विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व नरेंद्र कुमार जौहरी ने निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक अपराध अरुण कुमार राय को गोंडा जिले से हटाकर किसी अन्य जिले में तैनात करने का आदेश दिया तथा एमपी/एमएलए कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर धारा 447, 323, 395, 504, 506, 427 तथा 188 आईपीसी के तहत कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, मनिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिरस्पू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने वाले चार पुलिसकर्मी सेवानिवृत



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को जनपद गोण्डा में नियुक्त उ0नि0ना0पु0 श्री अवधेश कुमार तिवारी, एफ0एस0एस0ओ0 श्री रामचरित्र तिवारी, उ0नि0स0पु0 श्री अनिरूद्ध सिंह, नि0 गोपनीय श्रीमती उम्मे सलमा पुलिस सेवा में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन सभागार में उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, आर0आई0 गोण्डा श्री राकेश कुमार सिंह व अन्य पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# कर्मचारियों के हित में लड़ाई रहेगी जारी : राम बहादुर

- सफाई कर्मचारी संघ का हुआ सम्मान समारोह

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



विकास खण्ड वजीरगंज के सभा कक्ष में ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह को पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा छोटे से बड़े कर्मचारियों की हित की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे। उन्होंने कहा वजीर गंज ब्लाक के सफाई कर्मचारी की जो भी समस्या होती है, उस का तत्काल निराकरण कराते है और आगे भी कराते रहेंगे। वजीर गंज ब्लाक के प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का संगठन मजबूत है और जिस का संगठन मजबूत होता है उस को सफलता जरूरी मिलती है। नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष शनि राम ने कहा कि हमारे ब्लाक के कर्मचारी कर्मठ और अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से करते है। नव निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष शनिराम ,मंत्री पंकज सिंह , संगठन मंत्री अच्युतानंद शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र प्रजाति, सम्प्रेक्षक गुरु प्रसाद भर्ती, उपाध्यक्ष अजय चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रमा जीत सिंह ने पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह, खण्ड अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत के मो आफाक को साल और पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस दौरान ब्लाक के सफाई कर्मचारियों ने भी नवनिर्वाचित ब्लाक पदाधिकारियो को माला पहना कर स्वागत किया। ब्लाक अध्यक्ष शनिराम ने पत्रकार गुरवेद्र मिश्रा और शिव पूजन पांडेय प्रधान अति उल्ला, विनोद कुमार सिंह , वीरेंद्र सिंह को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विजय मौर्या, सुनील कुमार, राम अनुज यादव, रिजवान, राम भवन, धर्म दत्त मिश्रा, शिव कुमार काशी राम इस्ताक अहमद विनोद कुमार, राम भरोसे मौर्या प्रदीप कुमार गुप्ता राजेन्द्र मौर्या जगदीश मौर्या कृष्ण मोहन सिंह हनुमान प्रसाद कृष्ण कुमार राना शिव कुमार रमेश कुमार मंशा राम सहदेव राम मनोहर सहित आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने किया जिला सत्र न्यायालय का औचक निरीक्षण



बहराइच, समृद्धि न्यूज। बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने जिला सत्र न्यायालय बहराइच का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने न्यायालय परिसर मे लगे सीसीटीवी मानिटिरिंग रुम, न्यायालय के चारों मुख्य द्वारों, बैग स्कैनर, मेटल डिटेक्टर गेट चेकिंग व सेशन हवालात की जांच की। तथा मानिटिरिंग रुम मे उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।न्यायालय के मुख्य द्वारो पर लगे सुरक्षा कर्मियों को चुस्त दुरुस्त ड्यूटी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व बैग स्कैनर/हैड मेटेल डिटेक्टर गेट पर लगे ड्यूटीरत कर्मियों को परिसर मे आने जाने वाले जनमानस की सघन चेकिंग व जांच के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने ड्यूटी पर मौजूद महिला आरक्षियों को महिलाओं की बापर्दा चेकिंग के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे परिसर मे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके ।सीसीटीवी मानिटिरिंग रुम पर लगे समस्त कर्मचारियों को परिसर मे प्रवेश करने वाले आसामाजिक गतिविधियों वाले व्यक्तियों की विशेष निगरानी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मे कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

### गलत तेल डालने पर पेट्रोल पम्प कर्मी को पीटा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के अम्बेडर चौराहे के पास स्थित अमन मणि पेट्रोप पम्प के कर्मी बृज किशोर यादव पुत्र राम भवन निवासी विष्णु पुरी कालोनी ने एक कार में डीजल के जगह पर 500 सौ का पेट्रोल डाल दिया जिस से गुस्से कार मालिक और उस के तीन साथियों ने मिलकर पिटाई कर दिया। घटना से पेट्रोल पम्प पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह पहुँच गए। अज्ञात लोगों के खिलाफ में तहरीर दी गई है।

### न रुका था न रुकेगा की तर्ज पर हो रहा जुए का खेल





गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बड़े पैमाने पर खुलेआम खेले जा रहे जुए की शिकायत 09 जनवरी को एक्स पर की गई थी। उच्च अधिकारियों ने इस ट्वीट का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन उस मामले में एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। अब फिर उसी गांव में खेले जा रहे जुए का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दर्जनों बेखौफ जुआरी लाखों रुपये का दांव खेलते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि बुधवार को हल्का आरक्षी अरविंद मौके पर पहुंचे और दो जुआरियों तथा उनकी मोटरसाइकिल भी पकड़ लिए। इस संबंध में जब हल्का आरक्षी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सब भाग गये थे। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। इसके साथ ही पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश और उसके बाद पुलिसिया कार्रवाई को आइना भी दिखा रहा है।

### खनन माफिया शेर, पुलिस प्रशासन ढेर



नवाबगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत मैनपुर गांव में खनन माफिया द्वारा दिनदहाड़े जेसीबी लगाकर अवैध मिट्टी खनन कर डाला गया। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वाहन छोड़कर चालक व अन्य लोग फरार हो गए। मैनपुर गांव के लाल बहादुर पुरवा स्थित परिषदीय विद्यालय के बगल में की भूमि पर अज्ञात खनन माफिया द्वारा जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर दर्जनों ट्राली मिट्टी का खनन बुधवार को किया गया। गांव के लोगों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि जिस जमीन पर खनन किया गया है, वह सरकारी तालाब की भूमि है। वहीं इस संबंध में स्थानीय लेखपाल दिनेश यादव ने बताया कि मिट्टी खनन अवैध रूप से किया गया है। जमीन सरकारी है या नहीं, यह जांच के बाद ही बताया जा सकता है। उनके द्वारा स्थानीय चौकी प्रभारी शेषनाथ पांडेय एवं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय को वाट्सएप और फोन पर अवैध मिट्टी खनन की सूचना दी जा चुकी है। लेखपाल ने बताया कि जब पुलिस कर्मी अवैध मिट्टी खनन वाली जगह पर पहुंचे तो जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली के चालक वाहन छोड़कर भाग गये।

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान

- परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। जनपद के अमकोलवा गांव निवासी एक विवाहिता ने देर रात को घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा गोसाई पुरवा निवासी 24 वर्षीय अनीता देवी ने देर रात फांसी लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार देर रात मृतका का पति अन्नू रात में नित्य क्रिया के लिए गया था। तभी उसकी पत्नी कमरे की छत से फंदा लगाकर लटक गई।

# सपा कार्यालय पर पीडीए पखवाड़ा चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

- 5 फरवरी को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती का होगा आगमन

बहराइच समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के विधायकों, पूर्व विधायकों, विधानसभा अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

बैठक मे मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वाहन पर प्रदेश भर मे चल रहे पीडीए पखवाड़ा चौपाल पर चर्चा व आगामी 05 फरवरी को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के जनपद आगमन कार्यक्रम की रूप रेखा बनाना व अंतिम प्रकाशन से पहले मतदाता सूचियों का गहन अध्ययन कर नये नामों को शामिल करवाना एवं छुटे नामो को पुनः दर्ज करवाने के दिशा निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खान 'बंटी' ने किया।जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने सम्बोधन करते हुए कहा कि शोषित, पीड़ित, दलित, वंचित, महिला व अल्पसंख्यक सभी लोगो को समाज मे सम्मान और राजीनीतिक भागीदारी देने के लिए हमारे नेता अखिलेश यादव सदैव संकल्पित है और इसी लिए उन्होंने इस बार पीडीए सरकार का नारा जोरों से बुलंद किया है। पीडीए मूल रूप से 'बंटी' पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व आधी आबादी' पर हो रहे शोषण, उत्पीड़न, अत्याचार व उपेक्षा के खिलाफ पैदा हुई आवाज़ है। उन्होने हर एक कार्यकर्ता को पीड़ीए के सद्भावना दूत के रूप मे हर गाँव, मजरा, पुरवा, बस्ती, गली, मोहल्ले, चौराहों पर जनता के बीच जा कर अखिलेश यादव के संदेश को लोगो से बताने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 05 फरवरी को पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश लेकर आ रहे मिठाई लाल भारती जो कि बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठ नेता है। जिनके आगमन को लेकर जिला नेतृत्व द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा बना ली गयी है। समस्त विधानसभा अध्यक्षगण को अपने अपने क्षेत्र से समाज के हर वर्ग के लोगो को अधिक से अधिक इस पीडीए पखावाड़ा कार्यक्रम मे शामिल कराने का निर्देश भी दिया गया। अंत मे सभी पदाधिकारी व नेताओं को निर्देशित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले जारी हुई मतदाता सूची जो सभी लोगो को जारी की गयी है उसे विशेष रूप से अध्यन कर ले जिससे कि छूटे नाम व नये नाम को उनमे समय रहते बढ़वाया जा सके। इस बैठक को जिला महासचिव सुनील कुमार निषाद, पूर्व विधायक दिलीप कुमार वर्मा, पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक रमेश गौतम, संत कुमार पासी, बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष पेशकार राव आदि ने सम्बोधित किया। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, उत्तम कुमार सिंह, राम जी यादव, हाजी वसीम शेरवानी, अफशाल शानू, शैलेश सिंह शैलू, धनजन्य सिंह सभासद, सुमन शर्मा, रेखा राव, कुमारी निशी खान, मो0 आसिफ, गौरव यादव, जवाहर यादव, अयोध्या प्रसाद सोनी, विश्राम सिंह यादव सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# महाराजा सुहेलदेव की साख पर बट्टा लगाने में जुटे मेडिकल कालेज प्राचार्य

- वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा देने की बात निकली बेमानी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जहां एक तरफ राष्ट्रीय सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महाराजा सुहेलदेव को उनका गौरव वापस लौटाने में पूरे मनोयोग से जुटी है वहीं राज्य सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जहां जनपद के चितौरा में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक उनकी अश्वरोही प्रतिमा के साथ निर्माणाधीन है वहीं बहराइच मेडिकल कालेज का नाम भी उनके नाम पर कर प्रदेश सरकार ने चार चांद लगा दिया है लेकिन महाराजा सुहेलदेव स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य हैं कि सरकार की भी मानने को तैयार नहीं हैं और प्राचार्य डॉ. संजय खत्री के कर्मचारी प्राचार्य की बात सुनने को तैयार नहीं हैं।

जरा गौर से देखिए! समाचार के साथ प्रकाशित इस छाया चित्र को। जी हाँ! ये छाया चित्र कहीं और का नहीं बल्कि महाराजा सुहेलदेव स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध महर्षि बालार्क चिकित्सालय का है। जहां सबसे ऊपर लाल रंग के पेंट से एन.सी.डी/पी.जी.एस लिखा है




जबकि उसके ठीक नीचे काले रंग से सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लिखा है। दूसरे नम्बर पर पूर्व सांसद/विधायक, वरिष्ठ नागरिक, विकलांग, उ.प्र. राज्य कर्मचारी एवं सबसे अन्त में मान्यता प्राप्त पत्रकार लिखा है। यह काउन्टर नम्बर 3 इन नागरिकों के लिए ओ पी डी कार्ड बनवाने हेतु आरक्षित है लेकिन आज तक इस काउन्टर पर कोई कर्मी तैनात ही नहीं मिला इसका प्रमाण बगल में बनी खिड़की पर रखे ए फोर साइज कागज की रिम के हरे रंग के बण्डल से मिल रहा है। 4 जनवरी को जब महाराजा सुहेलदेव स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संजय खत्री नवीन महाविद्यालय भवन के आडिटोरियम हाल में चिकित्सा महाविद्यालय की एक वर्ष की उपलब्धियों का पिटारा लेकर पत्रकारों से वार्ता की थी उसमें भी इस बात का जिक्र किया था कि अब इन नागरिकों को ओ पी डी कार्ड के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा था कि महाविद्यालय ने ऐसे नागरिकों के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था की है। इतना ही नहीं डॉ खत्री ने पत्रकारों को यह भी बताया था कि ऐसे नागरिकों के लिए अलग रंग के ओ पी डी कार्ड की व्यवस्था भी की गई है जो शुरू की जा चुकी है। लेकिन 552 घण्टे बीत जाने के बाद भी काउन्टर नम्बर 3 पर न तो कोई कर्मी दिखा न ही अलग रंग के ओ पी डी कार्ड। ऐसे में यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीते एक वर्षों में बहराइच का महाराजा सुहेलदेव स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध महर्षि बालार्क चिकित्सालय रोगियों को उपचार देने में कितना सफल हो सका है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 488 जोड़े

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के कुशल मार्गदर्शन में विकास खण्ड बलहा के परिसर में 47, नगर पालिका परिषद नानपारा 09, विकास खण्ड चित्तौरा में 74 जोड़ो का, विकास खण्ड नवाबगंज में 42, ग्राम पंचायत बैकुण्ठा में 72, विकास खण्ड महसी-175, गेंदघर बहराइच विकास खण्ड रिसिया के 32 व नगर पालिका परिषद बहरा के 37 इस प्रकार से 437 हिन्दू व 51 मुस्लिम कुल 488 जोड़ों का सामूहिक विवाह उनकी धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ।

## सहायता राशि के लिए दर-दर भटक रही मां

- मकान में जलकर हुई थी दो बेटों की मौत



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के बैरिया गांव निवासी एक महिला के दो बच्चों की 20 अक्टूबर को मकान में आग लगने से जलकर मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था, लेकिन रिपोर्ट मिलने के बाद भी अभी तक आश्रितों को सहायता राशि नहीं मिली है। महिला दर दर की ठोकरें खा रही है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बैरिया बेहडा गांव निवासी तारा शर्मा पत्नी बद्री विशाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र दिया है। महिला का कहना है कि उसके मकान के कमरे में 20 अक्टूबर 2023 को आग लग गई थी। आग लगने से छह वर्षीय पुत्र सत्या और तीन वर्षीय पुत्र सनी की मौत हो गई थी। बौंडी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिसमें दम घुटने से मौत की बात सामने आई थी।

दो बेटों की मौत के बाद भी आपदा विभाग की ओर से महिला को आर्थिक सहायता राशि नहीं दी गई है। जबकि महिला काफी गरीब है। पति और महिला मजदूरी कर घर का खर्च चलाने को विवश है।

महिला ने डीएम को शिकायती पत्र आपदा विभाग से चार चार लाख रूपये का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस मामले में एसडीएम महसी राकेश कुमार मौर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी है। आपदा विभाग से बात की जा रही है। पीड़ित को मुआवजा मिलना चाहिए।

# सफेद दाग के साथ सुन्नपन है कुष्ठ रोग की पहचान



- महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत
- उपचार से ठीक हो चुके दो कुष्ठ रोगियों को किया सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद में राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा । इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी का संदेश पढ़ कर कुष्ठ रोग की जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग न तो आनुवांशिक है और न ही पिछले जन्मों के पापों का फल है बल्कि यह माइक्रोबैक्टीरियम लैप्रे बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रामक रोग है । इलाज न कराने वाले संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खाँसने से इसका प्रसार होता है। इलाज शुरू होने पर मरीज से दूसरे व्यक्ति तक संक्रमण का खतरा नहीं होता है। संक्रमण के बाद कुष्ठ रोग के लक्षण दिखने में पांच से सात साल तक लग सकता है। अन्य लक्षणों के साथ ही सफ़ेद दाग के साथ सुन्नपन इस रोग की सबसे बड़ी पहचान है। समय से पहचान होने और पूरा इलाज करने से यह बीमारी ठीक हो जाती है। उन्होंने बताया लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित कर सम्पूर्ण इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से यह अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर कुष्ठ चिकित्सा से फिजियोथिरेपिस्ट डॉ. वर्षा, एनएमएस के. बी. त्रिपाठी, एनएमए ओ. पी.मिश्रा व मेडिकल कॉलेज बहराइच के ओम प्रकाश को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपचार से ठीक हो चुके, सामान्य जीवन जीवन जी रहे दो कुष्ठ रोगियो को भी सम्मानित किया गया एवं उनको एमसीआर जूते व सेल्फ केयर किट प्रदान की गई।

### दो प्रकार का होता है कुष्ठ रोग

जिला कुष्ठ रोग विशेषज्ञ विनय श्रीवास्तव ने बताया कि कुष्ठ रोग दो प्रकार का होता है। जब शरीर पर सुन्न हुए दाग- धब्बों की संख्या पांच या उससे कम हो और एक नस प्रभावित हुई हो तो इसे पासी बेसिलाई ( पीबी) कहा जाता है । ऐसे मरीज छह माह के इलाज से ठीक हो जाते हैं । जब दाग- धब्बों की संख्या पांच से अधिक हो और दो या अधिक नसें प्रभावित हों तो मरीज को मल्टी बेसिलाई ( एमबी) कहा जाता है । ऐसे मरीज का इलाज एक साल तक चलता है । वर्तमान में 216 रोगियों का उपचार चल रहा है । इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, एसीएमओ डॉ पी के बांदिल, डॉ. पी के वर्मा, डॉ गौतम, डॉ संजय सोलंकी, डीएलसी ,डीपीएम , डीसीपीएम सहित समस्त चिकित्सा स्टाफ और मरीज के परिजन उपस्थित रहे।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ विकास भवन के महात्मा गांधी सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत हुए अब तक किये गए कार्यों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्माण विभाग और नगर पालिका परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का उचित तरीके से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर जितने भी अवैध कट हैं उनको यथाशीघ्र बंद किया जाए। साथ ही राजमार्गों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हो। सड़कों को गड्ढा मुक्त रखा जाए जिससे की दुर्घटनाओं में कमी आए और जनपद की रैंकिंग में सुधार हो। जिन भी मार्गों पर अतिक्रमण हो उन्हें यथा शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। वाहनों के पार्किंग की उचित व्यवस्था हो और भारी वाहनों को नियमित तरीके से ही शहर के अंदर प्रवेश कराया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों और नगर के अंदर लगे ट्रैफिक सिग्नलो का पालन कराया जाए। सड़क दुर्घटना नियमावली को उचित प्रकार से लागू किया जाए। घायलों को अति शीघ्र प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराई जाए।

बैठक में नगर पालिका परिषद, निर्माण विभाग के अतिरिक्त अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राजकीय जिला पुस्तकालय में चल रहे सौन्दरिकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए की कार्य में प्रगति लाकर जल्द से जल्द पुस्तकालय को सुचारू रूप से चलाया जाए। जिससे कि विद्यार्थी और आमजन लोग समय से आकर अपना अध्यापन कार्य कर सके। इस अवसर पर ग्रामीण अभियंता विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य की जिलाधिकारी ने गुणवत्ता भी परखी और कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में प्रकाश और पीने के पानी की व्यवस्था हर समय उपलब्ध कराई जाए जिससे कि अध्यनरत लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर ग्रामीण अभियंता विभाग के कर्मचारी गण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य के अतिरिक्त अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेंटर, रायबरेली की सेंटर प्रभारी से वन स्टाप सेंटर के बारे में जानकारी ली गयी। सेंटर प्रभारी श्रद्धा सिंह भदौरिया द्वारा वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा सेन्टर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें।

## खबरें एक नजर में

### डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ जिला कारागार का संयुक्त मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार की बैरकों का भ्रमण किया तथा बंदियों से भी वार्तालाप किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार की अनुशासन व्यवस्था, देखकर पर्याप्त संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा, जेलर हिमान्शु रौतेला, उपजेलर, अनिल कुमार विश्वकर्मा, धर्मपाल सिंह, ज्ञानलता पाल, कंचनलता मिश्रा, इन्द्रमणि शुक्ल, कारागार चिकित्साधिकारी, डा0 सुनील अग्रवाल एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कुष्ठ सेवा आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में कुष्ठ सेवा आश्रम हनुमंत पुरम रायबरेली का निरीक्षण अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली, उमाशंकर कहार द्वारा किया गया। सचिव द्वारा कुष्ठ आश्रम में रहने वाले सभी कुष्ठ रोगियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना गया तथा सभी कुष्ठ रोगियों के लिए विधिक जागरूकता व सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत सचिव द्वारा सभी कुष्ठ रोगियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर के पश्चात सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कुष्ठ रोगियों को फल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जय दुर्गे कुष्ठ सेवा आश्रम के अध्यक्ष मुरारी सिन्हा, स्वास्थ्य सुपरवाइजर जिला कुष्ठ विभाग वीरेन्द्र कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षक जिला कुष्ठ विभाग अवधेश सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व अजय कुमार बाजपेयी उपस्थित रहे।

### गायब हुई मासूम का पुलिस नहीं लगा पा रही पता

**हरचंदपुर,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के पूरे बली मजरे जोहवा शर्की गांव मे छह दिन पूर्व गायब हुई 5 वर्षीय बच्ची का अभी तक कोई पता नहीं लगा सका है पुलिस अंधेरे में हाथ पैर मार रही है पुलिस के मुताबिक सार्वजनिक वाहनों,प्राइवेट वाहनों,सार्वजनिक स्थलों,पर पंपलेट चिपकाए जा रहे हैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सूचना डाली जा रही है गैर जनपद को जोड़ रहे नैया नाले के आसपास के थानों को भी नजर रखने के लिए कहा जा रहा है। बताते चले कि बुधवार की शाम 5 वर्षीय प्रज्ञा पुत्री बिंदादीन गांव स्थित अपने घर के दरवाजे पर खेलते समय से लापता है मामले की सूचना जब पुलिस को हुई तो सर्कल के तीन अन्य थानों की फोर्स भी ढूंढने में मदद करने लगी गांव के लोग मदद को आगे आए और पुलिस के साथ कांबिंग करते रहे तमाम प्रयासों के बाद भी अभी तक बच्ची का पता पुलिस नहीं लगा सकी है थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह का कहना है कि गैर जनपद के थानों विशेष कर जिधर नैया नाले है उन्हें नजर रखने के लिए कहा गया है और बस सार्वजनिक स्थलों सार्वजनिक वाहनों में बच्ची की फोटो सहित पंपलेट चस्पा किया जा रहे हैं।

### सपा ही पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों की हितैषी : जिलाध्यक्ष

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को कस्बे के लखना पुरवा एवं इमिलिया थोक में पीडीए चौपाल का आयोजन करके सपा की नीतियों से लोगों को अवगत कराते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए भाजपा के झूठ से बचने की सलाह दी। सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में आयोजित पीडीए चौपाल को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा ही पिछड़े, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैसी है। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नन्दकिशोर शिवहरे ने कहा कि सभी को भाजपा के झूठ से बचकर रहने की जरूरत है। चौपाल को नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज, महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष शिवगोपाल यादव, पूर्व प्रधान अवधेश यादव आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान रविशंकर वर्मा, सबीना खातून,अली खान, कृष्णकुमार श्रीवास्तव, रणविजय यादव, रामबाबू सोनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खड़े लोडर में बाइक घुसने से दंपति सहित मासूम घायल

**राठ, समृद्धि न्यूज।** मझगवां रोड कुर्रा गांव के पास सड़क किनारे खड़े लोडर में बाइक सवार घुस गया। इस हादसे में बाइक सवार दंपती व मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज एंबुलेंस कर्मियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दंपत्ति को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। जनपद झांसी के अंतर्गत गरौठा थाने के मोती कटरा गांव निवासी 24 वर्षीय नीलू पुत्र परशुराम ने बताया कि अपनी पत्नी 23 वर्षीय रागिनी के साथ अपने दस माह के पुत्र आनंद को दिखाने राठ आए थे। शाम करीब पांच बजे वह बच्चें का इलाज कराकर घर लौट रहा था। तभी कुर्रा के पास एक लोडर चालक ने अचानक लोडर खड़ा कर दिया। जिससे उसकी बाइक लोडर में घुस गई। बाइक पर सवार दंपती सहित मासूम घायल हो गया। डॉ सतेंद्र यादव ने बताया कि युवक का बायां पैर फैक्चर हो गया। जिसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं महिला के पैर में अधिक चोंट होने पर उसे भी रेफर कर दिया है। वहीं जरिया थाने के रिगवारा खुर्द गांव निवासी 38 वर्षीय अवधरानी पत्नी रासहोदर बाइक से गिरकर घायल हो गई।

## रिश्तेदार पर पत्नी व बच्चों को भगा ले जाने का लगा आरोप

▸ मामले में पीड़ित पति ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



रायबरेली में एक पीड़ित पति की पत्नी व बच्चों को को उसके ही एक रिश्तेदार द्वारा भाग ले जाया गया जिसको लेकर पीड़ित ने मामले का शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर किया है और न्याय की गुहार लगाई है आपको बता दे कि बुधवार को रायबरेली जनपद के सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे रानी का पुरवा गांव के रहने वाले पीड़ित पति वीरेंद्र ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी पत्नी व बच्चों को उसके ही एक रिश्तेदार द्वारा भाग ले जाया गया जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र संबंधित थाना सरेनी में दिया गया था लेकिन सरेनी थाने की पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की कार्यवाही न किए जाने को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र देकर जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार अज्ञात युवक को मारी जोरदार टक्कर कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत गुरबख्शगंज क्षेत्र सलारपुर मोड़ के पास का है जहां तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक मेवालाल पुत्र सरजू निवासी ग्राम बिन्होरा पोस्ट नकुलहा थाना भदोखर अपनी पुत्री के यहां जा रहे थे। तभी सलारपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार चालक को कार सहित हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की।

**करोड़ों की लागत से बन रहे कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण**

## गुणवत्ता विहीन कार्य कराए जाने पर सभासदों ने जताई नाराजगी

▸ मौके पर पहुंची अधिशासी अधिकारी ने जेई और ठेकेदार को लगाई फटकार

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



नगर पंचायत लालगंज में करोड़ों की लागत से बन रही कान्हा गौशाला का निरीक्षण जिला योजना समिति के सदस्य राघवेंद्र सूर्यवंशी, सभासद दीपक मिश्रा बबलू तिवारी, अतुल शर्मा व राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने किया। मानक व गुणवत्ता विहीन कार्य कराए जाने पर सभासदों ने नाराजगी जताई व आपत्ति की। सूचना अधिशासी अधिकारी को दी गई। मौके पर पहुंची अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने गौशाला में कराये जा रहे गुणवत्ता विहीन कार्य अवलोकन किया और पाया कि प्लास्टर हाथ लगाते ही गिर रहा है, पीले ईटों का जमकर प्रयोग किया जा रहा है, प्रयुक्त गिट्टी, मोरंग निम्न क्वालिटी की है। सरिया डाले जाने का अनुपात भी ठीक नहीं है। सभासदों की नाराजगी पर अधिशासी अधिकारी ने जेई को जांच के लिए बुलाया मौके पर पहुंचे जेई ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगायी। जिला योजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी, सभासद दीपक मिश्रा, खुर्शीद अहमद, बबलू तिवारी व अतुल शर्मा कल जिलाधिकारी से मिलकर मामले की शिकायत करेंगे।

## गैंगेस्टर गैंग के दो वांछित हिस्ट्रीशीटर अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार अब अपराधियों पर लगातर शिकंजा कसने के लिए पुलिस महकमे को सख्त निर्देश दे चुकी है तो पुलिस भी उन अपराधियों पर नकेल कसने की कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। पुलिस भी अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार अभियान चला रही है। सीओ के निर्देशन में लालगंज पुलिस की सक्रियता क्षेत्र में इस कदर हावी हैं कि अपराधियों के हौसले पस्त हो रहे है।क्योंकि पुलिस अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने पर अपराधियों में दहशत का माहौल है। इसी क्रम में लालगंज पुलिस को बडी सफलता हाथ लगी है बुधवार को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के दो वाछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया की लालगंज पुलिस ने धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबंद समाज विरोध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के दो वांछित अभियुक्तों महारथी पुत्र रामआसरे लोनिया को 3200 ग्राम अवैध गांजा के साथ तथा दूसरे अभियुक्त सूर्यसेन उर्फ मोनू पुत्र महारथी निवासी ग्राम गुम्दापुर मजरे गोविन्दपुर भीरा थाना लालगंज को 3100 ग्राम अवैध गांजे के साथ बढई का पूर्वा - कुण्डवल मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा अपराध नियंत्रण एव वांछित,ईनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत बुधवार को लालगंज पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त मो0 शकील पुत्र मो0 शगीर निवासी निराला नगर थाना कोतवाली नगर रायबरेली को बाईपास चौराहे के पास से 5100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक निखलेश कुमार, हेड कांस्टेबल दल सिह, कांस्टेबल कौशल राठी और अमित कुमार ने

### दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बछरावां।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। चीख पुकार पर जब आसपास के लोग इकट्ठे हो गए, तो युवक मौके से भाग निकलाद्य सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचायाद्य जहां उसका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा हैद्य किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी चौदह वर्षीय बेटी गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर दूसरे गांव में पार्लर व सिलाई सीखने जाती है। मंगलवार को भी वह वहाँ गई थीद्य शाम को जब वह वापस पैदल अपने घर आ रही थी। तब गांव के पास ही बने सामुदायिक केंद्र के पास एक युवक उसे घसीट कर अंदर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। किशोरी द्वारा चीख पुकार करने पर ग्रामीण पहुँच गए। ग्रामीणों को आता देख युवक मौके से भाग निकला। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया की तहरीर मिली है। मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों का होटलों पर हो रहा जमकर इस्तेमाल



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

घरेलू सिलेंडरों का होटलों में हो रहा है जमकर उपयोग गैस सिलेंडर के रेट दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं जिससे जनता जहां हैरान और परेशान होती है वही महंगाई के नाम पर भी सरकार को जमकर बदनाम किया जाता है ।लेकिन अगर हम बात करें घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग की तो होटलों में जमकर उपयोग किया जा रहे हैं ताजा मामला पहरेमऊ चौराहे पर स्थित अजय श्रीवास्तव के होटल का मामला है जहां धड़ल्ले के साथ गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है और लोगों के जीवन से खिलवाड़ भी किया जा रहा है जब सरकार का आदेश है कि घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर्मिशयल किए जाते तो आखिर क्यों और किसके आदेश से पहरेमऊ चौराहे पर अजय सीट्स पर घरेलू गैस सिलेंडर का जमकर उपयोग किया जा रहा है वीडियो और फोटो देखने के बाद आप भी सन्न हो जाएंगे कि आखिर किसके आदेश से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग होटलों पर किया जा रहा है।

## आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को करना पड़ रहा इंतजार

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



नगर पंचायत के वार्डों में रहने वाले गरीब परिवारों द्वारा आवास के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत वर्षों पहले दिए गए 654 लोगों के आवेदन की सूची संबंधित विभाग द्वारा पात्रता की जांच के लिए उप जिलाधिकारी डलमऊ को सौंप गई लेकिन उप जिलाधिकारी डलमऊ द्वारा पात्रता की जांच के लिए क्षेत्रीय लेखपालों को सूची तो दे दी गई लेकिन लगभग दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी जांच रिपोर्ट मंगवाने की शुध नहीं ले रहे हैं जिससे गरीब पात्र परिवारों को मिलने वाले आवास कि आस सपना ही बना हुआ है कस्बे के इब्र ताहिर मोहम्मद आलम रेखा देवी मिथिलेश कुमारी गुड़िया देवी सुनील कुमार अमीन अहमद दयाराम लाला आदि के साथ सैकड़ो कस्बा वासियों ने बताया कि पिछले लगभग 1 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए आवेदन किया था और लगभग दो महीने पूर्व पात्रता सूची की जांच के लिए डलमऊ तहसील सूची भेजी गई लेकिन संबंधित अधिकारी के अनदेखी के चलते अब तक जांच रिपोर्ट संबंधित विभाग को नहीं भेजी गई जिससे आवास पाने की आश अधर में लटकी हुई है और हद तो तब हो गई की उप जिला अधिकारी दलमान को पात्रता जांच की सूची देने के बाद जांच रिपोर्ट वापस आने की शुद् तक नहीं है उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि पात्रता की जांच के लिए क्षेत्रीय लेखपालों को सूची दी गई है और शीघ्र ही जांच रिपोर्ट मंगवाकर संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी।

## अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किए गए निर्माण को राजस्व प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कब्ज मुक्त कराते हुए जमीन को संरक्षित किया इस दौरान राजस्व विभाग के साथ ही पंचायत सचिव एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहा गौरतलब हो की बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत विकास क्षेत्र शिवगढ़ के ग्राम पंचायत खजूरों में शमशान की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को गिराकर सरकारी जमीन को संरक्षित किया गया इस दौरान राजस्व विभाग के साथ ही पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा वही राजस्व विभाग की टीम की अगुवाई कर रहे तहसील महराजगंज के राजस्व निरीक्षक मोहम्मद अहमद ने बताया की उप जिला अधिकारी महाराजगंज राजित राम गुप्ता के निर्देश पर राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने सरकारी जमीनों से आक्रमण हटाओ अभियान के तहत शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरों गांव में गाटा संख्या 1409 जो अभिलेखों में शमशान की भूमि दर्ज है उस पर गांव की ही कोमल पत्नी हरिपाल प्रजापति के द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बनाकर निर्माण किया जा रहा था जिन्हे विभाग द्वारा कई बार नोटिस भी दी गई साथ ही इनके खिलाफ स्थानीय शिवगढ़ थाने पर भी हल्का लेखपाल अनिल चौधरी द्वारा तहरीर देकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी लेकिन यह नहीं माने और वहां पर अवैध निर्माण करने के साथ ही मिट्टी डालकर समतलीकरण का कार्य किया जा रहा था जिसे बुधवार को उप जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त गाटा संख्या की जमीन को इनके कब्जे से मुक्त कराते हुए जमीन संरक्षित की गई इस दौरान हल्का लेखपाल अनिल चौधरी के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी ,पंचायत सचिव व शिवगढ़ थाने की पुलिस टीम मौजूद रही

## रोजगार मेला : 189 लोगों को मिला रोजगार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड राही के प्रांगण में किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी प्रा0लि0, लेन्सकार्ट, याजाकी इण्डिया, माइक्रोमैक्स, डॉन बास्को, सफायर हेल्थ साल्यूशन, वेलस्पन इण्डिया, पेटीएम, एससीएम गारमेन्ट, शिवशक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थकेयर, बजाज एलियांस, जिओ फाईबर एवं एजुकेट गर्लस द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में कुल 476 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 189 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव द्वारा मेले में चयनित कुछ लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मेले में खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर जिला समन्वयक नेहा, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव, जिला कौशल प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह, जिला कौशल प्रबन्धक धर्मेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यकम प्रबन्धक दिनेश पाल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जीएसटी दरों में सरकार से की सुधार की मांग

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** होटल व्यवसाय में जुड़े प्रकाश रेस्टोरेंट एवं लाज के मालिक अरुण प्रकाश उर्फ भोला तिवारी ने कहा कि होटल व्यवसाय में जीएसटी में बढ़ोतरी की जरूरत है। इसको 12 फीसदी की जगह 18 फीसदी होना चाहिए। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। विदोखर पुरई के किसान उदयभान यादव ने कहा कि सरकार को किसानों को राहत देने के लिए उर्वरकों के साथ कीटनाशकों एवं बीज के दामों में कमी के प्रयास करना चाहिए। इससे किसानों को राहत मिलेगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि केंद्र सरकार को जीएसटी की विसंगतियों को दूर करना चाहिए और एक सीमित दरों पर व्यापारियों को राहत देने का कार्य करना चाहिए। इससे व्यापार में सुधार में होगा।

## पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन संपन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




जनपद के जिला पंचायत सभागार में हर वर्ष की भांति इस बार भी पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पाली में विकास खंड महाराजगंज, शिवगढ़ और द्वितीय पाली में विकास खंड ऊंचाहार, रोहनियां के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं सभी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं नगर पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सम्मेलन में आये हुए सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों में उन अति आवश्यक कार्यों का विवरण मांगा गया जिन कामों को एम.एल.सी निधि से,जिला पंचायत से अथवा राज्य सरकार से करा कर रायबरेली जनपद के समग्र विकास में अपना योगदान दिया जा सके। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों रायबरेली के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि जनपद वासियों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि पंचायत सम्मेलन का क्रम आगे भी अन्य विकास खंडों के सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सुलभ तिथियों में आयोजित किया जाएगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 05/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान और शंटिंग कार्य के लिए इन सभी लाइनों को एक छोर पर जोड़ना और ट्रेन सेट डिपो सी.बी.जे. में वाशिंग पिट की नाली को लोहे के मेश से ढकने के साथ-साथ लोको मूवमेन्ट के लिए वाशिंग लाइन को उपयुक्त बनाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 4,44,92,285.85, बयाना राशि रूपयो में : रू. 3,72,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 6 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 21.02.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू - 522

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## टूटे न जीवन की डोर

जब 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में देश के करोड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम व वर्चुअल संवाद के जरिये प्रधानमंत्री परीक्षा भय से मुक्त होने की बात कर रहे थे, देश के कई भागों से छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही थीं। जाहिर है अभिभावक व शिक्षक इन बच्चों के मानसिक द्वंद्व व वास्तविक दिक्कतों को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसके चलते इन बच्चों को मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प नजर आ रहा है। निश्चित रूप से परीक्षा का भय इस कदर बच्चों पर हावी है कि उन्हें लगने लगता है कि परीक्षा में असफलता के बाद जीवन में कुछ शेष नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस संबोधन में इन तमाम चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने गहरी बात कही किद्द 'बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं।' यह एक हकीकत है कि अपने जीवन में शैक्षिक व रोजगारपरक लक्ष्यों को हासिल न कर पाने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर व इंजीनियर बनने की उम्मीद पाल बैठते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए यह नहीं सोचते कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं और हमारी उम्मीदों का बोझ वे किस सीमा तक बर्दाश्त कर पाएंगे। संगरूर में मेरिटोरियस स्कूल के हॉस्टल से एक छात्र के पिता को फोन जाता है कि तुम्हारे बच्चे के नंबर कम आए हैं। उसे हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। इसके तीन घंटे बाद खबर आई कि छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां इस फोन करने वाले शिक्षक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि उसने ऐसा संवेदनहीन व्यवहार क्यों किया। क्या नंबर कम आने के लिये छात्र को हॉस्टल से निकाल देना समस्या का समाधान है? यह दबाव अभिभावकों पर बना तो छात्र तनाव में आ गया। क्या उन कारणों की पड़ताल नहीं की जानी चाहिए थी जिसकी वजह से छात्र के नंबर कम आए? नये दौर में संक्रमणकाल से गुजर रहे छात्रों को समझने में क्या शिक्षक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं? वहीं दूसरी ओर कोचिंग बाजार का गढ़ बन चुके कोटा में छात्रों की आत्महत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। कोटा से फिर एक संभावना के अस्त होने की खबर आ रही है। वहां से बुरी खबर आई कि सोमवार को जेईई व नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 साल की निहारिका ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले लिखे पत्र में उसने लिखा- 'मम्मी-पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती, इसलिए सुसाइड कर रही हूं। आई एम लूजर, यही लास्ट ऑप्शन है।' जाहिर है बच्ची इतनी भयाक्रांत थी कि परीक्षा से पहले ही आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। जाहिर है इस फैसले में परिवार की उम्मीदों का बोझ ही शामिल होगा।

# भारत-फ्रांस व्यावहारिक साझेदारी का नया सोपान

**इन्द्र दमन तिवारी**

एक जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने का साझा दृढ़ संकल्प दो वैश्विक शक्तियों के मध्य विश्वास और व्यावहारिक साझेदारी विकसित करने में मदद करता है, इसका एक उदाहरण प्रस्तुत हुआ जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की दो दिन की भारत यात्रा शुरु हुई, ऐसी राजकीय यात्रा को आकस्मिक कहना उचित नहीं होगा क्योंकि ऐसी यात्राओं का कार्यक्रम महीनों पहले अवश्य बन जाता है किंतु इस यात्रा का कार्यक्रम अचानक तब ही बना जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की भारत यात्रा रद्द हो गई। इस यात्रा से बहुत कुछ निकले या न निकले, फ्रांस ने बहुत नाजुक मौके पर भारत की लाज़ बचाई है, इस यात्रा के दौरान कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ, भारत-फ्रांस संबंध एक-दूसरे की रणनीतिक स्वायत्तता के सम्मान पर निर्मित हैं, फ्रांस भारत के आंतरिक मामलों या उसकी विदेश नीति विकल्पों पर टिप्पणी करने से इनकार करने में तटस्थ बना रहा है, इस दौरान टाटा और एयरबस के बीच हल्के हेलीकॉप्टर के भारत में निर्माण के समझौते की घोषणा जरूर हुई है। मैक्रों फ्रांस के छठे ऐसे राष्ट्रपति हैं, जो भारत में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बने हैं, गणतंत्र परेड में सबसे ज्यादा बार मुख्य अतिथि बनने का गौरव भी फ्रांस के नाम है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों ने दोनों देशों के बीच विश्वसनीय साझेदारी को प्रदर्शित करने के लिए प्रधानमंत्री के साथ जयपुर, राजस्थान में एक रोड शो में भी भाग लिया। उन्होंने प्राचीन भारतीय विज्ञान और ज्ञान के प्रतीक जंतर-मंतर एवं हवामहल का दौरा किया। उनके एजेंडे में संभवतः आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आगे के सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान पर चर्चा करने के लिए भारतीय नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें शामिल रहीं। गत वर्ष, भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल 14 जुलाई को पेरिस में आयोजित 'बास्तील डे परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया था, यह कार्यक्रम फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह का हिस्सा था। रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा के ठीक पहले जुलाई में ही फ्रांस से (नौसेना के इस्तेमाल के लिए) 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने को मंजूरी दी थी, जिनकी तैनाती देश में ही निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर की जाएगी, रूस के बाद इस समय भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा सप्लायर फ्रांस है। भारतीय वायु सेना में पहली पीढ़ी के दासो ऑरैगां (तूफानी) लड़ाकू विमानों से लेकर हाल में पनडुब्बी और राफेल-एम सौदे तक भारत ने फ्रांस से कई हाई-टेक रक्षा सामग्री की खरीद की है। इनमें स्कोर्पिन क्लास पनडुब्बी, मिराज़-2000 लड़ाकू विमान और राफेल लड़ाकू विमान प्रमुख हैं, इनके अलावा मिस्टीयर, एलीज़ एल्वेत्त, जैगुआर (एंग्लो-फ्रेंच) विमान इस सहयोग के गवाह हैं, तकनीकी हस्तांतरण के माध्यम से फ्रांस 'मेक इन इंडिया' और आधुनिकीकरण में हमारी सहायता कर रहा है। मैक्रों के इस दौरे से यह बात स्पष्ट हुई है कि भारत और फ्रांस के रिश्तों की गहराई क्रमशः बढ़ती जा रही है और यूरोप में वह हमारा सबसे बड़ा मित्र देश है। यह दूसरा मौका होगा, जब अमेरिकी राष्ट्रपति का दौरा रद्द होने पर उनका स्थान फ्रांस के नेता ने लिया, 1975 में भारत में आपातकाल की घोषणा के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड ने अपनी भारत यात्रा स्थगित कर दी थी।



**पश्चिम में भारत के प्रति कटुता बढ़ रही थी, इसके बावजूद जनवरी 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री याक शिराक गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनकर आए, शिराक के बाद निकोलस सरकोज़ी, फ्रांस्वा होलां से लेकर इमैनुएल मैक्रों तक सभी राष्ट्रनेताओं ने भारत के साथ रिश्ते बनाकर रखे है। यूरोपियन यूनियन के बाहर फ्रांस ने पहली बार जिस देश के साथ रणनीतिक सहयोग स्थापित किया वह भारत ही है, 1974 में जब भारत ने पहली बार परमाणु परीक्षण किया, तब अमेरिका ने तारापुर संयंत्र के लिए यूरेनियम ईंधन की सप्लाई रोक दी, तब फ्रांस ने ईंधन उपलब्ध करवाया। 1998 के नाभिकीय परीक्षणों के बाद दुनियाभर ने हमारी आलोचना शुरू कर दी, तब अमेरिका, जापान, कनाडा और ब्रिटेन ने तो पाबंदियाँ लगा दीं।**

पश्चिम में भारत के प्रति कटुता बढ़ रही थी, इसके बावजूद जनवरी 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री याक शिराक गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनकर आए, शिराक के बाद निकोलस सरकोज़ी, फ्रांस्वा होलां से लेकर इमैनुएल मैक्रों तक सभी राष्ट्रनेताओं ने भारत के साथ रिश्ते बनाकर रखे है। यूरोपियन यूनियन के बाहर फ्रांस ने पहली बार जिस देश के साथ रणनीतिक सहयोग स्थापित किया वह भारत ही है, 1974 में जब भारत ने पहली बार परमाणु परीक्षण किया, तब अमेरिका ने तारापुर संयंत्र के लिए यूरेनियम ईंधन की सप्लाई रोक दी, तब फ्रांस ने ईंधन उपलब्ध करवाया। 1998 के नाभिकीय परीक्षणों के बाद दुनियाभर ने हमारी आलोचना शुरू कर दी, तब अमेरिका, जापान, कनाडा और ब्रिटेन ने तो पाबंदियाँ लगा दीं, रूस जैसे मित्र ने भी हमारी निंदा की, यह बड़ा भावनात्मक झटका था। तत्कालीन वैश्विक शक्तियों में फ्रांस अकेला ऐसा देश था, जिसने भारत के कदम का समर्थन किया, जनवरी 1998 में राष्ट्रपति याक शिराक ने भारत को वैश्विक नाभिकीय-व्यवस्था से बाहर रखे जाने को गलत बताया और कहा था कि इसे बदलने की जरूरत है। फ्राँस ही एकमात्र देश है जिसके साथ भारतीय नौसेना ने अब तक कोई संयुक्त गश्त की है और भविष्य की योजनाओं के तहत द्विपक्षीय आधार पर दोनों नौसेनाओं द्वारा पोर्ट कॉल एवं सैन्य-सर्वेक्षण के लिये रीयूनियन, न्यू कैलेडोनिया एवं फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे फ्राँसीसी क्षेत्र और यहाँ तक कि भारत के अंडमान द्वीप समूह में संयुक्त अभ्यास किये जा सकते हैं। हिंद-प्रशांत पर हाल ही में जारी 'इंडिया-फ्रांस इंडो-पैसिफिक रोडमैप' भी स्पष्ट करता है कि कोई भी पक्ष दूसरे को अपने अन्य किसी क्षेत्रीय सैन्य गठबंधन में खींचने का प्रयास नहीं कर रहा है। निजी एवं विदेशी निवेश में वृद्धि के साथ घरेलू हथियार उत्पादन का विस्तार करने की भारत की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में फ्राँस सदैव महत्त्वपूर्ण भूमिका रखता आया है। दोनों देशों के बीच चर्चा में कनेक्टिविटी, जलवायु परिवर्तन, साइबर-सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित सहयोग के विभिन्न उभरते क्षेत्रों को शामिल किया जाते रहे हैं। भारत को फ्रांस स्वतंत्र दृष्टि से देखता है, 'एंग्लो सैक्सन' यानी अंग्रेजी नज़रिए से नहीं, इसके अलावा वह नब्बे के दशक से ही दुनिया को एक ध्रुवीय यानी अमेरिका-केंद्रित बनाने के बजाय बहुध्रुवीय बनाने का पक्षधर है। पुनः जन्म ले रहे शीतयुद्ध की परिस्थितियों में वह भी गुटों से अलग रहने का पक्षधर है, जो भारत के दृष्टिकोण से मेल खाता है। यद्यपि यह एक बहुध्रुवीय, बहुपक्षीय दुनिया है जहां विभिन्न देश अपनी प्राथमिकताओं और जटिल अंतरनिर्भरता के आधार पर एक साथ काम करते हैं, द्विपक्षीय सम्बन्ध अभी भी एक साथ काम करने की इस संस्कृति को बढ़ावा देने में एक केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। दूसरी ओर, एक देश जितना अधिक अकेले चलने की कोशिश करता है, उसके गिरने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। भारत इसे अच्छी तरह से जानता है और इसलिए अकेले चलने में अपनी ऊर्जा निवेश करने के बजाय, वह फ्रांस जैसे समान विचारधारा वाले देशों के साथ जुड़ता है और सहयोग करता है। वैश्विक राजनीति में सफलता की यही स्वर्णिम कुंजी है और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की भारत की आधिकारिक यात्रा निश्चित रूप से दोनों देशों के साथ विश्व के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## राजनैतिक शिष्टाचार की जरूरत

प. बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में आयोजित एक रैली में राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जतलाते हुए कहा कि- श्जब आपके बच्चे स्कूल से वापस आ रहे हैं तो वे कुछ भी जवाब नहीं दे सकते हैं। आप उन्हें थप्पड़ मार रहे हैं और उनसे सवाल कर रहे हैं कि स्कूल में क्या पढ़ा है। अपने बच्चों को थप्पड़ मारने के बजाय, ममता बनर्जी को थप्पड़ मारें क्योंकि उन्होंने शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है। मूलतः बांग्ला में दिए इस बयान को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है और इस पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच टकराव और बढ़ चुका है। विपक्षी दल का मुखिया होने के नाते सुकांत मजूमदार को सरकार के फैसलों की समीक्षा करने, नीतियों की आलोचना करने और कमजोरियों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने का पूरा हक है। लोकतंत्र में इसी लिहाज से मजबूत विपक्ष को जरूरी भी माना गया है। लेकिन ये मजबूती मौखिक नहीं व्यावहारिक तौर पर नजर आनी चाहिए। अपने राज्य की मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारने जैसे बयान देना विपक्षी धर्म का पालन नहीं है, बल्कि यह विरोधी के लिए नफरत का इजहार है। कुछ ऐसी ही नफरत प.बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व तृणमूल कांग्रेसी सुवेंदु अधिकारी ने राहुल गांधी के लिए दिखाई। गौरतलब है कि श्री गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। यात्रा अभी बिहार में है, इससे पहले प.बंगाल और पूर्वोत्तर में थी। असम में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के शासन में पनपे भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने बताया था कि कैसे हरेक संसाधन पर कुछ मुठ्ठी भर लोगों का ही कब्जा हो गया है और इसके उदाहरण के लिए उन्होंने बताया था कि जिस स्टोव में आप सुबह चाय गर्म करने के लिए कोयला जलाते हो, वो कोयला भी किसका है। राहुल गांधी एक व्यापक मुद्दे को जनता के सामने रख रहे थे, लेकिन सिगड़ी या अंगीठी की जगह उन्होंने स्टोव शब्द का इस्तेमाल किया तो भाजपा ने इसे फिर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भुनाना शुरु कर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने श्री गांधी को सोशल मीडिया पर घेरते हुए लिखा- स्टोव पर कोयला? आपके आलू से सोना बनाने वाली बात से हम उबर ही रहे थे कि आपने स्टोव में कोयला डालकर हमें असमंजस में डाल दिया। इसके बाद और भी कई भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाया। भाजपा के ट्विटर हैंडल पर इसे डाला गया और मुख्यधारा के मीडिया ने भी बिना जांच-पड़ताल राहुल गांधी को कमअक्ल साबित कर दिया। जबकि ऑक्सफोर्ड शब्दकोष के मुताबिक स्टोव का एक अर्थ धातु का एक बंद बक्सा है, जिसमें कोयला, लकड़ी आदि डालकर गर्म किया जाता है।

दरअसल भाजपा और उसके समर्थक पत्रकारों के लिए मुद्दा सिगड़ी या अंगीठी कहने की बजाए स्टोव कहने का था ही नहीं, उन्हें किसी भी तरह राहुल गांधी को नीचा दिखाना था। इसी राजनीति के तहत सुवेंदु अधिकारी ने भी राहुल गांधी पर कैमरे के सामने बरसते हुए कहा कि श्मैं पिछले चार दिनों से लगातार राहुल गांधी के बारे में सुन रहा हूं। वह कौन हैं?श् कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि वह सुबह चाय बनाने के लिए चूल्हे पर कोयले के टुकड़े डालते हैं. ये कोई तथ्य है कि कोयला चूल्हे पर डाला जा सकता है, ये मेरी जानकारी या समझ से परे था।श् इसी बयान के बीच में श्री अधिकारी ने राहुल गांधी के लिए एक अपशब्द का प्रयोग किया, जिसे बीप की आवाज के जरिए वीडियो में दबाया गया। कल्पना की जा सकती है कि देश की सबसे बड़ी और सबसे ताकतवर पार्टी के नेता ने कैसी भाषा का इस्तेमाल किया होगा, जिसे सार्वजनिक तौर पर सुना भी नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर इस बात की शिकायत करते हैं कि उन्हें उनके विरोधी खूब कोसते हैं। अपनी आलोचना को श्री मोदी ने गाली शब्द का नाम दिया है और वे कह चुके हैं कि ये गालियां उनके लिए टॉनिक का काम करती हैं। प्रधानमंत्री की इस बात में कुछ गलत नहीं है, क्योंकि जब भी उन्हें भला-बुरा कहा जाता है, उन्हें लोगों की सहानुभूति और अधिक मिल जाती है।

**विचार**

# लोकसभा चुनाव 2024 पास आया-सीएए यूसीसी का मुद्दा गरमाया

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**29 जनवरी 2024 को एक केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए सीएए पर बयान की करें तो सत्ताधारी पार्टी शीघ्र ही अपने दो लंबित विवादित मुद्दों नागरिकतासंशोधन अधिनियम (सीएए) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की दिशा में बढ़ रही है। सीएए केंद्र सरकार को लागू करना है, जबकि यूसीसी को अपनाने के लिए कुछ राज्य कानूनी प्रक्रिया शुरू करने वाले हैं।**

वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जिसमें हजारों जातियां अनेकों धर्मों के लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में साथ साथ रहते हैं। हर धर्म का सम्मान हर नागरिक करने के लिए तत्पर रहता है, चाहे वह हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई या किसी भी धर्म जाति का हो उनके हर त्यौहार में सभी मिलकर भाग लेकर मानते हैंपरंतु हम पिछले कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि एक ध्रुवीकरण की राजनीति जोर-शोर से चल रही है और ऐसी अनर्गल बयान बाजियां हो रही है जो तथ्यों से परे है। अभी हाल ही में कुछ दिनों में कुछ बयान मीडिया में सामने आया कि शिक्षा क्षेत्र में आरक्षित वर्ग को समाप्त किया जाएगा या फिर सोमवार 29 जनवरी 2024 को एक केंद्रीय मंत्री का बयान आया है कि सीएए को जल्द ही लागू कर दिया जाएगा, इसे 7 दिनों में के अंदर लागू कर दिया जाएगा, जबकि अभी 31 मार्च 2024 से 9 दिवसीय बजट सत्र शुरू हुआ है जिसमें 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। ऐसा मेरा मानना है कि एक सप्ताह में इसे लागू करना मुमकिन नहीं है। इसके रिएक्शन में पश्चिम बंगाल के सीएम का बयान आया कि अपने जीवन काल में वह कभी भी इसे लागू नहीं करेगी। जबकि उत्तराखंड सीएम का बयान आया के 5 फरवरी को यूसीसी विधानसभा के सत्र में पेश किया जाएगा, जिसका ड्राफ्ट एक या दो फरवरी को मिलने की संभावना है। जैसा कि हम जानते हैं कि चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 पास आया यूसीसी मुद्दा गर्माया। चूंकि लोकसभा चुनाव के पर्व का मेला सजने लगा है, यूसीसी सीएए, सीएनएन पर अनर्गल बयान बाजी का खेला इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सीएए एनआरसी,यूसीसी जैसे राजनीतिक ध्रुवीकरण मुद्दों पर रचनात्मक बातचीत में बाधा पहुंचाने वाले बायानों से बचने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम दिनांक 29 जनवरी 2024 को एक केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए सीएए पर बयान की करें तो सत्ताधारी पार्टी शीघ्र ही अपने दो लंबित विवादित मुद्दों नागरिकतासंशोधन अधिनियम (सीएए) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की दिशा में बढ़ रही है। सीएए केंद्र सरकार को लागू करना है, जबकि यूसीसी को अपनाने के लिए कुछ राज्य कानूनी प्रक्रिया शुरू करने वाले हैं। उधर एक केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को एक समाचार चैनल को बताया कि देश में एक सप्ताह के अंदर सीएए लागू कर दिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना में पड़ने वाली बनगांव सीट से सांसद हैं।भारत बांग्लादेश सीमा के पास इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति के मतुआ समुदाय की बहुत बड़ी आबादी रहती है।पूर्व मेंपार्टी बांग्लादेश में रहने वाले इस समुदाय के लोगों का उत्पीड़न रोकने और भाग कर भारत आ चुके लोगों को भारतीय नागरिकता देने की मांग करती रही है। चुनाव के दौरान पार्टी पड़ोसी देश से अवैध घुसपैठ के मसले को भी जोर-शोर से उठाती है। मतुआ समुदाय से आने वाले पत्तन, पोत परिवहन औरजलमार्ग केंद्रीय राज्य मंत्री ने भी बीते रविवार को इसी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। सीएए के माध्यम से ऐसे गैर मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है जो अपने देश में उत्पीड़न से तंग आकर भारत आ गए हैं। जिन्हें इस कानून का लाभ मिलेगा, उनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई धर्मों के ऐसे लोग शामिल हैं, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आ चुके हैं। संसद ने सीएए कानून को दिसंबर 2019 में पारित कर दिया था। सबसे पुरानी पीढ़यां और अन्य विपक्षी दलों ने इस कानून का खुलकर विरोध किया था। इस कानून के विरोध में देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। सूत्रों का कहना है कि सीएए के लिए नियम लोकसभा चुनावों की घोषणा से बहुत पहले अधिसूचित किए जा सकते हैं। पिछले महीने कोलकाता में एक बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा था कि सीएए को लागू करने से और नहीं टाला जा सकता। केन्द्र के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बंगाल सीएम ने आरोप लगाया कि वो पिछले पांच साल से सीएए के मुद्दे पर लोगों को मूर्ख बनाने का प्रयास करती रही है। ऐसा ही वह अब कर रही है। एक पार्टी के प्रवक्ता ने कहा,हमारी पार्टी की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कह दिया है कि राज्य में सीएए लागू नहीं किया जाएगा। रूलिंग पार्टी नेता लोकसभा चुनाव से पहले ऐसे झूठे वादे कर राजनीतिक तिकड़मबाजी का प्रयास कर रहे हैं। संसदीय प्रक्रिया के मुताबिक, सीएए नियम संसद में कानून पारित होने के छह महीने के भीतर तैयार हो जाने चाहिए। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री इन नियमों को लाने के लिए संसदीय समिति से नियमित रूप से समय विस्तार लेते रहे हैं।सीएए में क्या है?साल 2019 लाए गए सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में बसे बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।



## राशिफल

**मेष:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**बृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन् करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

# नीतीश के फैसले से जद (यू) का भविष्य अंधकारमय

**कल्याणी शंकर**




**जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के प्रवक्ता के सी त्यागी ने कांग्रेस पार्टी पर विपक्षी गुट पर हावी होने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। 13 जनवरी को मुंबई में सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी ने नीतीश कुमार को ब्लॉक के संयोजक के रूप में प्रस्तावित किया। इस सुझाव का उपस्थित अधिकांश अन्य नेताओं ने समर्थन किया। हालांकि, राहुल गांधी ने अपनी असहमति जताई। बाद में ममता बनर्जी ने गठबंधन प्रमुख के रूप में कांग्रेस प्रमुख खड़गे का नाम प्रस्तावित किया, त्यागी का दावा है कि यह एक व्यापक साजिश का हिस्सा था। त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार ने एक गठबंधन बनाया जो सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एकजुट करता है। हालांकि, अब यह विघटित हो रहा है। पंजाब और बिहार में स्थिति खराब होने की कगार पर है और पश्चिम बंगाल में भी इंडिया गुट टूट रहा है। नीतीश कुमार ने पुष्टि की कि उन्होंने इंडिया गठबंधन छोड़ दिया है।**

रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में वापसी का बम फोड़ दिया। उन्होंने इंडिया विपक्षी गठबंधन भी छोड़ दिया, जिसे उन्होंने आठ महीने पहले बनाने की पहल की थी। इससे इंडिया गठबंधन को एक बड़ा महत्वपूर्ण झटका लगा है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक ने भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में हराने का एक मौका गंवा दिया लगता है। यह तलाशने लायक है कि बिहार की राजनीति राष्ट्रीय परिदृश्य को कैसे प्रभावित कर सकती है। कुमार के एन.डी.ए. में लौटने के निर्णय से भाजपा को राजनीतिक लाभ हो सकता है और इससे बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस कमजोर भी हो सकती है। यह अंततरू राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को प्रभावित कर सकता है। यह भाजपा-जद(यू) साझेदारी भाजपा की चुनावी संभावनाओं में सुधार कर सकती है जिससे आगामी 2024 के आम चुनावों में भाजपा और एनडीए को अधिक सीटें मिल सकती हैं और मोदी को जीत की हैट्रिक हासिल करने में भी मदद मिल सकती है। भाजपा ने स्पष्ट रूप से विपक्षी गठबंधन को तोड़ने और जद(यू) गठबंधन के साथ साझेदारी करने की कोशिश की है। पार्टी बिहार में नीतीश कुमार को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखती है और मानती है कि उनकी साझेदारी 2024 के चुनावों में जीत हासिल करा सकती है। मौजूदा विधानसभा में कुमार के पास केवल 45 सीटें हैं, जबकि राजद और भाजपा के पास क्रमशः 79 और 78 सीटें हैं। इसके बावजूद नीतीश मुख्यमंत्री बने रहने में कामयाब रहे।

क्या नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन छोड़ने में कांग्रेस पार्टी का हाथ था? इस झटके के पीछे की वजह नीतीश को किनारे करने और कांग्रेस को आगे बढ़ाने का फैसला था। कुमार ने कांग्रेस पार्टी पर इंडिया गठबंधन के असफल होने के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया और तर्क दिया कि संवादहीनता की स्थिति के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।

जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के प्रवक्ता के सी त्यागी ने कांग्रेस पार्टी पर विपक्षी गुट पर हावी होने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। 13 जनवरी को मुंबई में सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी ने नीतीश कुमार को ब्लॉक के संयोजक के रूप में प्रस्तावित किया। इस सुझाव का उपस्थित अधिकांश अन्य नेताओं ने समर्थन किया। हालांकि, राहुल गांधी ने अपनी असहमति जताई। बाद में ममता बनर्जी ने गठबंधन प्रमुख के रूप में कांग्रेस प्रमुख खड़गे का नाम प्रस्तावित किया, त्यागी का दावा है कि यह एक व्यापक साजिश का हिस्सा था। त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार ने एक गठबंधन बनाया जो सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एकजुट करता है। हालांकि, अब यह विघटित हो रहा है। पंजाब और बिहार में स्थिति खराब होने की कगार पर है और पश्चिम बंगाल में भी इंडिया गुट टूट रहा है। नीतीश कुमार ने पुष्टि की कि उन्होंने इंडिया गठबंधन छोड़ दिया है क्योंकि यह गठबंधन उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्हें लगा कि गठबंधन के लक्ष्यों की दिशा में काम करने वाले वे एकमात्र व्यक्ति हैं। हालांकि इस साझेदारी ने सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एक साथ ला दिया, लेकिन गठबंधन बिहार में बिखर गया और पंजाब और बंगाल में लगभग ध्वस्त हो गया। एक अनकही कहानी भी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लक्ष्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस योजना का मकसद लालू यादव के बेटे के लिए बिहार का मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफकरना था। हालांकि, यह योजना तब विफल हो गई जब मल्लिकार्जुन खड़गे को नये गठबंधन के नेता के रूप में चुना गया। नतीजतन, नीतीश कुमार ने बेहतर भविष्य के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।

नतीजों की परवाह किये बिना सत्ता पर काबिज रहने की उनकी अटूट इच्छा के कारण कुमार की विश्वसनीयता धूमिल हो गई है। उन्होंने हमेशा अपने फायदे के लिए कई बार राजनीतिक निष्ठाएं बदली हैं और वर्तमान में उनके पास बिहार में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री का खिताब है।

नीतीश का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि 2013 में दूसरे विकल्प तलाशने के बाद नीतीश कुमार ने भाजपा छोड़ दी और राजद तथा कांग्रेस से गठबंधन किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के साथ गठबंधन किया, और 2020 में फिर मुख्यमंत्री बने।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेंसी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# गौशालाओं में भूसे के नाम पर लाखों रुपए ठिकाने लगा रहे जिम्मेदार

▶ रामूपुरा गौशाला में गोवंशों को खिलाया जा रहा है पिपरमेंट का कचरा




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा में ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित गौ शालाओं की हालत गंभीर बनी हुई हैं सरकार से लाखो रुपए इनके संरक्षण के लिए आने के बावजूद जिम्मेदार सिर्फ पैसों को ठिकाने लगा रहे हैं ताजा मामला जैतपुर विकासखंड के अंतर्गत रामूपुरा गौशाला का है जहां पर अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद की जिला अध्यक्ष प्रियंका सक्सेना ने मौके पर जाकर गौ शालाओं की हकीकत परखी उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में 70 गोवंश हैं जिनके लिए सरकार से एक वर्ष में भूसा आपूर्ति हेतु 7 लाख 56 हजार रुपया दिया जाता है 70 गोवंशों के लिए प्रतिदिन भूसा खिलाने के लिए लगभग 2100 रुपए की धनराशि दी जा रही है लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा इस धनराशि का वर्षों से बंदरबांट किया जा रहा है और गोवंशों को पिपरमेंट का कूड़ा कचरा खिलाया जा रहा है जिससे अधिकांश गोवंशों की हालत खराब दिखाई दे रही है गौशाला में कहीं भी गेहूं का भूसा दिखाई नहीं दे रहा है गौशाला की यह दुर्दशा स्वयं अखिल भारती गौ रक्षा परिषद की जिला अध्यक्ष प्रियंका सक्सेना ने देखी और चरवाहों से बात भी की मौके पर उन्होंने स्वयं पिपरमेंट का कूड़ा कचरा खाते हुए गौवंशों को देखा यह देखकर वह बहुत ही व्यथित हुई और उन्होंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है जिससे भ्रष्ट सचिव व प्रधान के हौसले बुलंद है।

इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी मूलचंद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इसकी मै जांच करवाता हूं यदि ऐसी स्थिति है तो निश्चित रूप से ठोस कार्रवाई की जाएगी

# जिले के प्रत्येक गांव मजरा में पहुंचेगी मोबाइल वैन

▶ उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी
▶ लोग अपने मतदेय स्थल पर जाकर प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम में कर सकते हैं प्रतिभाग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ईवीएम/वीवी पैट से संबंधित प्रशिक्षण एवं जागरुकता के प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय तथा जिले की तीनों तहसीलों पर ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों (ईडीसी) के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत 10 जनवरी से कर दी गई है।

ईवीएम/वीवी पैट से संबंधित प्रशिक्षण एवं जागरुकता के लिए जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम प्रदर्शन, केंद्रों का शुभारम्भ किया। जिले में 02 मोबाइल प्रदर्शन वैन (एमडीवी) के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम 25 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। जिसमें मोबाइल वैन जनपद की विधानसभाओं यथा 230-महोबा तथा 231-चरखारी में प्रत्येक गांव/मजरा तथा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्रशिक्षण एवं जागरुकता हेतु जाएगी। लोग जिला स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय तथा जनपद की तीनों तहसीलों पर उपस्थित होकर ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं तथा मोबाइल प्रदर्शन वैन जनपद के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर जाएगी। लोग अपने मतदेय स्थल पर जाकर प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# बुंदेलों के खून से लिखे खतों का पीएमओ ने लिया संज्ञान

▶ कार्रवाई के लिए यूपी के मुख्य सचिव के पास भेजा




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 99वें जन्मदिन पर बुंदेली समाज के सदस्यों के हाथों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए खून से खतों को प्रधानमंत्री कार्यालय ने संज्ञान में लिया है और क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को खत लिखकर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि उनके पास प्रधानमंत्री कार्यालय से इस बाबत एक पत्र आया है। 10 जनवरी को लिखे इस पत्र में सेक्शन अफसर शिक्षा शर्मा ने लिखा है कि आपकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए मुख्य सचिव को निर्देशित किया गया है। साथ ही क्या कार्रवाई हुई, इसके बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ आपको भी पत्र द्वारा अवगत कराने के लिए निर्देश दिये गये हैं। पाटकर ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ अब तक प्रधानमंत्री को 35 बार अपने खून से खत लिखकर भेज चुके हैं। इन खतों में महोबा समेत पूरे बुंदेलखंड की मरणासन्न स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा सबसे प्रमुख होता है। इसके अलावा बुंदेलखंड राज्य की मांग व बुंदेलखंड को खनन हब न बनाकर पर्यटन हब बनाने की मांग भी प्रमुख होती है। हम बुंदेले अब तक एक हजार से अधिक खत प्रधानमंत्री को अपने खून से लिख चुके हैं। बुंदेलखंड में एम्स की मांग को लेकर हम महोबा के आल्हा चौक में 259 दिन अनशन कर चुके हैं। इसके अलावा पिछले 9 साल से जूते चप्पल त्याग कर नंगे पैर चल रहे हैं और डेढ़ वर्ष से अन्न त्याग सत्याग्रह कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन शॉपिंग पर 10% कर लगाने की व्यवस्था की जाए



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की इटावा जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने मांग की है कि कुटीर व घरेलू उद्योगों व रिटेल व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग पर दस प्रतिशत कर लगाने की व्यवस्था की जाए। व्यापार मंडल नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव नें मंडी शुल्क खत्म करनें की मांग की है साथ ही दैनिक इस्तेमाल की चीज जेसे अनाज गेहूं चावल दाल आटा कपड़ा आदी से जीएसटी समाप्त किया जाए। उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज ने कहा कि व्यापारी वर्ग पर केंद्रीय बजट में महंगाई पर काबू पाने का प्रयास हो। कपास के दाम में तेजी से होजरी एवं कपड़ों पर 30 से 40 प्रतिशत भाव बढ़ गए हैं, कपड़े से जीएसटी खत्म की जाये, तथा नये कुटीर और लघु उघोगों को दस साल तक सभी टैक्सो से मुक्ति मिले। एक फरवरी को आने वाले बजट पर व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सरदार मनदीप सिंह ने मांग की है कि जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार ने कहा था कि एक राष्ट्र एक टैक्स किंतु दावा हवा हवाई साबित हुआ आज भी व्यापारी जीएसटी की अलग-अलग दरें झेल रहा है।

### विकास भदौरिया का हुआ स्वागत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के नवनियुक्त विधानसभा संयोजक विकास भदौरिया का जसवन्तनगर में प्रथम आगमन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया।हाईवे स्थित एक होटल पर आयोजित अपने स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्री भदौरिया ने कहा कि अब लोग भाजपा से राजनैतिक दृष्टि से नहीं दिल से जुड़े हैं। पिछले लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार अप्रत्याशित चुनाव परिणाम पार्टी के पक्ष में आएंगे। इसके लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से जमीनी तैयारी शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चाहे वह जिला, मंडल प्रदेश या राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी हों सभी को पार्टी ने यह जिम्मेदारी दी है कि एक दिन गांव प्रवास अवश्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी कर और करनी एक है राम मंदिर बनने की तारीख भी बताई थी और बनवाया भी है। इस दौरान विधानसभा विस्तारक जॉनी राघव, मंडल अध्यक्ष अजय यादव बिंदु, नपा के पूर्व प्रत्याशी जय शिव वाल्मीकि, गांव चलो अभियान के संयोजक बलवंत सिंह तोमर, सह संयोजक शशिकांत चौधरी के अलावा ऋषि मिश्रा, श्रेयस मिश्रा, अजय चौहान, उमेश शाक्य, ध्रुवेश तोमर, प्रवीण दुबे, पारस चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### सर्वसम्मति से मनोरमा को पारा का कोटेदार चुना गया

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के पारा गांव में ग्राम सभा की रिक्त पड़ी राशन की दुकान का चुनाव कराया गया जिसमें मनोरमा पत्नी अखिलेश श्रीवास को सर्व सम्मति से निर्विरोध चुना गया। पारा ग्राम पंचायत में कोटेदार की मौत होने के बाद दुकान रिक्त चल रही थी। यहां के कार्डधारकों को बेरी गांव की राशन की दुकान से संबद्ध कर दिया गया था और यहीं से राशन वितरण कराया जा रहा था। बुधवार को कोटेदार के चयन के लिए ग्राम सभा की खुली बैठक हुई। जिसमें मनोरमा पत्नी अखिलेश श्रीवास को सर्व सम्मति से निर्विरोध चुना गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतोष सिंह, सचिव बलजीत, लेखपाल रमेश चंद्र शर्मा, भूप सिंह गौर, अशोक शर्मा, शैलेन्द्र आदि मौजूद रहें।

### चंद्रावल नदी में पुल नहीं तो वोट नहीं



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** चन्द्रावल नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है।उन्होंने पुल की समस्या का निदान ना होने पर अग्रिम लोक सभा चुनाव का बहिस्कार करने की चेतावनी दी है। विकासखण्ड मौदहा ग्राम किसवाही के ग्रामीणों ने बुधवार को दिए ज्ञापन में कहा कि उनका गांव मुख्यालय से करीब 40 किलो मीटर की दूरी पर चन्द्रावल नदी के किनारे पर स्थित है। बरसात के समय गाँव में चन्द्रावल नदी पर पुल न होने के कारण आवागमन की विशेष परेशानी हो जाती है। बरसात में नदी में बाढ़ होने के कारण समस्त ग्राम वासी गाँव में ही कैद हो जाते है।यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जायें तो आवागमन का साधन न होने के कारण विवश होकर गाँव में ही दम तोड़ देगा। ग्राम किसवाही से गढ़ा, बैजेमऊँ, बेरी आदि गाँव के लोगों का आना जाना भी रहता है लेकिन नदी में पुल न होने के कारण विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ता है।कहा कि उनके द्वारा पिछले विधान सभा उपचुनाव में चुनाव बहिष्कार करने पर प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि समस्त ग्राम वासी मतदान करें नदी में पुल का निर्माण अति शीघ्र जाएगा,लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त संदर्भ में कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से गांव समीप चंद्रावल नदी में शीघ्र पुल निर्माण नहीं कराया तो अग्रिम लोक सभा चुनाव का पूर्णत: बहिष्कार करने को चेताया है।इस दौरान कमलेश, मुन्ना,विनोद, श्रीकांत, राकेश, रामकली, शिवचरण, बिंन्दू,गोविन्द तिवारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

# आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है। पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। आमजन को आश्वस्त कराया गया कि पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में 188 वाहनों के ई-चालान किये गये ।

## युवक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** गांव के ही युवक ने पड़ोसी से गाली गलौज की और जब विरोध किया तो आरोपी ने उसकी लाठी से पिटाई कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजनर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अकौना निवासी गोपाल पुत्र लखनलाल कुशवाहा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके गांव का चतुरा कुशवाहा 28 जनवरी की रात करीब 8 बजे पंचायत भवन के पास आया और गाली गलौज करने लगा। गालियां देने से मना किया तो उसने लाठी से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद वह वहां से भागा तो चतुरा ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी चतुरा कुशवाहा के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना को लेकर खासा हड़कंप मचा रहा।

# एसपी ने मझगवां थाने का किया निरीक्षण



▶ निरीक्षण के दौरान एसपी ने साफ-सफाई व अन्य संबंधित दिए दिशा निर्देश

**राठ, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ दीक्षा शर्मा ने मझगवां थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया। एसपी ने कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई- मालखाना, मैस, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसपी ने अभिलेखों की गहनता से चेक किया व समय से अद्यावधिक किये जाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया। इस दौरान एसपी ने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही थानाध्यक्ष मझगवां तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता व पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। वहीं एसपी ने पहरी गांव से संवाद कर संबंधित के क्षेत्र के बारे में जानकारी की गई। ग्राम पहरी को कंबल वितरित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ घनश्याम सिंह, थानाध्यक्ष मझगवां अजीत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट दो फरवरी से

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा में दूसरा अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट दो फरवरी से शुरू होगा जिसमें कई राज्यों की नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों की टीमें अपना दमखम दिखाएंगी।ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतापपुरा, बरौर,पुखरायां,गोयरा मुगली,शेखनपुरवा,बांदा स्टेडियम,परछा, आगरा, गाजीपुर, नौहाई, टीकमगढ़, हड़ाहा,पौथिया, उरई,भैरमपुर,स्टार क्लब कानपुर बिसण्डा की टीमों की हिस्सेदारी लेने की स्वीकृति मिल चुकी है जबकि नगरीय क्षेत्रों की टीमों में गुजरात, बांदा हास्टल,प्रयागराज हास्टल, गोरखपुर,आजमगढ़, गाजीपुर, आगरा और कानपुर की टीमों द्वारा शानदार खेल का मुजाहरा पेश किया जाएगा।बताते चलें कि परछा गाँव में दशकों से बालीवाल के खेल का चलन रहा है और इस गांव से काफी खिलाड़ी खेल कोटे के अन्तर्गत भारतीय सेना और पुलिस सहित अन्य विभागों में रहकर देश और प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। उक्त जानकारी कमेटी अध्यक्ष बाबू खान ने दी।

# सपा कार्यकर्ताओं ने पीडीए को लेकर गांवों में लगाई चैपाल

▶ ग्रामीणों को समाजवादी पार्टी की नीतियों से कराया अवगत



**राठ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे पीडीए पखवाड़ा के तहत सपाईयों ने विभिन्न गांवों में चैपाल लगाकर ग्रामीणों को समाजवादी पार्टी की उपलब्धियों का बखान किया। बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह लोधी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने चुरवा, टोलारावत, नदना, बहपुर और सरसई गांव में चैपाल लगाई। इस दौरान जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को सपा की नीतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि स्वामी ब्रहमानंद ने कहा था कि नौकरी करो या न करो परंतु पढ़ाई जरूर करो। राजनीति में चुनाव लड़ो या न लड़ो पर राजनीति जरूर समझो। जिससे कि चुनाव के दौरान कोई हमें गुमराह कर वोट का अधिकार न छीन सके। कहाकि मंहगे चुनाव कराकर साधारण लोगों को बाहर कर दिया है। कहा कि वो दिन ज्यादा दूर नहीं कि हमें वोट डालने से बाहर करदें। डा. कमलेश लोधी ने कहा कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक 80 फीसदी लोग हैं। उन्होने कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए कहा कि उन्होने एक नारा दिया था कि 100 में 90 शोषित हैं। शोषितों ने ललकारा है कि धन धरती व राज पाठ में 90 भाग हमारा है। बीते समय विधान सभा का चुनाव लड़ने वाली सपा नेत्री राजपूत चंद्रवती वर्मा ने कहा कि हम महिलाओं को जो अधिकार मिले वह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की देन हैं। उन्होने नारी शिक्षा के साथ दलितों के जागरूक होने का आवाहन किया। चैपाल के दौरान जगदीश मिश्रा जराखर, जितेंद्र यादव, शैलेंद्र सिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि, नरेश राजपूत इटौरा, गोरेलाल अहिरवार, हरीसिंह अहिरवार, उदय राजपूत समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## कटे होंठ, चिपकी तालु के मरीजों का नि:शुल्क इलाज के लिए जांच शिविर का आयोजन

▶ आज लगेगा कुरारा के श्री कंचनलाल सगुणा इंटर कालेज में जांच एवं पंजीकरण शिविर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जन्मजात कटे होंठ और चिपकी तालू के मरीजों का इलाज, आपरेशन निशुल्क कराया जाएगा। 6 माह से 60 साल तक के मरीज एक फ़रवरी को कुरारा कस्बे के श्री कंचनलाल सगुणा इंटर कॉलेज में मरीजों का चिन्हांकन और पंजीकरण किया जायेगा। समर्थ फाउन्डेशन के देवेन्द्र गाँधी जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन स्माइल और समर्थ फाउन्डेशन एक फ़रवरी को कुरारा कस्बा स्थित श्री कंचनलाल सगुणा इंटर कालेज में जांच और पंजीकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में चिन्हित मरीजों का 5 फरवरी से 13 फरवरी के बीच झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के स्पेशलिटी ब्लॉक में इलाज, आपरेशन करवाया जाएगा। जिसमे देश विदेश के डाक्टर निशुल्क जांच करेंगे और जरूरत होने पर ऑपरेशन भी निशुल्क करेंगे। चिन्हित मरीजों को दवाइयां, उन्हे झांसी ले जाने और वापिसी छोड़ने की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। जरूरत होने पर ऑपरेशन भी निशुल्क किया जायेगा।

# आईएमए ने शहीद चिकित्सकों को श्रद्धांजलि दी




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आईएमए इटावा के सदस्यों ने कोरोना काल में लोगों की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हुए चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी।

पक्का तालाब स्थित आईएमए के सभागर में कोरोना काल में जनसेवा करते हुए आईएमए के 2000 चिकित्सकों और 3500 पैरामेडिकल स्टाफ ने लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी, ऐसे कोरोना काल में शहीद हुए योद्धाओं को आईएमए इटावा के सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर श्रृद्धांजलि दी। श्रृद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा.एम. एम.पालीवाल व प्रदेश संयुक्त सचिव डा.संजीव यादव ने श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए सरकार से कोरोना काल में शहीद हुए चिकित्सकों को जनसेवा करते हुए लोगों की जान बचाने में अपनी जान देकर शहीद हुए चिकित्सकों के परिवारीजनों को मदद देने के साथ कोरोना योद्धा वीर पदक देने की मांग की।श्रद्धांजलि सभा में आईएमए इटावा अध्यक्ष डा.एस.सी. गुप्ता, सचिव डा. डी.के.सिंह, डा. शोभित मेहरोत्रा, डा. पी.सी. पांडे, डा.शरत चंद्रा, डा.संजय कुमार, डा.किरन, जायंट्स ग्रुप के प्रो. आरके अग्रवाल, लायंस क्लब से लायंस अतुल भार्गव, लायंस गौरव पोरवाल एवं बीके नीलम बहन,बीके प्रीति बहन ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# परिवार के पांच लोगों के हत्यारे को आजीवन कारावास

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली के रानी लक्ष्मीबाई मुहाल में सा? चार साल पूर्व अपने छोटे भाई, उसकी पत्नी, भतीजी, दादी व भांजी की युवक ने हथौ?ा से कूचकर नृशंश हत्या की थी। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (कोर्ट-1) चंद्रभान सिंह की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व 15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। सहायक शासकीय अधिवक्ता रामबाबू अवस्थी व विशंभर पाल ने सदर कोतवाली के लक्ष्मीबाई तिराहा निवासी नूर बक्श ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 27 जून 2019 को सुबह 10 बजे ब? पुत्र नफीस की चचेरी साली की शादी में बिहूनी गये थे। बड़ी बहू सीमा व नातिन सानिया बिहूनी में थे। घर में मेरी मां शकीना (85), छोटा पुत्र रईस (30), छोटी बहू रोशनी (28) पत्नी रईस, रईस की छोटी पुत्री आलिया (ढाई वर्ष) और नातिन रोशनी (15) थी। शाम 7 बजे वापस लौटने पर घर में सभी के रक्तरंजित शव प? मिले थे। जिसके बाद उसने यूपी 100 डायल कर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने साक्ष्यों का संकलन कर जांच को भेजा। जांच में नफीस के खून से सने कपड़ों में मृतकों के रक्त के धब्बे मिले थे। इसके अलावा हथौड़ा व सिलबट्टे में आरोपित के फिंगर प्रिंट पाये गये। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (कोर्ट-1) चंद्रभान सिंह ने साक्ष्य व गवाहों के आधार पर नफीस अमहद पुत्र नूर बक्श को पांचों की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

# अमन वर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिला ताइक्कांडो संघ के खिलाड़ियों ने खेलों इंडिया व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दावेदारी मजबूत की।इटावा जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी की अध्यक्षता में संघ के खिलाड़ियों ने जिले का मान बढ़ाया।

जिला ताइक्कांडो के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में सब जूनियर बॉयज अंडर 32 किलोग्राम भार वर्ग में अनमोल वर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।सब जूनियर गर्ल्स अंडर 47 किलोग्राम भार वर्ग में श्रद्धा गोयल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।कैडेट गर्ल्स में आराध्या सिंह ने ओवर 59 किलोग्राम भार वर्ग में खेलों इंडिया के कठिन चयन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।सब जूनियर गर्ल्स अंडर 22 किलोग्राम भार वर्ग में सिद्धि त्रिपाठी,सब जूनियर बॉयज अंडर 29 किलोग्राम भार वर्ग में अक्षय प्रताप, कैडेट गर्ल्स अंडर 47 किलोग्राम भार वर्ग में दीपांजलि त्रिपाठी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। संघ के लीगल एडवाइजर ध्रुव दत्त मिश्रा, उपाध्यक्ष डा. प्रत्युष तिवारी ने बच्चो के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया कि प्रतियोगिता में टेक्निकल इंचार्ज के रूप में हम सभी के प्रिय राष्ट्रीय रेफरी श्याम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी व सह सचिव रोहित द्विवेदी, हरि गोविंद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी तरुण गुप्ता ने बच्चो के बेहतर भविष्य की कामना की।

# डीएम ने की पूर्व सैनिकों के साथ बैठक




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जनवरी माह की सैनिक बंधु बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में संपन्न हुई जिसमें हर माह की तरह पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और उसके निदान का भरोसा दिलाया गया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया की अनुपस्थिति में केप्टन सुरेश सिंह भदौरिया ने पूर्व सैनिक संगठन की अध्यक्षता की। मीटिंग में उपस्थित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हयात साहब, केप्टन सुरेश साहब, केप्टन शैलेन्द्र साहब, हरपाल सिंह, राकेश साहब, राधारमण साहब,बृजेन्द्र सिंह साहब भगवान दास 'प्रशांत',उपेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह,नारायण सिंह, विश्राम सिंह, सोहन लाल, शैलेन्द्र शुक्ला और बहुत से पूर्व सैनिक तथा बीरांगनायें उपस्थित रहीं।

# द केयर सर्किल फाउंडेशन की नि:शुल्क चाय बिस्किट सेवा महाअभियान का समापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

द केयर सर्किल फाउंडेशन द्वारा नववर्ष की शुरुआत में भीषण सर्दी व शीत लहर को देखते हुए शुरू किये गए महाअभियान कार्यक्रम जिला इटावा के प्रमुख नीलकंठ महादेव मंदिर से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रेन बसेरा व जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चाय व बिस्किट वितरित कर समापन हुआ।

द केयर फाउंडेशन द्वारा गत एक जनवरी से 31 जनवरी तक लगातार निर्धन लोगों को चाय व बिस्किट सेवा महाअभियान के समापन अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर से बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, इटावा शहर में स्थित रेन बसेरा, व इटावा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को नि:शुल्क चाय और बिस्किट वितरित किए गए।

इस दौरान संस्था के सभी सदस्य दृढ़ संकल्प के साथ सेवा में लगे रहे। द केयर सर्किल फाउंडेशन द्वारा एक माह तक लगातार जरूरतमंद लोगों को एक ही ध्येय नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ मदद की गयी। संस्था का लक्ष्य व उद्देश्य गरीब व असहाय लोगों की मदद करना ही है। समाजसेवी संस्था की फाउंडर ट्रस्टी श्रीमती किरन अग्रवाल द्वारा शुरू किये गए जन- कल्याणकारी महाअभियान की शहर वासियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की और गरीब असहाय लोगों ने दुआयें दीं। इस पुण्य कार्य में निरंतर निस्वार्थ सेवाभाव से लगे रहे सदस्यों का द केयर सर्किल फाउंडेशन परिवार ने हृदय से आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर सीए दीपक मित्तल, ज्ञानेंद्र वर्मा, गौरव अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, विवेक बाजपेयी, अर्पित गुप्ता, अनूप गुप्ता, दीपक वर्मा, अयान अंसारी,व प्रशांत वर्मा मौजूद रहे।

### भारत-नेपाल सीमा कोइलाबास पर पूर्व निर्धारित स्थल नो मैंस लैंड में ही बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

# डीएम के व्यक्तिगत प्रयास से दो वर्षों से लंबित एनओसी जारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा कोयलाबास पर नेपाल सीमा द्वार के सामने नो मैंस लैंड के निकट ही भव्य स्वागत एवं प्रवेश द्वार के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विशेष सामरिक महत्व रखते स्वागत एवं प्रवेश द्वार के पूर्व निर्धारित स्थल नो मेंस लैंड के निकट ही बने इसमें शासन स्तर में एनओसी प्राप्त करने में डीएम अरविंद सिंह का विशेष भूमिका एवं अहम योगदान रहा।

डीएम ने 20 जनवरी को भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा कोइलाबास के भ्रमण के दौरान प्रमुखता से भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण के संबंध में सशस्त्र सीमा बल के साथ विस्तृत चर्चा की गई थी।

बताते चले कि वर्ष 2021 में भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा कोयलाबास में नेपाल सीमा द्वार के सामने नो मैंस लैंड के निकट ही प्रवेश द्वार बनाए जाने की पहल हुई थी। प्रवेश द्वार निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा वन विभाग से एनओसी मांगी गई थी, वन विभाग द्वारा एनओसी प्राप्त न होने पर निर्माण स्थल बदल दिया गया।



स्वागत एवं प्रवेश द्वार नेपाल सीमा से 06 किलोमीटर अंदर भारत में बनाए जाने पर ग्रामीण एवं समाजसेवियों के आपत्ति का तत्काल संज्ञान लेते हुए डीएम द्वारा फाउंडेशन के लिए खोदे गए गड्ढे के कार्य पर रोक लगा दिया गया था। डीएम श्री सिंह द्वारा स्वागत एवं प्रवेश द्वार स्थल को बदले जाने की टीम बनाकर जांच कराई गई। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को चेतावनी दिया की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विशेष सामरिक महत्व रखने वाले प्रवेश द्वार का निर्माण स्थल बदलते हुए उसे वन सीमा के बाहर बनाना उचित नहीं है।

भारत- नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पूर्व निर्धारित स्थल नो मेंस लैंड के निकट ही स्वागत एवं प्रवेश द्वार बने इसके लिए डीएम श्री सिंह द्वारा अति सामरिक महत्व रखते स्वागत एवं प्रवेश द्वार के निर्माण में आ रही कठिनाइयों के बारे में शासन स्तर को अवगत कराया गया एवं उच्च स्तर से इस हेतु वन विभाग से एनओसी का आदेश जारी किए जाने के लिए अनुरोध किया गया।

डीएम ने शासन स्तर से निरंतर संपर्क रखते हुए सभी आपत्तियों का निस्तारण कराया। खुशी की बात है कि शासन के निर्देश के क्रम में वन विभाग द्वारा 02 वर्षों से लंबित एनओसी जारी कर दी गई है।

नेपाल सीमा के निकट भव्य प्रवेश द्वार बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग एवं वन विभाग द्वारा शीघ्र अग्रेतर एवं आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा कोयलाबास पर प्रवेश द्वार बनने से यहां पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रवेश द्वार को लाइट आदि से आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।

## श्रीदत्तगंज पशु चिकित्सालय एक डॉक्टर के सहारे

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड श्रीदत्तगंज कार्यालय के बगल बने पशु चिकित्सालय श्रीदतगज एक पशु चिकित्सक के सहारे चल रहा है। एक ही चिकित्सक की तैनाती होने से क्षेत्र के पशुओं का इलाज समुचित रूप से नहीं हो पा रहा है।

पशु चिकित्सालय श्रीदतगज में पांच पद होने के बाद केवल एक चिकित्सक तैनात हैं। क ई दशकों से चिकित्सालय में पड़े रिक्त पदों पर शासन ने तैनाती नहीं की है। इससे क्षेत्र में पशुओं का इलाज समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है। एक चिकित्सक के सहारे करीब चालीस ग्राम पंचायत के पशुओं का इलाज नहीं होने से किसान परेशान हैं।

इस चिकित्सालय में पांच कर्मचारी तैनात हैं। जिनके सहयोग से चिकित्सालय पर आए पशुओं का इलाज किया जाता है।? पशुओं के इलाज के लिए समय समय पर आए शासन के निर्देश, पशुओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं को चरणबद्ध ढंग से लागू नहीं हो पा रहा है।? ब्लाक प्रमुख श्रीदत्तगंज हेमंत जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पशु चिकित्सालय श्रीदतगज में पशु चिकित्सक के रिक्त पड़े पदों पर तैनाती की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### मानवाधिकार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल



**चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को पत्रकार संघ कार्यालय पर नर सेवा नारायण सेवा के तहत अवकाश नगर निवासी मानवाधिकार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बृजेश सिंह द्वारा जरुरतमंदों में 51 कंबल वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा बढ़कर कोई सेवा नहीं है इस ठंड भरे मौसम में जरुरतमंदों को कंबल देकर एक छोटा सा सेवा का प्रयास किया गया है आगे भी सेवा का कार्य निरंतर चलता रहेगा वहीं कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल गये। इस मौके पर जितू सिंह, मनोज चौबे, कृपाशंकर पाण्डेय, घनश्याम पांडेय, अंकुर, सोनू, गोलू सोनकर आदि मौजूद रहे।

### वाहनों पर लगाये गये रक्षक रिफलेक्टिव टेप




**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** एसडीएम अतुल कुमार ने एट टोल प्लाजा पर वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा को लेकर जागरुक किया। उन्होंने तमाम छोटे-बड़े वाहनों के आगे-पीछे जीवन रक्षक रिफ्लेक्टिव टेप लगायी। एसडीएम ने दुपहिया वाहन चालकों को जागरुक करते हुए कहा कि हमेशा हेल्मेट लगाकर ही यात्रा करें और नशे में वाहन न चलाएं। 2 सवारियों से अधिक न बैठाएं, वाहन की स्पीड भी संयमित रखें व इयरफोन का उपयोग इस दौरान न करें। वाहन से संबंधित प्रपत्र साथ लेकर चलें। सड़क पर निर्धारित साइड पर चलें और ओवरटेक न करें। चौपहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हमेशा शीटबेल्ट लगाएं। उन्होंने कहा कि जरा सी लापरवाही जान पर बन आती है इसलिए यातायात नियमों का पालन कर अपना जीवन सुरक्षित रखें। वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाते हुए उन्होंने कहा कि रात्रि के समय और धुन्ध में यह रेडियम दूर से भी चमकती है जिससे दुर्घटनाएं काफी हद तक रोकी जा सकती हैं।

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण दो को

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन कल शुक्रवार को सुबह 10 बजे से लेकर अपरान्ह 2 बजे तक स्थानीय अमरचंद्र इंटर कॉलिज में किया जाएगा। शिविर के संयोजक और विमल नेत्र परीक्षण केन्द्र के संचालक डॉ कुलदीप ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि नारी समर्थता साईं आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किए जा रहे शिविर में नेत्र रोगियों की जाँच कर उन्हें आवश्यकतानुसार नि:शुल्क रूप से चश्मे और दवाएं दी जाएंगी। मोतियाबिन्द पाए जाने पर ऑपरेशन हेतु नि:शुल्क रूप से बस द्वारा कानपुर भेजा जाएगा और ऑपरेशन के पश्चात बस से वापस अमरचंद्र कॉलिज कोंच लाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड धारकों के नेत्र रोगियों का ऑपरेशन फेको विधि द्वारा नि:शुल्क रूप से किया जाएगा साथ ही उन्हें नि:शुल्क रूप से कंबल भी प्रदान किया जाएगा।



### 109 जोड़ों ने लिए सात फेरे तो दो का हुआ निकाह

**चोपन, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय रेलवे ग्राउंड में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 109 जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लेकर जीवन भर के लिए एक-दूजे का हाथ थाम लिया। वही 2 मुस्लिम जोड़ो को मौलाना सद्दाम कादरी ने निकाह कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़, ब्लाक प्रमुख लीला देवी गौड़ ने सर्वप्रथम गणेश जी का आरती पूजन किया। तत्पचात वैवाहिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंत्री संजीव गोड़ ने बताया कि गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह समारोह पूर्वक संपन्न कराने के लिए सरकार की ओर से योजना शुरू की गई है। सामूहिक विवाह योजना का लाभ सभी पात्र जनों को मिल सके इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने जोडो को आशिर्वाद देते हुये कहा कि इस सरकार मे हर गरीब कन्याओं की शादी भी सरकार द्वारा धूमधाम से कराया जा रहा है। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है शादी मे गृहस्थी का सारा समान समेत पैसा भी खाते मे देने की व्यवस्था है। क्षेत्र मे सामुहिक शादी को लेकर लोगों मे काफी उत्साह देखा गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नवदंपत्तियों को 35 हजार रूपए के साथ गृहस्थी के सामान उपहार स्वरूप दिए गये। इस मौके पर जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी,वीडियो शुभम बरनवाल,समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर सिंह, ग्राम प्रधान रामसजीवन यादव,प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव, पंडित दिलीप शास्त्री,अंब्रीश श्रीवास्तव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### क्रिकेट मैच युवाओं की प्रतिभा को उभारने का माध्यम : गौरीशंकर वर्मा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई द्वारा आयोजित विवेकानंद क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा, प्रान्त सह मंत्री चित्रांशू सिंह, समाजसेवी महेंद्र सीपू द्वारा फीता काटकर एवं प्रथम मैच का टॉस कराकर शहर के इंदिरा स्टेडियम में किया गय। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करते हुए पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने विद्यार्थी परिषद को इस आयोजन के लिए बधाई दी। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन से जिले के युवाओं की प्रतिभा को उभारने का काम विद्यार्थी परिषद कर रही है। कार्यक्रम संयोजक अभय द्विवेदी ने बताया कि यह टूर्नामेंट 4 दिवसीय है जिसमें जिले की 8 टीमों ने प्रतिभाग करेंगी। जिसका शुभारंभ आज हुआ। प्रथम मैच वीर अभई एवं किसान क्रिकेट क्लब गढ़र के बीच हुआ। इस दौरान सत्यम द्विवेदी, सहयोग नामदेव, अंकित मिश्रा, आयुष मिश्रा, सूर्यांश राजावत, विभु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बजाज चीनी मिल उतरौला के गन्ना किसानों को किया जागरूक

**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बजाज चीनी मिल इंटई मैदा श्रीदत्तगंज उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम बढ़या पकड़ी जोन के ग्राम मोहम्मदनगर ग्रंट में जिला गन्ना अधिकारी रंजीत सिंह कुशवाहा एवं संजीव कुमार शर्मा महा प्रबंधक गन्ना ने संयुक्त रूप से कृषक गोष्ठी करके किसानों को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील गन्ना प्रजाति की बुवाई संतुलित मात्रा में खाद का प्रयोग ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई आदि विषयों पर बताया कि किसान भाई अपने क्षेत्र (खेत) के अनुसार गन्ना प्रजाति का चुनाव कर गहरी जुताई एंव ट्राइकोडरमा द्वारा भूमि शोधन कर गन्ना बुवाई के बारे आवश्यक जानकारी दिऐ। उप महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा ने बताया कि उन्नतिशील अगेती प्रजाति का अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्राजाति कोलख-14201 को0-0118,15023,98014 या को0शा0-13235 आदि का दो आंख के टुकड़े करके गन्ना बीज



उपचार अवश्य करें। तथा बुवाई के पहले नालियों मे कम्पोस्ट खाद को रसायनिक उर्वरको के साथ मिलाकर डाल दें।उसके बाद गन्ने की बुवाई करें।अधिक पैदावार पाने के लिए लाइन से लाइन की दूरी 4 फिट से कम नहीं करना चाहिए बुवाई के पहले नालियों मे कम्पोस्ट खाद को रसायनिक उर्वरको के साथ मिलाकर डाल दें।समय-समय पर खरपतवार नियंत्रण अवश्य करें। कम से कम फसल को 120 दिन तक खरपतवार मुक्त रखें प्रत्येक सिंचाई पर यूरिया खाद का प्रयोग करें,जून माह के प्रथम सप्ताह के बाद यूरिया का प्रयोग न करें।गन्ने की आयु 50 से 60 दिन होने पर कोराजन का प्रयोग उपयुक्त मात्रा मे जडों के पास ड्रेंच करें।अगस्त माह मे गन्ने की प्रथम बंधाई एवं मिट्टी चढ़ाने का कार्य करें,तत्पश्चात सितंबर माह मे गन्ने की दूसरी बंधाई करें तो निश्चित ही किसान भाइयों को अधिक उत्पादन मिलेगा।उक्त अवसर पर जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला बजाज चीनी मिल के प्रबंधक विजय पाण्डेय फील्ड ऑफिसर आई जी चौधरी रामायन पाण्डेय एवं गन्ना कृषक अवध नन्दन तिवारी शशिकरन सिंह चन्द्रदेव सिंह बृजलाल सतिराम बिजय यादव दीनानाथ आदि लोग कृषक गोष्ठी में मौजूद रहें।

## समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़ा की बैठक सम्पन्न

**उतरौला/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मोहम्मद शकील अहमद नदवी संबोधित कर स्वर्गीय डा एसपी यादव जी पूर्व मंत्री विधायक गैसड़ी को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी अकीदत पेश किया।सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी ने अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़ों का सम्मान सिर्फ समाजवादी पार्टी में है। समाजवादी पार्टी ही अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी पार्टी है। अन्य पार्टियां चुनाव में इन्हें सिर्फ



वोट के लिए इस्तेमाल करती हैं। चुनाव खत्म होने के बाद अल्पसंख्यकों और पिछड़ों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। मुल्क के हालात बद-से-बदतर होते जा रहे हैं।

भाजपा ने अर्थव्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था को बर्बाद करने के साथ नौजवानों के जीवन में अंधकार ला दिया है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से मेहनत करके पार्टी के लिए कार्य करने को कहा। कार्यकर्त्ताओं से पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। समाजवादी पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष बहलौल नियाजी ने की। सपा नेता डॉ एहसान खान ने पार्टी को मजबूत करने और पार्टी में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने पर बल दिया। सपा विधानसभा प्रभारी मलिक एजाज ने कहा कि समाजवादी विचारधारा जन जन तक पहुंचाने की अपील की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खां व मुनीर खान पूर्व मंत्री ने कहा कि लोक सभा चुनाव में मेहनत कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी वोटों से जिताने का आह्वान किया।

इस मौके पर प्रदेश सचिव ओंकारनाथ पटेल, तवक्कल हुसैन अनिल रिजवी ,पूर्व गन्ना चेयरमैन अतीक अहमद खां, जिला महासचिव मुकीम खां, मोहम्मद इजहार खां पप्पू,मोहम्मद हनीफ खां,नेहाल खां, छब्बू शाह, डॉ सल्लू, मुनीर पाशा, शकील इदरीशी समेत सैकड़ों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिवक्ता विवाद निपटाने के लिए अधिवक्ता संघ ने एसडीएम से की वार्ता

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

तहसीलदार व अधिवक्ता ओ के विवाद के निपटारे को लेकर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों व उपजिलाधिकारी के बीच वार्ता हुई। वार्ता में तहसीलदार उतरौला भी मौजूद रहे। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने बताया कि उपजिलाधिकारी उतरौला ने तहसीलदार व वकील के बीच हुये प्रकरण को लेकर वार्ता के लिये पत्र भेजा था। बुधवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनधि मंडल उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं के बारे में व तहसीलदार की कार्यशैली के विषय मे बताया गया जिस पर उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि बार व वेंच के समन्वय से ही जनता को न्याय सुलभ होता है। वार्ता में उपस्थित तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह ने प्रतिनधिमण्डल को आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएं होगी उसका निराकरण मिल बैठकर कर लिया जाएगा। प्रतिनधिमण्डल में राम प्रताप चौधरी, मार्कण्डे मिश्र, ओ पी श्रीवास्तव, महेंद्र पांडेय, रमाशंकर मौर्य, सुनील तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।अध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने बताया कि शीघ्र ही आम सभा की बैठक कर वार्ता से सदस्यों को अवगत कराया जाएगा।

## कला एवं संस्कृति के विविध इंद्रधनुषी रंगों की छटा बिखेरेगा उरई में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कला और संस्कृति को देश और दुनिया के पटल पर लाने की कवायद अब उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक विशेष आयोजन के जरिए महत्वपूर्ण होने जा रही है उत्तर प्रदेश सरकार का पर्यटन विभाग एक से लेकर 2 फरवरी तक दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव जनपद में आयोजित करने जा रहा है इस महोत्सव के खास आकर्षण हॉट एयर बैलून शो और फायरक्रैकर्स के अलावा कई आयोजन शामिल किए गए हैं जो की लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

> हॉट एयर बैलून और फायर क्रैकर्स शो सहित कई कार्यक्रम होंगे आकर्षण के केन्द्र

जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के सौजन्य से आयोजित यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जा रहा है इस कार्यक्रम में प्रथम दिन एक फरवरी को विशेष प्रस्तुति के रूप में रॉकनामा म्यूजिकल बैंड, राय लोक नृत्य व गायन ललितपुर के कलाकार धर्मेंद्र कुमार द्वारा डांस ऑफ यूपी सुश्री लवली गिल्डिया लखनऊ द्वारा तथा लोकप्रिय गायन सुश्री उपमा पांडे लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे इसी क्रम में दूसरे दिन बढ़ावा लोक नृत्य सुश्री संगीता आहूजा अयोध्या द्वारा राय फूलों की होली दिनेश शर्मा मथुरा तथा लोकप्रिय गायन सुश्री सिनी मुंबई प्रस्तुत करेंगी। महोत्सव में विशेष आकर्षण के तौर पर हॉट एयर बैलून शो जीआईसी मैदान उरई में योग इंदिरा स्टेडियम में हेरिटेज वॉक रामपुर फोर्ट एंड कालपी में सांस्कृतिक कार्यक्रम जीआईसी मैदान में टेदर फ्लाइट्स तथा फायर क्रैकर्स शो का आयोजन भी जीआईसी मैदान में किए जाएंगे।

## चेयरमैन ने सड़क और नाली का किया शिलान्यास

**चोपन, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 गौरव नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली के द्वारा आरसीसी नाली व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना करते हुए किया।

आरसीसी नाली व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के शिलान्यास का कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने बताया कि सड़क निर्माण से यातायात में लोगों को सहुलियत मिलेंगी। आवागमन में हो रही परेशानियों से लोगों को निजात मिलेगी। सबका साथ सबका, विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए नगर पंचायत



चोपन विकास के परिदृश्य पर एक नया आयाम स्थापित करेगा। बता दे की यह कार्य नगर विकास योजना के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 गौरव नगर में पंकज तिवारी के घर से रवि पांडेय के घर तक प्रस्तावित है। स्थानीय लोगो ने सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त किया है। तो वहीं उनके साथ मौजूद वार्ड नंबर 12 के सभासद सलीम कुरैशी ने सड़क निर्माण के लिए अध्यक्ष उस्मान अली को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

इस दौरान अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय, जीतू सिंह, कुशल सिंह, सभासद डिंपल जायसवाल, लिपिक अंकित पांडेय, घनश्याम चौधरी, राकेश बिंद, सत्यप्रकाश तिवारी, बंटी सिंह, निशांत सिंघल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत भगौरा वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 31/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भगौरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01/02/2024 से 07/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुनील के घर से बलवीर के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 1.33 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(संजीव कुमार) प्रधान, भगौरा, नवाबगंज

(आकांक्षा सक्सेना) सचिव, भगौरा, नवाबगंज

### कार्यालय ग्राम पंचायत वेग वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 31/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वेग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01/02/2024 से 07/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | तुलाराम के घर से गयाप्रसाद के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.89 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(रमेश सिंह) प्रधान, वेग, नवाबगंज

(आकांक्षा सक्सेना) सचिव, वेग, नवाबगंज

### कार्यालय ग्रा0पं0 चिलसरा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः 05/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 31/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चिलसरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01/02/2024 से 07/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | चिलसरा गढ़िया सम्पर्क मार्ग से आरआरसी सेंटर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.91 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | आर0आर0सी0 सेंटर के चारों तरफ इंटरलाकिंग कार्य | 5.56 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (केशव सिंह) ग्रा0पं0 चिलसरा, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)


## महापुरुषों को नमन कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार स्मृति सेवा समिति कुसुम्हा,घोरावल के अध्यक्ष एवं प्रपौत्र श्री मोहन लाल बियार और सलखन से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवनाथ प्रसाद गोंड के प्रपौत्र श्री ओम प्रकाश गोंड के द्वारा गुमनाम आजादी के नायकों के बारे में जानने, इतिहास को उजागर करने एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल चाल लेने के उद्देश्य से दुद्धी क्षेत्र के नगवां गांव में जाकर वहां के गुमनाम सेनानी बोधा पनिका के वंशज सोबरन पनिका, सेनानी सुखलाल खरवार वंशज अमेरिका खरवार, सेनानी पूरन खरवार के वंशज धर्मजीत खरवार से मुलाकात कर नगवां में स्थित गुमनाम आदिवासी



सुराजी स्तम्भ स्थल पर पहुंच कर उन महापुरुषों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और सभी सेनानी परिजनों से उन गुमनाम सेनानियों के बारे में जानकारियां ली गईं, परिजनों ने बताया कि हमारे दादा/परदादा लोगों ने आजादी की लड़ाई में 1921 से लेकर 1942 तक सामिल रहे और कई महीने जेल की यातनाएं भी सहे,1932 के लड़ाई में अंग्रेजों द्वारा गाय, बैल, बकरी और जमीन जायदाद भी जब्त कर लिया गया था, इसके बावजूद भी इनके बारे में इतिहास में नाम दर्ज नहीं हैं, भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत, सेनानियों के नाम से स्मारक, अमृत सरोवर, स्मृति द्वार एवं सड़क, चौराहे का नामकरण किया जाना था मगर इनके नाम से कुछ भी नहीं बना है, न ही परिजनों को मूलभूत सुविधाएं दी जाती और न ही हम लोगों को खोज बीन कर मान सम्मान दिलाया जाता है, परिजनों ने सरकार से मांग की है कि सेनानी परिजनों को मान सम्मान मिले, इनके सेनानियों के नाम से स्मृति द्वार, स्मारक बने और किताबों में इनका इतिहास दर्ज किया जाय, दुद्धी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुक्खन अली के वंशज मोहम्मद नज़ीर खान व फिरोज़ खान जी से भी मुलाकात कर सेनानी सुक्खन अली के बारे में जानकारियां ली गई, इनके परिजन ने भी बताया कि इनके नाम से कुछ भी नहीं बना है, यदि कहीं इनके नाम से स्मारक, बन जाता तो हम सब बहुत ही गौरवान्वित होते।

## शिक्षक बनने की राह ताक रहे 12091 अभ्यर्थियों को मिली संजीवनी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** शिक्षक बनने राह ताक रहे 12091 शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के मॉडिफाई आदेश से हाईकोर्ट ने नियुक्ति पत्र देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित कर दिया है। जिससे 12091 योग्य अभ्यार्थियों को लंबे अरसे के बाद एक संजीवनी मिली है। इस भर्ती में अभ्यर्थी मनोज बाथम ने यह बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौरभ श्याम शमशेरी ने 12091 के पीड़ित अभ्यार्थियों की व्यथा सुनकर उन्हें तत्काल नियुक्ति पत्र देने के लिए प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को निर्देश दे दिया है। लेकिन अभी तक इन अभ्यर्थियों के काउंसलिंग का डेट नहीं निकली है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सरकार द्वारा 22 से 25 जनवरी तक काउंसलिंग के लिए तिथि तय की गई थी। अभी आगामी पांच फरवरी से काउंसलिंग की तिथि निश्चित कर दी गई है और फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह तक नियुक्ति पत्र देने के लिए बात भी रखी गई है। लेकिन अभी तक सरकार की तरफसे कोई विशेष पहल नहीं की गई। बताया कि 12091 की सूची में शामिल ऐसे अभ्यर्थी रहे हैं जिनकी मेरिट कट ऑफ मार्क से भी अधिक थी। बाबजूद इसके पूर्ववर्ती सरकारों ने 12091 के योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं दिया। यह अभ्यर्थी 9 साल पहले ही नियुक्ति पत्र पाने के हकदार थे। उन्होंने मांग की है कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि 12091 के योग्य शिक्षकों को उनका हक देकर उनके गृह जनपद और गृह ब्लॉक में फरवरी के अंत तक नियुक्ति पत्र वितरित करें।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-1129/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 28/01/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिव शंकर वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा निवासी मो0 लोकमन ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख/विरासतन के आधार पर भवन संख्या 1060 मोहल्ला रेलवे रोड कायमगंज पर श्रीमती मायादेवी पत्नी ओमप्रकाश वर्मा के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

# नगर के दो मंदिरों में हुई प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

**वरिष्ठ समाजसेवी व पालिकाध्यक्षा नें हवन-पूजन कर की स्थापना**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान करते पालिकाध्यक्षा व समाजसेवी।

नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित दुर्गा मंदिर व गांधीनगर स्थित शिव मंदिर में सुंदरीकरण व जीर्णोद्धार के बाद भव्य रुप प्रदान किया गया जिसमें देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा आचार्यो ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुये हवन-पूजन के साथ सम्पन्न करवाई। इसके बाद महिला पुरुष श्रद्धालुओ ने जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाकर सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद सैकडों भक्तों नें प्रसाद ग्रहण किया।

बुधवार को नगर के रामगंज स्थित दुर्गा मंदिर के नवीन गर्भगृह में राम-दरबार, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, शिवलिंग व नन्दी महाराज की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पं. शिवसागर पाण्डेय, पं. दीनबन्धु पाठक, पं. रामानुज व धीरज, पं. राजेश दुवे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता व पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता से प्रतिमाओं की विधिवत पूजा-अर्चना करवाकर प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कहा कि नगर के जीर्णशीर्ण मंदिरों के जीर्णोद्धार व प्रतिमाओं की स्थापना का अनुष्ठान हो रहा है। यह सब प्रभु की लीला है हम तो सिर्फ माध्यम हैं। जिसके लिये मैं सदैव परमपिता परमेश्वर का ऋणी रहूंगा। पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता नें कहा कि धार्मिक कार्यों को पूर्ण करनें से मन व हृदय को सुख की अनुभूति होती है।

उधर गांधीनगर स्थित शिव मंदिर में भी देवी-देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अमन कठेरिया, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, गंगा सिंह, नवल गुप्ता, कमल कुशवाहा, अभिषेक, विमलेश, शिशुपाल सिंह, प्रमोद कंचन, कुलदीप बाथम, सिपाहीलाल, निशा गुप्ता, रानी सविता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अस्पताल रोड पर जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराए गए वस्त्र

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के अभियान के तहत जरूरतमंदों को वस्त्र बांटे गए। वस्त्र एकत्रीकरण और वितरण अभियान के स्टाल का शुभारंभ चेयरमैन मनोज दुबे और वस्त्र वितरण प्रभारी डाक्टर डी के राय ने फीता काटकर किया।

ट्रस्ट वस्त्र एकत्रीकरण और वितरण अभियान चला रहा है, अब तक 200 से ज्यादा लोगों को वस्त्र मुहैया कराए जा चुके हैं। बुधवार को नगर पालिका के चेयरमैन मनोज दुबे ने हंस मार्केट में ट्रस्ट के स्टाल पर वस्त्र बांटे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का ये काम सराहनीय है। समाजसेवी लोगों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। वस्त्र वितरण प्रभारी डॉक्टर डी.के. राय ने कहा कि ट्रस्ट जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाता रहेगा। ट्रस्ट के सचिव रजत त्रिपाठी ने अभियान में सहयोग करने वालों का आभार जताया।इस दौरान कैंप कार्यालय प्रभारी गुड्डू अग्निहोत्री, नदी स्वच्छता अभियान प्रभारी संतोष पांडेय (पिंकू) , सच्चू तिवारी, डाक्टर मिलन राय, नितिन, आकाश, विजेंद्र, ध्रुव, अमन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने सात वारंटियों को किया गिरफ्तार

**हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा बांछित एवं वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी कर सात लोगों को हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा गया। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उप निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा, आनंद कुमार मिश्रा, राजेश प्रताप सिंह, रावेंद्र सिंह सहित हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, अशोक कुमार, हरिशंकर पाल, कांस्टेबल राहुल कुमार, सत्य प्रकाश, शेरपाल सिंह, गजेंद्र यादव ने न्यायालय में विभिन्न मामलों में बांछित चल रहे कस्बा समधन निवासी आकिल पुत्र मोनिस, गौरी बांगर निवासी लाखन पुत्र श्यामलाल, हनुमंत खेड़ा निवासी जदुवीर पुत्र लालाराम, सूलनपुर निवासी गिरीश चंद्र पुत्र मेवाराम, सराय प्रयाग निवासी विकास कंजड पुत्र रामचंद्र, झूसीनागर निवासी सचिन पुत्र राजू तोमर, बदलेपुरवा निवासी राकेश पुत्र राम भरोसे को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया।

# पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित दो को दबोचा

**पुलिस नें नष्ट की हजार लीटर से अधिक लहन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कच्ची शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करती पुलिस।

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा दो स्थानों पर छापेमारी कर महिला सहित युवक के पास से भारी मात्रा में अबैध कच्ची शराव एवं बनानें के उपकरण बरामद करते हुये करीब हजार लीटर से अधिक लहन को नष्ट किया गया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह, उपनिरीक्षक आनन्द कुमार मिश्र, राजेश प्रताप सिंह, हेड कांस्टेवल अशोक, विवेक यादव, कांस्टेवल सत्य प्रकाश, महिला कांस्टेवल सोनम के साथ सरायप्रयाग स्थित गिहार बस्ती व गिहार बस्ती ग्राम खाँडेदेवर में दबिस देकर करीब एक हजार लीटर अवैध कच्ची नाजायज शराब तैयार करने वाली लहन को नष्ट किया गया तथा मौके से एक महिला दुलारी उर्फ आशा पत्नी स्व. रामप्रकाश निवासिनी गिहार बस्ती सरायप्रयाग के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची नाजायज शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। उधर ग्राम खाडेदेवर में आदर्श गिहार पुत्र कनौजीलाल के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुये हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

# मंडल सचिव का दायित्व संभालेंगी कंचन देवी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**नई जिम्मेदारी मिलने की सूचना दोनों के समर्थकों को मिली वो गदगद हो गए**

कम समय में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाली कंचन दोहरे को राष्ट्रीय सनातनी विचारधारा से मंडल सचिव की जिम्मेदारी दी गई वहीं प्रभा कटियार को प्रदेश मंत्री युवा महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी मिली।

जैसा ही नई जिम्मेदारी मिलने की सूचना दोनों के समर्थकों को मिली तो वह गदगद हो गए और दोनों ही पदाधिकारी के घर पहुंच कर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की इसी क्रम में कंचन दोहरे ने कहा कि जिस तरह से संगठन के द्वारा जिम्मेदारी दी गई है उसे पर पूरी तरह खरी उतरकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगी साथी साथ उन्होंने कहा कि यह संगठन सनातन के लिए कार्य करेगा जिसमें शिक्षा चिकित्सा और रोजगार को दिलाने के लिए भरपूर प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रभाव कटियार ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए। भरोसा दिलाया कि वह जमीनी स्तर पर संगठन के लिए कार्य करेगी। इस मौके पर उषा दोहरे,सोनी, रामप्रकाश अरुण, रोहित, अरुण, अभिषेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से तमंचा व कारतूस सहित दबोच लिया गया। बुधवार को हमराह सिपाहियों के साथ उपनिरीक्षक सुनील कुमार चौधरी नें जलालाबाद के निकट संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भाग खडा हुआ। जिसे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद करते हुये हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक नें अपना नाम बबलू गिहार पुत्र किशन गिहार निवासी ग्राम खांड़ेदेवर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया।

### आठ पर हुई गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा द्वारा बुधवार को आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु आपराधिक प्रवृत्ति के पारूल गुप्ता पुत्र अमित उर्फ उमेश निवासी मोहल्ला अशोकनगर, अरविन्द्र पुत्र वीरेन्द्र सिंह, अभिषेक पुत्र प्रमोद कुमार, धर्मपाल पुत्र अनिल कुमार, नरपेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह निवासीगण ग्राम रूपपुर, अखिलेश पुत्र इन्द्रपाल सिंह, शिवकुमार उर्फ पिन्टू पुत्र रमेश यादव, दीपू उर्फ प्रमोद पुत्र सन्तोष बाथम निवासीगण ग्राम भगवन्त नगला के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### पिता-पुत्र से रंजिशन की मारपीट, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश को लेकर पिता पुत्र के साथ तीन लोगों नें अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम खुर्रमपुर्वा अनौगी निवासी सत्यनारायण पुत्र रघुनाथ द्वारा कहा गया है कि बुधवार की दोपहर गांव के ही राजेंद्र, सुनील, शरद नारायण आये और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी बचाव में आये उसके पुत्र विमलेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया। तथा जान से मारनें की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### वृद्ध की मौत के मामले में चालक पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** बीते 29 जनवरी की शाम कस्बे के स्टेट बैंक के सामने क्रेन की टक्कर से हुई वृद्ध की मौत को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते 29 जनवरी की शाम मंदिर से लौटते समय मूल रूप से रीवन गांव निवासी और काफी समय से कस्बे में रह रहे वेद प्रकाश गुप्ता को स्टेट बैंक के सामने क्रेन न बर यूपी 71 एटी 6361 ने टक्कर मार दी थी जिससे वृद्ध वेदप्रकाश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था जहां पर डाक्टरों ने घायल वृद्ध को मृत घोषित कर दिया था।

# एल्बेंडाजोल टेबलेट बच्चों को खिलाई जाए: डीएम

**आंगनवाड़ी केन्द्रों समेत विद्यालयों, कालेजों मे एल्बेंडाजोल टेबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के डीएम ने दिये निर्देश**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं आयुष समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि जनपद की समस्त आंगनवाडी केन्द्र, विद्यालय, कालेजों में सम्पर्क कर एल्बेंडाजोल टेबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कहा कि प्लान के अनुसार बच्चों को टेबलेट खिलायी जाये।

उन्होनें यह भी निर्देश दिये कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करें जहां अभी तक दवायें नही पहुंची है, वहां पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। बैठक में बताया गया कि यह अभियान 01 फरवरी व 05 फरवरी को चलाया जायेगा। डीएम ने कहा कि आम जनमानस की सुविधा के अनुसार सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करें। सभी आंगनवाडी केन्द्रों पर 90 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद में सभी एम्बुलेंस क्रियाशील हो, तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर और अधिक सुदृढ़ किया जाये।

कहा कि जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर फायर सिस्टम मरम्मत योग्य अथवा नही है वहां पर फायर सिस्टम को मरम्मत एवं क्रय कराकर क्रियाशील करें।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी सहित अन्य संबंधित चिकित्सक मौजूद रहे।

# चोरी का आटो समेत आरोपी गिरफ्तार

**पकड़े गये युवक के पास बरामद हुआ 315 बोर का तमंचा व कारतूस**




सदर कोतवाली में मामले का खुलासा करते सीओ व बरामद चोरी का आटो

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को हरदोई जनपद से चोरी किए गए एक टैम्पो समेत एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये युवक के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है। बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि एसपी के निर्देशन में जिले भर मे अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कोतवाली पुलिस कुसुमखोर चौकी क्षेत्र स्थित तहसीपुर पुलिस के निकट वाहनों के चेकिंग कर रही थी, कि तभी पुलिस टीम ने एक आटो को रोका और चेकिंग की गई तो आटो चला रहे युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान उक्त युवक ने अपना नाम रत्नेश उर्फ गोलू पुत्र सर्वेश निवासी सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अल्लापुर बताया। पुलिस टीम उक्त युवक को आटो समेत कोतवाली लेकर आई। छानबानी करने के बाद ज्ञात हुआ कि उक्त आटो जनपद हरदोई के थाना अरवल से चोरी किया गया है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने पकड़े गये युवक रत्नेश से आटो के सम्बन्ध में पूछताछ की, जिस पर उक्त युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पकड़े गये युवक के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है। सीओ ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ जनपद हरदोई के थाना अरवल में विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# बीईओ के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




खण्डशिक्षा अधिकारी के सेवानिवृत्त पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गुगरापुर ब्लॉक के ब्लॉक संसाधन केंद्र गोसाईदासपुर में आयोजित समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ल को उनकी कार्य प्रणाली और सेवा काल के अंतिम क्षणों तक कार्यरत रह आदर्श प्रस्तुत किए जाने की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू, पूर्व में गुगरापुर में रहे और वर्तमान में मथुरा जनपद में कार्यरत अविनाश दीक्षित, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश यादव सौरिख, रमेश चौधरी तालग्राम ,संजय कुमार हसेरन, विमल तिवारी छिबरामऊ, डी सी विश्वनाथ शर्मा, डी सी गौरव दीक्षित ,उदयनारायण सिंह जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने फूल मालाएं और अंग वस्त्र पहना कर बुके भेंट करते हुए सम्मानित किया। रवि मोहन त्रिपाठी प्रधानाध्यापक ने उनके कार्यकाल को एक गीत में पिरोते हुए संस्मरण सुनाए और उनके दीर्घायु होने की कामना की। बीईओ डॉ संजय शुक्ल ने अपने वरिष्ठ और कनिष्ठ साथियों के प्रति प्रेम पूर्ण आभार व्यक्त किया। सभी शिक्षकों को अपना स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए उनसे कर्तव्य निष्ठ रहकर शिक्षक की उत्तरदाई भूमिका निभाने की अपेक्षा की। इस मौके पर आलोक चतुर्वेदी विकास खंड अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, रामकिशोर सिंह ब्लॉक महामंत्री गुगरापुर,आशीष मिश्रा अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, रमेश पाल, मोहम्मद समीद,राम शरण,अशोक सक्सेना, नीरज यादव सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति छात्रों को किया जागरुक

**केके इण्टर कॉलेज में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**




बुधवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टीम डीएमएचपी के द्वारा सदर ब्लॉक स्थित केके इण्टर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के तहत छात्रों को जागरुक किया गया।

इस दौरान एक प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के सफल सफल प्रतिभागियों में से मनदूत के रूप में चयन किया गया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनसीडी के नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम व जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम से सृष्टि नंदा तथा अभिषेक कुमार साइकियाट्रिक नर्स के द्वारा बच्चों को मानसिक रोगों के विषय में जानकारी दी गई, तथा उनसे बचाव हेतु चिकित्सा उपचार के विषय में विस्तार से बताया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा तथा मानसिक स्वास्थ्य ट्रेनिंग में प्रतिरक्षण प्राप्त कर चुके अध्यापक डॉ. एसके सिंह व एएफएचएस काउंसलर उपासना कुशवाहा तथा अन्य अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

**बयान** — सीएम का यह चुनावी दौरा नहीं है, यह भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम है: भदौरिया

# तीन फरवरी को सीएम आएंगे कन्नौज, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने दी जानकारी, बोर्डिंग ग्राउण्ड में आयोजित होगा कार्यक्रम, तैयारियों में जुटे भाजपाई**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 फरवरी को कन्नौज आएंगे।

यहां वह नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं को सम्मानित करेंगे। इसके अलावा कई विकास योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 फरवरी को जिला मुख्यालय के कन्नौज-सरायमीरा मार्ग स्थित केके इण्टर कालेज के खेल मैदान (बोर्डिंग ग्राउण्ड में आएंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शहर के बोर्डिंग ग्राउंड) में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन होना है। सीएम के आने के चलते पार्टी के नेता तैयारियों में जुट गए। बताया गया कि सीएम यहां नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे और जिले की 10 हजार महिलाओं को सम्मानित करेंगे। साथ ही कई विकास योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री भदौरिया ने कहा कि सीएम का यह चुनावी दौरा नहीं है, यह भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम है, जिसमें मुख्यमंत्री का आगमन होगा।

बताये कि बोर्डिंग ग्राउंड पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्राउंड के एक साइड में हेलीपैड बनाया जाएगा, जहां सीएम का हेलीकॉप्टर उतरेगा। इसके बाद वह सीधे मंच पर जाएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अधिकारी भी तैयारियों में जुट गए। भाजपा नेताओं समेत अधिकारियों ने बोर्डिंग ग्राउंड पहुंच कर निरीक्षण किया।

# जनपद की तस्वीर बदलने आये हैं डॉ. नबल किशोर शाक्य: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

## गांव बनारसीपुर व गूजरपुर में की जनसभा, पीडीए देगा भाजपा को कड़ी टक्कर: डॉ. नबल किशोर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के घोषित लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नबल किशोर शाक्य के समर्थन में 193 विधानसभा अमृतपुर क्षेत्र के गांव बनारसीपुर व गूजरपुर में जनसभायें कीं। इस दौरान क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। सपा सरकार में चलायी गयीं जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जितना विकास कार्य सपा सरकार में हुआ, उतना किसी सरकार में नहीं हुआ। आज सपा का विकास कार्य दिखायी दे रहा है, जिसे भाजपा अपना नाम दे रही है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रत्याशी बनाया है, अब हमारा फर्ज है कि हम उन्हें यहां से जिताकर पार्टी के मुखिया के हाथों को मजबूत करें। लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नबल किशोर शाक्य ने कहा कि पार्टी पिछड़ा दलित एवं अल्पसंख्यक सर्व समाज के सहयोग से भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में कड़ी टक्कर देगी। उन्होंने पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने मेरे अलावा जनपद एटा से देवेश शाक्य पिछड़ी जाति को प्रत्याशी बनाया है। डॉ नबल किशोर शाक्य ने कहा कि मैं पेशे से सर्जन कैंसर हूँ और 11 सालों से कायमगंज एवं लखनऊ के अस्पताल में बिना जातिपांति के गरीबों की मदद कर रहा हूँ। उन्होंने दावा किया कि मैंने कभी भी मरीज को देखने के नाम पर फीस नहीं ली और ऑपरेशन भी काफी कम रूपयों पर करता हूँ। इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव, देवेंद्र सिंह यादव, कृपाल सिंह यादव, देव सिंह, संदीप यादव, राजेश परमार, सुखेंद्र कुशवाहा, संदीप यादव समेत दो सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।



रिपोर्ट कार्ड दिखाते सपा के वरिष्ठ नेता



जनसभा को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व मौजूद प्रत्याशी डॉ. नबल किशोर शाक्य आदि

# दलित को शराब पिलाकर दबंग ने गले में डाली जूतों की माला

- तहरीर के आधार पर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई और पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दलित युवक को शराब पिलाकर मुंह में कपड़ा बांधकर उसके गले में जूते की माला डाली। युवक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी रजनीश कुमारी पत्नी स्वर्गीय वेदराम जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 29 जनवरी को उनका पुत्र भूरा घर पर सो रहा था, तभी गांव का आरोपी युवक शिवम पुत्र ओंकार ठाकुर घर पर आया और पीड़िता के पुत्र को घर से बुला ले गया और पीड़िता के मुताबिक उसके पुत्र को जबरन आरोपी युवक ने शराब पिलाई। वहीं कुछ कहासुनी होने लगी, तभी शराब के नशे में पीड़िता के पुत्र के मुंह पर उसने अंगोछा लपेट दिया और युवक के गले में जूते की माला डाल दी। जब इस बात की जानकारी युवक की मां को हुई, तो वह आरोपी युवक के घर पर शिकायत करने गयी। जिस पर आरोपी के परिजनों ने उसे गाली-गलौज कर भगा दिया। जिसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस को लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई और पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# लकड़ी काट रहे युवक की पेड़ से गिरकर मौत



मृतक का फाइल फोटो व अस्पताल में मृतक के माता पिता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहा युवक अचानक नीचे आ गिरा और गम्भीर रुप से घायल हो गया। परिजन तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य में लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर अमित ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव ललईया निवासी इरशाद का 26 वर्षीय पुत्र लालमीर बुधवार को पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहा था, तभी उसके शरीर का बैलेंस बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना उधर से निकल रहे लोगों ने परिजनों को दी। मौके पर पहुंच परिजन उसे लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य में पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर अमित कुमार ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया। सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना था कि इरशाद घर के लिए लकड़ियां काटने गया था। फिलहाल परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी और देर शाम उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# समाजवादी पार्टी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यकों की हितैषी: डॉ. नवल किशोर शाक्य

- भारतीय जनता पार्टी धर्म की राजनीति करती है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पीडीए के घोषित प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा ने धर्म की राजनीति का ध्रुवीकरण किया है।

समाजवादी पार्टी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक की हितैषी है। साथ ही उन्होंने एक सवाल पर कहा कि स्वामी प्रसाद जो बयान देते हैं वह उनका निजी है। इस पर पार्टी भी यही बात कई बार कह चुकी है। उन्होंने कहा कि आज भी हम लोगों का कैंसर का इलाज करते है, जिसकी मैं देखने की फीस नहीं लेता हूं। सर्वणों का सम्मान सबसे ज्यादा समाजवादी पार्टी ने किया। जनेश्वर मिश्र को सबसे बड़ा सम्मान देते हुए उनके नाम से सबसे बड़ा पार्क बनवाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में सभी वर्गों को सम्मान दे रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शाक्य समाज के पहली सूची में तीन प्रत्याशी घोषित किये हैं। इससे आसपास के जनपदों में भी उत्साह है। उन्होंने कहा कि बगैर भेदभाव के सभी लोगों का सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब चुनाव की सरगर्मियां भी नहीं थी, तभी डॉ. जितेन्द्र यादव ने अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ कमेटियों का काम कर लिया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सलमान खुर्शीद को गठबंधन का प्रत्याशी बनाते हैं तो भी हम गठबंधन के तहत उनका सहयोग करने के लिए तैयार हैं। पीडीए ही उत्तर प्रदेश के साथ भारत में एनडीए को परास्त करने का काम करेगा। अखिलेश यादव ही पूरे भारत में बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि धर्म की राजनीति को जातिगत ही तोड़ा जा सकता है। इस मौके पर प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ही भारी बहुमत से जीतेंगे।

जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरन शरन, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, डॉ. नवरंग यादव, इलियास मंसूरी, मीडिया प्रभारी विवेक यादव, अनुराग यादव, केके यादव, बेंचेलाल यादव, एमपी सिंह शाक्य, जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र शाक्य, अजय यादव आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने शाल ओढ़ाकर लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को सम्मानित किया।



पत्रकार वार्ता करते सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य मौजूद अन्य

# खनन अधिकारी की गाड़ी देख खनन माफिया हुए रफूचक्कर



मौके पर जांच करते खनन अधिकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

तमाम प्रयासों के बाद भी खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी को देख खनन माफिया रफूचक्कर हो गया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम देवरान गढ़िया में खनन जोरों से हो रहा है। किसी ने इसकी सूचना खनन अधिकारी को दे दी। सूचना पर खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक किसी भी तरीके से भनक खनन माफिया को लग गयी। जिससे वह मौके से भाग गया। खनन अधिकारी संजय प्रताप ने लेखपाल अभय त्रिवेदी को मौके पर बुलाकर आख्या ली। नापजोख के दौरान खनन माफिया संतोष भाटिया ने मेड़, रास्ता सब काट दिया और खनन कर लिया। जिस पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। खनन अधिकारी संजय प्रताप ने ग्रामीणों से अंगूठा लगवाकर उनकी गवाही लगवा ली। खनन अधिकारी संजय प्रताप ने बताया की जल्द ही खनन माफिया को नोटिस देकर जेल भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी को भी अवैध रुप से खनन नहीं करने दिया जायेगा। जो भी खनन करते मिलेगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# सीएचसी पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

- नगर पंचायत अध्यक्ष राजबेटी शंखवार ने वितरित किये कंबल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी पर बुधवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न स्टाल लगाकर चिकित्सकों द्वारा लोगों की जांच कर दवा और परामर्श दिया गया। आयोजित शिविर में क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक लोगों का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य की जांच कराई गई। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष राजबेटी शंखवार ने गरीबों को कंबल का वितरण किया।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रचार प्रसार एवं जागरूकता, कुष्ठ रोग, फ्री डेंटल चेकअप, टीबी की जांच सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं काउंसलिंग की गयी। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य की जांच और परामर्श लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवनींद्र कुमार ने बताया की मानसिक रोगियों को कम्बल व जलपान भी वितरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुँचे चैयरमेन पति कृष्ण कुमार शंखवार ने सीएमओ से अस्पताल परिसर में बने ट्यूबबेल के पास स्नान घर बनवाने के लिए कहा। जिस पर सीएमओ ने उन्हें साफ मना करते हुए कहा की कैंपस की जगह पर कुछ भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय यादव ने बताया कि शिविर का आयोजन साल भर पर किया जाता है। इसमें लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर दवा का वितरण किया जाता है। बाद गरीबों को नगर पंचायत अध्यक्ष राजबेटी शंखवार ने कंबल का वितरण किया गया।



गरीबों को कंबल वितरित करतीं चेयरमैन राजबेटी शंखवार

# विधायक ने शिक्षकों को वितरित किये टैबलेट

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर शिक्षकों को टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बीएसए गौतम प्रसाद के द्वारा टैबलेट का वितरण किया गया। जिसमें 11 स्कूलों जैसे बेहटा, दरौरा, गदनपुर तुर्रा, दिनारपुर, पतौंजा, कमालगंज, खुदागंज, मधवापुर, झसी, डूंगरपुर हैदरपुर को बीसीए तथा विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने अपने हाथों से टेबलेट वितरित किए। बताते चले कुल 199 स्कूलों में टेबलेट का वितरण होना है।

जिसमें एक प्रधानाध्यापक तथा दूसरा टेबलेट सहायक अध्यापक को दिया जाना है, तो वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि सर्व प्रथम इंग्लिश मीडियम विद्यालय कमालगंज क्षेत्र में पूर्व सीडीओ राजेंद्र पेशिया ने खुलवाया था। उन्होंने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया था। जिसके चलते उन्हें आज याद किया गया। वहीं विधायक ने बताया कि केंद्र व प्रदेश की सरकार स्कूलों की शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है। विधायक ने बताया कि समाज की सेवा ही सच्ची सेवा है। जब हमारे बच्चे शिक्षा को पाएंगे तभी समाज की सेवा कर पाएंगे। वहीं किसी एक बच्ची रजीपुर की जो की उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। जिसके पास ना तो पक्का मकान है और ना ही उसकी मूलभूत सुविधा सरकार की तरफ से मिल पा रही हैं। जिसके चलते विधायक ने टीचर से उसका नाम, पता तथा उसका खाता खुलवाकर आर्थिक मदद देने का तथा सरकार की तरफ से मदद दिलाने का टीचर को आश्वासन दिया। वही खंड शिक्षा अधिकारी याशमीन ने बताया कि टेबलेट के जरिए सभी की ऑनलाइन उपस्थिति होगी।

चाहे वह अध्यापक हो या बच्चे, तो वहीं अध्यापकों की ऑनलाइन हाजिरी पहले सुबह जाते समय तथा शाम को आते समय होगी और इसी प्रकार बच्चों की हाजिरी दिन में तीन बार लगेगी।

सुबह तथा दोपहर को एमडीएम के समय व शाम को छुट्टी के समय। इस टेबलेट के जरिए डीबीटी नामांकन छात्रों के तथा प्रोफाइल तथा उपस्थिती वगैरा फीड की जाएगी। फिलहाल में तो अभी इसकी दो तीन दिन तक तो मैपिंग होगी। इसके बाद में इसे सक्रीय कर दिया जाएगा। इस मौके पर तमाम स्कूलों के अध्यापकगण मौजूद रहे।



विकलांग शिक्षक को टैबलेट देते विधायक

# मार्ग दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत



मृतक का फाइल फोटो



पीएम हाउस में बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साथी के साथ बाइक से मजदूरी करने जा रहे घायल युवक की बीती रात कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार जहानगंज कस्बा निवासी आशाराम राजपूत का 22 वर्षीय पुत्र पंकज मैनपुरी निवासी साथी मुन्ना के साथ 27 जनवरी को अपनी बाइक से कन्नौज के एक कोल्ड में मजदूरी करने के लिए गया था। मेंहदीघाट पुल पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। रोड किनारे घायल अवस्था में पड़े दोनों घायलों को पुलिस ने कन्नौज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी थी। मौके पर पहुंचे पंकज के परिजन उसको लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने रेफर कर दिया। आगरा में इलाज होने पर आराम ना मिलने पर कानपुर प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां रात इलाज के दौरान पंकज की मौत हो गई। परिजन शव को घर ले आए। थाने में घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। वहीं साथी मुन्ना की हालत सही है।

# आवारा गौवंशों से किसान हलकान फसलों की जागकर कर रहे रखवाली



खेतों में भ्रमण कर रहे आवारा सांड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

आवारा गोवंशों के आतंक से किसान काफी परेशान है। वह अपनी फसलों की सर्द रातों में जागकर निगरानी करने को मजबूर हैं। वहीं जिम्मेदार किसानों की इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र से सटे कई गांवों में आवारा गोवंशों का आतंक जारी है। वह अन्नदाता की फसलों को दिन तथा रात में नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का कहना है कि वह गेहूं, सरसों, आलू आदि की फसलों की रात में जागकर निगरानी कर रहे हैं। जरा सा चूक जाने पर जानवरों की फौज फसलों पर टूट पड़ती है और काफी फसल को नुकसान पहुंचा देती है। ज्यादा कुछ कहने पर जानवरों को तो गौशाला में रख दिया जाता है, लेकिन सांडों के लिए गौशाला में कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण वह खुलेआम क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह बात नगर पंचायत के जिम्मेदार बताते हैं, लेकिन अब जिम्मेदार ही ऐसी बात कर रहे हैं तो आखिरकार अन्नदाता अब कहां अपनी फरियाद लेकर जायें। ग्रामीणों का कहना कि यदि शीघ्र ही प्रशासन ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो ग्रामीण जानवरों को सरकारी बिल्डिंग में बंधक बनाने को मजबूर होंगे।

# बस की टक्कर से पिकअप सवार की मौत, दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस ने पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। तीनों घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां एक व्यक्ति को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज से मोहम्मदाबाद की तरफ जा रही पिकअप में परिवहन निगम की बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गये। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास निवासी राशिद कुरैशी उम्र 45 वर्षीय पुत्र मेहंदी हसन अपने गाँव के अबरार उर्फ बड़े पुत्र जमील व पड़ोसी गाँव के रहीश मियाँ पुत्र खलील निवासी कुँवरपुर इमलाख को साथ लेकर पिकअप द्वारा मवेशियों को लेकर मोहम्मदाबाद जा रहा था। जैसे ही पिकअप चालक कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर टेड़ीकोन के निकट पहुँचते ही राशिद ने पिकअप चालक से कहा कि साईड में पिकअप खड़ी कर दो। मवेशियों देखने के लिए पिकअप साइड में खड़ी करवाकर राशिद अपने दोनों साथियों के साथ मवेशियो को देखने लगा। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप सवार राशिद, रहीश मियाँ, अबरार गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को नगर के सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डाक्टर अमित कुमार ने राशिद को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी रिजवाना सहित बच्चों में कोहराम मच गया। वहीं घायल रहीश मियाँ ने बताया की हम तीनों लोग किराये पर पिकअप से मवेशियों को लेकर मोहम्मदाबाद जा रहे थे। टेढ़ीकोन के निकट पिकअप को साईड से खड़ी करवाकर पिकअप के पीछे खड़े होकर मवेशियों को देख रहे थे, तभी पीछे से रोडवेज ने टक्कर मार दी। जिसमें राशिद की मौत हो गई और हम दोनों घायल हो गये।



सीएचसी में रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो

## मेला में करणी सेना के कल्पवासी सहायता केंद्र का

# संत सत्यगिरी महाराज ने किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर मेला श्रीराम नगरिया लगा हुआ है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं। कल्पवासियों को बिजली, पानी, शौचालय की समस्या से उन्हें दो चार होना पड़ रहा है। करणी सेना ने मेला में कल्पवासी सहायता केंद्र का शुभारंभ किया है।

मेला श्री राम नगरिया में प्रशासनिक पांडाल के पीछे करणी सेना को प्रशासन ने कार्यालय उपलब्ध कराया है। बुधवार दोपहर को पंच दस नाम जूना अखाड़ा प्रमुख संत सत्य गिरी महाराज ने फीता काटकर कल्पवासी सहायता केंद्र का शुभारंभ किया। संत सतगिरी महाराज ने कहा कि कल्पवासियों साधु संतों की परेशानियों को दूर करने के लिए करणी सेना ने अच्छा कदम उठाया है।



करणी सेना के कल्पवासी सहायता केंद्र का उद्घाटन करते संत सत्यगिरी महाराज

जनता की सेवा करना ही सबसे बड़ा मानव का कर्तव्य है। करणी सेना जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा की मेला श्री रामनगरिया में कल्पवास कर रहे हर श्रद्धालु के पास संगठन के पदाधिकारी पहुंचेंगे। उनकी समस्याओं का हर संभव स्तर पर निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कार्यालय प्रभारी के तौर पर कीर्तिवर्धन सिंह राठौड़ की नियुक्त की गई है।

जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम मेला श्री रामनगरिया में काम करेगी। इस दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र सिंह, वीएम अध्यक्ष भईयन मिश्रा, मानवाधिकार संगठन नेता धीरज पांडे, भाकियू जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, करणी सेना संरक्षक ठाकुर कुलदीप सिंह, राहुल सोमवंशी, विनोद सोमवंशी, शिवम, जानू, अमित सिंह गौर, सोनू परिहार, मोंटू विमल ठाकुर, अमन आदि लोग उपस्थित रहे।

## कब बुलबुल पंजीकरण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट और गाइड प्रादेशिक कार्यालय द्वारा अनुदानित एवं बेसिक शिक्षा विद्यालयों में बालचर योजना के अंतर्गत कब बुलबुल का पंजीकरण कराते हुए निःशुल्क प्रशिक्षण की श्रृंखला में बुधवार को जिला ट्रेनिंग कमिश्नर व ब्लॉक बढ़पुर गाइड कैप्टन भारती मिश्रा द्वारा प्राथमिक विद्यालय सोता बहादुरपुर न्याय पंचायत चांदपुर में मोर बुलबुल फ्लॉक व कब पैक को प्रवेश का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिसमें कब को मोगली की कहानी, प्रतिज्ञा, नियम तथा बुलबुल को तारा की कहानी, प्रतिज्ञा व नियम का अभ्यास कराया गया। साथ ही कब/बुलबुल प्रार्थना तथा भलाई के नियमों के बारे में जानकारी दी गई।



बच्चों को कब बुलबुल का प्रशिक्षण देती गाइड कैप्टन भारती मिश्रा

इस अवसर पर दिनेश कुमार, कंचन, रेशमा देवी, सोमवती, मोहिनी, कपिल, आदित्य, अमित सिंह, तान्या अन्य आदि उपस्थित रहे।

## कर्नल शरद शरन को नदीम फारुकी ने पत्रिका भेंट की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन को पार्टी कार्यालय आवास विकास पर पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने संघर्ष के पांच साल नामक पत्रिका भेंट की। नदीम फारुकी ने बताया कि विपक्ष में रहते हुए पांच साल संघर्ष किया। जिसको लेकर यह पत्रिका का विमोचन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया था। जिसमें बुधवार को सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन को भेंट की गई।



कर्नल शरद शरन को पत्रिका भेंट करते नदीम फारुकी

पार्टी कार्यालय पर कर्नल शरद शरन ने बताया कि देश में शहीद होने की एक मात्र रोजगार योजना केवल सेना है उसे भी भाजपा ने अच्छी योजना बताकर फौजी समाज का शोषण करते हुए अग्निवीर में बदल दी है। फौजी समाज की पेंशन खत्म की जा रही है। साथ ही नौकरी करने के अवसर भी समाप्त हो रहे है। तीन चार साल तक काम लेने के बाद उन अग्निवीर को भी बेरोजगार करने के लिए भाजपा कोई कसर छोड़ नहीं रही है। ऐसे में फौजी समाज का भी शोषण हो रहा है। फौजी समाज के लिए पुरानी पेंशन मांग को बहाल करें। साथ ही अन्य लोगों की भी पुरानी पेंशन बहाल हो। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, बेंचेलाल यादव सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## न्यायालय ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ से मांगा स्पष्टीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ज्ञानेंद्र कुमार ने मु0अ0सं0 28/22 थाना मोहम्मदाबाद के मामले में कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ हरिश्याम सिंह ने नियत तिथि पर अभियुक्त को जारी सम्मन का तामीला नहीं कराया। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित कोतवाली प्रभारी जान बूझकर अभियुक्त को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। जो कि अत्यन्त आपत्तिजनक है। कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया जाता है कि 01 फरवरी को अपना लिखित स्पष्टीकरण दें उन्होंने अभियुक्त को जारी सम्मन का तामीला क्यों नहीं कराया। इसलिए वह 01 फरवरी को पेश हों और पैरोकार उपरोक्त आदेश का तामीला कराना सुनिश्चित करे।

## भौतिकवाद के बढ़ते प्रभाव से गृहस्थ की मर्यादायें टूट रही हैं: चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में बुधवार को वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। कल्पवासियों को गृहस्थ जीवन को सुखी बनाने के उपाय बताए गए। शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि पति और पत्नी इस गृहस्थ रूपी गरथ के दो पहियों के समान होते हैं, यदि इन दोनों में समन्वय न हो तो गृहस्थी की गाड़ी मार्ग से भटक सकती है।



प्रवचन करते आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री

इसके लिए दोनों को शास्त्रों का यथावत ज्ञान आवश्यक है, परन्तु आज भौतिकवाद के बढ़ते प्रभाव से गृहस्थ की मर्यादाएं टूट रही हैं। एक सद्गृहस्थ का वास्तविक धर्म श्रेष्ठ सन्तान का निर्माण करना है पर आज का व्यक्ति संतान के स्थान पर उसके लिए भौतिक संसाधनों के निर्माण में लगा रहता है। यही बाद में पारिवारिक दुःखो का कारण बनता है। अपने परिवारों को स्वर्ग बनाने के लिए हमें वेद के विद्वानों के सानिध्य में बैठकर सत्संग लाभ लेना चाहिए तथा अपने पूर्वजों व महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मर्यादा पुरूषोत्तम राम व योगीराज श्रीकृष्ण आदि महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि एक सद्गृहस्थ के अनुपम उदाहरण हैं। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि हमे स्वामी दयानंद के बताए मार्ग पर चलकर अपने परिवार को सुखमय बनाने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए एक मास तक सभी कल्पवासी नित्य वैदिक क्षेत्र में आकर अपने इस तप को सिद्ध करें, तभी हमारा कल्पवास सार्थक होगा। मध्यान की सभा मे हरदेव आर्य, धनीराम बेधड़क व उदिता आर्या ने भक्तिमय भजन सुनाकर सभी को मोहित किया। प्रातःकाल यज्ञ शैलेश शास्त्री ने संपन्न कराया।

कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री, उत्कर्ष आर्य, उदयराज, यज्ञ प्रताप, शिशुपाल, प्रशांत आर्य, उपासना कटियार, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डीएम के सामने बैठक में व्यापारियों ने उठाए मुद्दे

**राठ।** व्यापारियों की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हमीरपुर में हुई। बैठक में व्यापार मंडल के विभिन्न संगठनों ने डीएम के सामने राठ कस्बे की समस्याओं को रखा। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कस्बे के अंदर बडे स्पीड ब्रेकरों पर सफेद पेंट कराने की बात कही। इसके अलावा जिलाध्यक्ष ने कोटबाजार में दुकानों के आगे लोहे के पाइप लगाने की मांग की जिससे कि अतिक्रमण न फैल सके। इसके अलावा उन्होने कस्बे की लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर कहा कि बिजली आने जाने का समय नहीं है। घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को परेशानी हो रही है। रामलीला मैदान के आस पास सड़क पर सब्जी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से सारा दिन जाम की समस्या बनी है। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गुप्ता ने भी डीएम के सामने कस्बे की समस्याओं को रखा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कस्बे के सरकारी अस्पताल में डाक्टरों की कमी होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बताया कि अस्पताल में संसाधनों की कमी से आज एक बच्चें की मौत हो गई। इसके अलावा जिला पंचायत हमीरपुर द्वारा मुस्करा कस्बे में व्यापारियों से अवैध पैसे की वसूली की जा रही हैं, इस पर रोक लगाने की बात कही। कोट बाजार में अन्ना जानवरों के छुटटा घूमने से बाजार आने जाने वाले लोगों में दहशत है। कहा कि घूम रहे छुटटा जानवर लोगों को चुटहिल कर रहे हैं। जिले के हाइवे पर पेट्रोल पंपों पर 112 पिकेट की डयूटी लगाई जाने की मांग की।

### पोषण समिति की डीएम ने ली बैठक

**हमीरपुर।**जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता एवं मु य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जंस विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं ,कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार संबंधी वीएचएसएनडी सेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः इस सेशन को सभी संबंधित केंद्रों पर निर्धारित समय मे संचालित किया जाए तथा इस सेशन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व संबंधित लाभार्थियों लोगों की अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं द्वारा 100ः होम विजिट किया जाए। पोषण ट्रैकर एप पर शत प्रतिशत फीडिंग किया जाए युनिटी बेस्ड इवेंट एवं वीएचएसएनडी सेशन निर्धारित समय से आयोजित किया जाए इसमें जन जागरूकता कर लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रियल टाइम मॉनिटरिंग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर एप पर नियमित रूप से फीडिंग का कार्य किया जाए। कहा कि प्रत्येक माह पोषाहार वितरण समय से किया जाए। कुपोषित बच्चों का नियमित रूप से वजन किया जाए। कहा कि सभी सीडीपीओ द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से एनआरसी में भर्ती कराया जाए। कहा कि पोषण ट्रैकर एप पर विभिन्न गतिविधियों की शत प्रतिशत फीडिंग की जाए नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका शतप्रतिशत बनवाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद से जच्चा बच्चा के कुपोषण का पूर्णतया उन्मूलन किया जाए, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाए। कुपोषण को समाप्त करने हेतु माइक्रो प्लान बनाकर कार्य किया जाए तथा घर घर जाकर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक किया जाए । उन्हें मौसमी फल सब्जियां का सेवन करने , नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच कराने, समय.समय पर दवाएं लेने एवं टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित करें।

## फर्जी मोबाइल बेचने वाले गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्जी तरीके से मोबाइल बेंचने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 11 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से 42 मोबाइल फोन व दो बिल बुक, 4 बाइकें बरामद हुए। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद के निरीक्षक निर्भयचन्द्र, उपनिरीक्षक सूर्यप्रकाश उपाध्याय, नवाबगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, हे0का0 नन्दलाल, का0 योगेश कुमार, सौरभ कुमार, तरुण कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर फर्जी तरीके से मोबाइल बेंचने वाले गिरोह के सदस्य केदार पुत्र भगवान सिंह निवासी मडलावदा थाना सिमर जिला इंदौर मध्य प्रदेश, देवी सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी 296/8 गली नि0 09 पटेल नगर थाना पटेल नगर दिल्ली, करन पुत्र मोहन निवासी पंजाबी बस्ती बलजीत नगर थाना आनन्द पर्वत दिल्ली, सम्मी पुत्र मंशाराम निवासी प्रेम नगर शिव मंदिर के पास मोहल्ला करोल बाग नई दिल्ली, अजय सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी पटेल नगर दिल्ली, किरन, शिभा, सुभद्रा, ऊषा निवासीगण मध्य प्रदेश, गुंजा निवासी करोल बाग दिल्ली, अनारो देवी निवासी दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से 42 मोबाइल फोन व दो बिल बुक, 4 बाइकें बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि घूम-फिरकर पुराने मोबाइल फोन चोरी कर मोडिफाइड करके लोगों को गुमराह कूट रचित बिल बनाकर कम्पनी का असली मोबाइल बताकर बेचते है और जो धन मिलता है उसे आपस में बांट लेते है। महिला पुरुष साथ में होने के कारण कोई शक नहीं करता। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

▸ 42 मोबाइल व दो बिल बुके, चार बाइकें बरामद

## धार्मिक स्थलों के पास मिले कूड़े के ढेर तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई: अध्यक्ष

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत शमशाबाद क्षेत्र में आने वाले सभी धार्मिक स्थलों के आसपास कूड़े के ढेर लगे मिलने पर संबंधित सफाई नायक व सफाई प्रभारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने जारी किये आदेश में कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी सफाई नायक व सफाई प्रभारियों को आदेशित किया जाता है कि वह अपने-अपने आवांटित वार्डों में आने वाले सभी धार्मिक स्थल जैसे मंदिर, मस्जिद के समीप कूड़े के ढेर एकत्रित न होने दिये जाये। कूड़ा एकत्रित होने पर तत्काल उठाया जाये। निरीक्षण करने पर यदि नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी धार्मिक स्थल के समीप कूड़े के ढेर पाये जाते है तो ऐसी स्थिति संबंधित सफाई नायक सफाई प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा जानकारी यह भी दी गई कि सफाई नायक राजेश कुमार, सफाई प्रभारी मोहम्मद नाजिर, सफाई प्रभारी संजेश कुमार, सफाई प्रभारी शशिकांत, सफाई प्रभारी वनारसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला आयोजित 205 युवाओं को मिला रोजगार

**मुस्करा, समृद्धि न्यूज।**

पं.दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय हमीरपुर के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने प्रशिक्षण प्राप्त 205 युवाओं को विभिन्न पदों पर चयन कर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कस्बा स्थित विक्रम पैलेस में आयोजित रोजगार मेला का शुभारंभ मु य अतिथि ब्लाक प्रमुख वीर नारायण सिंह राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। उप्र कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 450 अ यर्थियों ने रोजगार के लिए पंजीयन कराया था। जिसमें से 205 युवाओं को विभिन्न पदों पर चयन कर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। चयनकर्ता कंपनियों में ब्राइट यूचर न्यू इलेमबेरी, शारदा हॉस्पिटल, नेक्शा सिक्योरिटी गार्ड प्राइवेट लिमिटेड, इशिता टैक्स टाइल्स क्रॉस इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, कॉल्विन मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, विलेज ्रेन्च प्राइवेट लिमिटेड, प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन सहित अन्य कंपनियां शामिल रही। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय, कौशल विकास मिशन जिला कार्यक्रम प्रबंधन शिवराम सिंह, आईआईटी मौदहा प्रभारी शमशाद अहमद एवं राधे श्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय, हैंडपंप बना सफेद हाथी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इसे समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों की लापरवाही कहीं तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि कायमगंज-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। उक्त प्रतीक्षालय का निर्माण समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायक निधि द्वारा कराया गया था। अफसोस मुख्य मार्ग पर जगह-जगह यात्री प्रतीक्षालय तो हैं, लेकिन अनदेखी के चलते यही प्रतीक्षालय आजकल खंडहर में तब्दील होते देखे जा रहे हैं। वर्तमान में वर्षो पुराने जर्जर यात्री प्रतीक्षालय जानलेवा साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में कायमगंज-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे जहा ग्राम गोविंदपुर असदुल्ला के निकट यात्री प्रतीक्षालय जिसका निर्माण पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार की निधि से हुआ था। राह चलते लोगों की प्यास बुझाने के लिए हैंड पंप भी लगाया गया था। वर्तमान में यही यात्री प्रतीक्षालय तथा हैंड पंप दोनों ही सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना था उक्त यात्री प्रतीक्षालय काफी पुराना और जर्जर है। जगह-जगह टूटा है। फर्श बैठी हुई है। आम जनमानस की प्यास बुझाने के लिए लगा हैंडपंप भी खराब है। इसी तरह ग्राम दलेलगंज के निकट बना यात्री प्रतीक्षालय भी अनदेखी का शिकार है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त प्रतीक्षालय जर्जर है। फर्श टूटी है। यात्रियों बैठने के लिए जो पटिया बनाई गई थी वह भी टूटी देखी जा रही। मालूम रहे शमशाबाद क्षेत्र के दर्जनों गांव जो मुख्य मार्ग से जुड़े हैं और इन्हीं मार्गो के जरिए लोग मुख्य मार्ग के निकट आने जाने वाले वाहनों का इंतजार करते हैं। सर्दी, गर्मी, बरसात, धूप से बचने के लिए सांसद, विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था। लोगों का कहना है उक्त यात्री प्रतीक्षालय इतने जर्जर है अब वास्तविक मौत का संदेश दे रहे हैं। केशव शरन कांति देवी इंटर कॉलेज कुइयांधीर के प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह गंगवार तथा शिक्षक आवेश पाल सहित तमाम लोगों ने जर्जर प्रतिक्षालयों का जीर्णोधार कराए जाने की मांग की।



कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित जर्जर प्रतीक्षालय

## व्यापारी दुर्घटना बीमा के तहत डीएम ने नीलम गुप्ता को दी दस लाख की चेक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई।

उद्योग व व्यापार बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में बैठक में चर्चा की गई। समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए। इस मौके पर उन्होंने सरकार समर्थित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।




व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना व्यापारी दुर्घटना बीमा के तहत नीलम गुप्ता पत्नी स्व0 अमित कुमार फर्म स्वामी श्री बालाजी इंटरप्राइजेज, 6 थोक 421/× नियर बी,एस,एन,एल, टावर मुस्करा, जिला हमीरपुर को 10 लाख रूपये की चेक जिलाधिकारी द्वारा दी गयी। जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी।

**मुकाबला**

### पहले मैच में गुढा ने जखेला को चार रन से हराया

## दूसरे मैच में कुरारा ने सिकरोढ़ी को सात विकेट से दी शिकस्त

**कुरारा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में गुढा पुरवा ने जखेला को चार रनों से हराया। जबकि दूसरे मैच में कुरारा ने सिकरोढ़ी को सात विकेट से हराया। पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए पहले मैच में गुढा पुरवा टीम ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 95 रन बनाए। टीम के सुमित ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। जवाब में जखेला ने 10 ओवर में 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच में 5 विकेट लेने वाले बिनोद को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वही दूसरे मैच में सिकरोढ़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 104 रन बनाए। टीम के गौरव ने 69 रन बनाए।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुरारा टीम ने 11 ओवर में 3 विकेट खोकर 105 रन बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम के अजय ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। मैच में सर्वाधिक रन बनाने वाले गौरव को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमित कुमार निषाद, पूर्व प्रधान राम सजीवन, सरमन, जगदीश आदि मौजूद रहे।

# राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र शुरू होने के साथ ही सदन में 11 सदस्यों के निलंबन को लेकर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट बुधवार को पेश की गयी जिनमें इनको दोषी बताया गया है, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए इसके निलंबन को रद्द कर दिया।

सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पेश की गयी जिसमें इन सदस्यों को विशेषाधिकार के हनन और सदन की अवमानना का दोषी बताया गया है। सभापति ने समिति की सिफारिश के बाद नियम 202 और 266 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सभी 11 सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया और उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दे दी। सभापति ने कहा, यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखकर लिया गया है कि ये सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान उपस्थित रह सकें।



सभापति ने श्रीमती जेबी मथेर हिशाम, डॉ. एल हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जी सी चंद्रशेखर, विनय विश्वम, संदोष कुमार पी, एम मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम का निलंबन रद्द किया है। समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि इन सदस्यों को पहले ही पर्याप्त अवधि की सजा मिल चुकी है। इन सभी सदस्यों को शीतकालीन सत्र के दौरान सदन और आसन की अवमानना के आरोप में निलंबित कर इनका मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

### लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित, तीन सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को थोड़े समय की कार्यवाही के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। राज्यसभा में आज तीन नए सांसदों सतनाम सिंह संधू, नारायण दास गुप्ता और स्वाति मालीवाल ने सदस्यता की शपथ ली। सभापति ने 11 सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विशेषाधिकार समिति ने उन्हें विशेषाधिकार के उल्लंघन और राज्यों की परिषद की अवमानना का दोषी पाया और सिफारिश की कि उनकी निलंबन अवधि को पर्याप्त सजा के रूप में माना जाए। उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद सदस्यों सदानंद शेट तनावडे और साकेत गोखले को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में पूर्व सांसद हरि शंकर भाभड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने अपने शोक संदेश में कहा कि भाभड़ा को सार्वजनिक जीवन में उच्च मानकों का उदाहरण देने और उनके द्वारा संभाले गए पदों को सार्थक करने के लिए याद किया जाएगा। उधर, लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने भद्रेश्वर तांती (सदस्य, 8वीं लोकसभा) और सोनावणे प्रताप नारायणराव (सदस्य, 15वीं लोकसभा) के निधन पर शोक संदेश दिया।

# 350 मुस्लिम श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर किए रामलला के दर्शन

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर में पूजा के लिये भक्तों में जबर्दस्त उत्साह के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़े 350 लोग 150 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर यहां पहुंचे और रामलला के दर्शन किए। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह दल 25 जनवरी को लखनऊ से चला था और रोजाना 25 किलोमीटर पदयात्रा कर मंगलवार को यहां पहुंचा।

संगठन के मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बुधवार को एक बयान में बताया कि 350 मुस्लिम श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किये। इस दौरान उनकी आंखों में श्रद्धा के आंसू और जुबान पर जय श्री राम का नारा था। इस दल का नेतृत्व मंच के संयोजक राजा रईस और प्रांत संयोजक शेर अली खान ने किया।

बयान के अनुसार छह दिन की इस यात्रा के दौरान प्रतिदिन 25 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इसमें कहा गया है कि दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं ने कहा कि श्री राम के आध्यात्मिक दर्शन का यह पल उनकी पूरी जिंदगी सुखद स्मृति के रूप में बना रहेगा। मंच के संयोजक राजा रईस ने कहा, राम हम सभी के पूर्वज थे, हैं और रहेंगे। रईस ने कहा, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि हमारा मुल्क, हमारी सभ्यता, हमारा संविधान आपस में बैर रखना नहीं सिखाता है। अगर कोई इंसान किसी दूसरे धर्म की इबादतगाह या पूजा स्थल पर चला जाए तो इसका मतलब यह कतई नहीं माना चाहिए कि उसने अपना मजहब छोड़ दिया है। क्या दूसरे की खुशी में शामिल होना जुर्म है? मंच का मानना है कि अगर यह जुर्म है तो फिर हर हिंदुस्तानी को यह जुर्म करना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### गेटसेटअप के साथ साझेदारी करेगा उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने गेटसेटअप के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो एक प्रमुख समुदाय है जो सक्रिय वृद्धावस्था और जीवनभर सीखने को समर्थन देने के लिए समर्पित है। यह सहयोग उच्च वयस्कों के बीच स्वतंत्रता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है, जो गेटसेटअप की शिक्षा, कौशल विकास, और समुदाय संगठन के साथ मेल खाता है। 55 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को नए कौशल सीखने, दूसरों के साथ जुड़ने और नए जीवन के अनुभवों को अनलॉक करने में सशक्त बनाने के गेटसेटअप के मिशन को उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में एक मजबूत सहयोगी मिला है। सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में बैंक की विशेषज्ञता सक्रिय वृद्धों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और कल्याण को बढ़ावा देने के गेटसेटअप के लक्ष्य को पूरा करती है। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, हम (गेटसेटअप) के साथ हाथ मिलाकर उत्साहित हैं। यह साझेदारी समावेशी विकास, वित्तीय सशक्तिकरण और सामुदायिक कल्याण के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। गेटसेटअप) के प्रबंध निदेशक अश्विनी कपिला ने कहा, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी (गेटसेटअप) में हमारे मिशन को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक साथ मिलकर, हम सिर्फ शिक्षित नहीं कर रहे हैं; हम उन्हें अधिक स्वतंत्र, सक्रिय, सामाजिक और पूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक उपकरण, ज्ञान और सामुदायिक समर्थन के साथ सशक्त बना रहे हैं।

### उत्तराखंड में शीघ्र ही लागू होगी यूसीसी : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड शीघ्र ही समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले सरकार राज्य में यूसीसी को लागू करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि इसके लिए 3 फरवरी को कैबिनेट की बैठक भी बुला ली गई है। उन्होंने साफ कर दिया है कि 2 फरवरी को यूसीसी के लिए गठित कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपने वाली है। इसके बाद 3 फरवरी को कैबिनेट कि बैठक बुलाई गई है। इसमें यूसीसी के ड्राफ्ट को मंजूरी देने के साथ इस पर चर्चा की जाएगी और 5 फरवरी से शुरू होने जा रहे विशेष सत्र में यूसीसी के विधेयक को पारित कराकर राज्य में लागू करने का कार्य करेगी।

### राहुल गांधी पर हमले का ड्रामा कर रही है कांग्रेस : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राहुल गांधी की गाड़ी पर हमले को ड्रामा करार दिया है। मुर्शिदाबाद में एक जनवितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गाड़ी पर उनके राज्य में नहीं, बल्कि बिहार में हमला किया गया। जब उनकी गाड़ी ने राज्य (बंगाल) में प्रवेश किया तब उसका पिछला शीशा पहले से टूटा हुआ था। बनर्जी ने कहा, ''मुझे संदेश मिला कि राहुल गांधी की कार पर पथराव किया गया। मैंने पता किया कि दरअसल क्या हुआ, तब मैंने पाया कि यह घटना बंगाल में नहीं बल्कि कटिहार में हुई। जब यह कार बंगाल आयी तब उसका शीशा पहले से टूटा हुआ था। मैं इस घटना की निंदा करती हूं। यह कुछ नहीं बल्कि ड्रामा है।'' कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत जिस कार में राहुल गांधी सफर कर रहे थे, उस पर बुधवार को तृणमूल समर्थकों ने पथराव किया।

### आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनसंचार संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया है। आईआईएमसी को शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) की सलाह पर डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किया है। यह आदेश आईआईएमसी नई दिल्ली और जम्मू (जम्मू और कश्मीर), अमरावती (महाराष्ट्र), आइजोल (मिजोरम), कोट्टायम (केरल), और ढेंकनाल (ओडिशा) में स्थित इसके पांच क्षेत्रीय परिसरों पर लागू होगा। इस नए दर्जे के साथ आईआईएमसी अब डॉक्टरेट डिग्री सहित डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत होगी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह की बहू की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह की बहू और पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह का कार एक्सीडेंट में देहांत हो गया। इसके साथ ही मानवेंद्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है जिसमें बेहद भयानक एक्सीडेंट होता दिखाई दे रहा है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि नींद की झपकी आने से कार का संतुलन बिगड़ा जिससे कार एक्सप्रेस-वे से उतरकर करीब 150 मीटर दूर कच्चे में जाकर एक दीवार से टकराई इतना ही नहीं वहां मौजूद लोगों के अनुसार, कार की स्पीड करीब 160 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रही होगी।

# रामसर आर्द्रभूमि स्थल में पांच स्थल और जुड़े, संख्या बढ़कर हुई 80

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व आर्द्रभूमि दिवस से दो दिन पहले देश में रामसर आर्द्रभूमि साइट की संख्या 75 से बढ़कर 80 हो गई है। पांच नए रामसर वेडलैंड स्थलों में दो तमिलनाडु और तीन कर्नाटक से हैं। इन पांच नए वेटलैंड रामसर स्थलों में तमिलनाडु के कराईवेट्टी पक्षी अभयारण्य एवं लॉन्गवुड शोला रिजर्व फॉरेस्ट और कर्नाटक के मगदी केरे कंजर्वेशन रिजर्व, अंकसमुद्र पक्षी संरक्षण रिजर्व और अघनाशिनी ज्वारनदमुख शामिल है।

बुधवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2024 की पूर्व संध्या पर भारत के रामसर स्थलों (अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि) की मौजूदा संख्या 75 से बढ़ाकर 80 कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली में आर्द्रभूमि सम्मेलन के महासचिव डॉ मुसोंडा मुंबा से मुलाकात की। उन्होंने पांचों रामसर साइट को सर्टिफिकेट वितरित किए। तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों को बधाई देते हुए भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण पर जो जोर दिया है। इसके कारण देश के लोगों में जागरूकता आई है। पांच और नए रामसर स्थलों का जुड़ना प्रधानमंत्री मोदी की अमृत धरोहर पहल में परिलक्षित होता है।



### उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव होंगी राधा रतूड़ी

**देहरादून।** उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव राधा रतूड़ी होंगी। धामी सरकार ने उन्हें मुख्य सचिव बनाकर मातृ शक्ति को बड़ा सम्मान दिया है। सचिव शैलेश बगोली ने नए मुख्य सचिव को लेकर आदेश जारी किया है। मौजूदा मुख्य सचिव एसएस संधू की सेवाएं आज ( 31 जनवरी ) समाप्त हो रही हैं। धामी सरकार ने 1988 बैच की आईएएस अधिकारी और वर्तमान में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाने पर मुहर लगाई है। राधा रतूड़ी आज मुख्य सचिव संधू की सेवानिवृत्ति पर पदभार ग्रहण करेंगी। आईएएस राधा रतूड़ी अपने 36 वर्ष के कार्यकाल में कई अहम पदों पर रही हैं। वो राज्य के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर अलग राज्य बनने के बाद आसीन होने वाली पहली महिला आईएएस अधिकारी होंगी। 1973 बैच की आईपीएस अधिकारी कंचन चौधरी भट्टाचार्य वर्ष 2004 में राज्य की पहली महिला डीजीपी बनी थीं।

# प्लांट में गैस रिसाव के बाद विस्फोट में तीन श्रमिकों की मौत, एक घायल

▸ ओनिरो लाइफकेयर कंपनी के प्लांट में गैस रिसाव के बाद विस्फोट

एजेंसी

**वडोदरा।** वडोदरा की एक निजी कंपनी के एमई प्लांट में बुधवार को गैस रिसाव के बाद विस्फोट होने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है। एक अन्य व्यक्ति को घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस के अधिकारी पहुंच गए हैं।

जानकारी के अनुसार वडोदरा जिले की पादरा तहसील के एकलबारा गांव के समीप ओनिरो लाइफकेयर कंपनी के एमई प्लांट में बुधवार को गैस रिसाव के बाद विस्फोट हो गया। धमाके की अवाज सुनकर लोगों की भीड़ प्लांट के बाहर एकत्र हो गई। पुलिस समेत 108 आपातकालीन एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। इस विस्फोट में चार श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। इन सभी को 108 आपातकालीन एम्बुलेंस से वडोदरा के जायडस अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज मिलने से पहले तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक श्रमिक का अभी इलाज चल रहा है। मृतक श्रमिकों की पहचान ठाकोरभाई रावजीभाई परमार, नरेन्द्रसिंह कनुभाई सोलंकी और रमेशभाई गणपतिभाई पढियार के रूप में हुई है। इसके अलावा मयूर बालजीभाई पढियार घायल हैं।

### चार साल से बंद पड़ी जूम एयरलाइन ने दिल्ली-अयोध्या उड़ान के साथ अपनी सेवाएं दोबारा कीं शुरू

**अयोध्या।** घरेलू एयरलाइन जूम ने बुधवार को नयी दिल्ली से अयोध्या के लिए एक उड़ान संचालित की। इसके साथ ही कंपनी ने लगभग 4 साल के बाद अपनी सेवाओं की दोबारा शुरुआत की है। एयरलाइन के पास इस समय 5 बॉम्बार्डियर सीआरजे 200ईआर विमानों का बेड़ा है। इनमें से प्रत्येक में 50 सीटें हैं। एयरलाइन के निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अतुल गंभीर ने बुधवार को कहा कि शुरुआत में दिल्ली से अयोध्या के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित की जाएंगी। मिली जानकारी के मुताबिक, नयी दिल्ली से अयोध्या की उड़ान में एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए गंभीर ने कहा कि एयरलाइन आने वाले महीनों में तेजी से विस्तार करेगी। उसके अगले संभावित गंतव्यों में लखनऊ और अमृतसर शामिल हैं। जूम के बेड़े में शामिल सभी पांच विमान अगले तीन से चार महीनों में परिचालन के लिए तैयार हो जाएंगे। इस समय उसके दो विमान उड़ान के योग्य हैं। विस्तार योजनाओं पर बात करते हुए गंभीर ने कहा कि आने वाले महीनों में हमारी योजना छोटे आकार के विमानों के साथ ही मालवाहक विमानों को बेड़े में शामिल करने की है।

### आरबीआई की बड़ी कार्रवाई पेटीएम पेमेंटस बैंक नहीं जोड़ पाएगा नए ग्राहक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 29 फरवरी से पेटीएम पेमेंट्स बैंक को वॉलेट और फास्टैग सहित किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से प्रतिबंधित करने का निर्देश जारी किया है। केंद्रीय बैंक का यह कदम पेटीएम पेमेंट्स बैंक के संचालन के बारे में चिंताएं बढ़ाता है और बैंक के कामकाज में संभावित मुद्दों या गैर-अनुपालन के जवाब में एक महत्वपूर्ण नियामक हस्तक्षेप का संकेत देता है। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते में और जमा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि वॉलेट सहित किसी भी क्रेडिट लेनदेन की अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उसके ग्राहकों द्वारा शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति बिना किसी प्रतिबंध के दी जाएगी। अपनी शक्तियों और उस संबंध में इसे सक्षम करने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को पीपीबीएल को निर्देश दिया है।

# गुजरात का सूरत हवाई अड्डा बना तीसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

एजेंसी

**गांधीनगर।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बयान के अनुसार, गुजरात में सूरत हवाई अड्डे को आधिकारिक तौर पर भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में नामित किया गया है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि इसके द्वारा गुजरात में सूरत हवाई अड्डे को तत्काल प्रभाव से एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया जाता है। यह निर्णय दिसंबर में सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में नामित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद लिया गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अपने दिसंबर के बयान में कहा कि सूरत हवाई अड्डे को एक अंतरराष्ट्रीय सुविधा में बदलने का उद्देश्य न केवल वैश्विक यात्रियों के लिए प्रवेश द्वार के रूप में सेवा करना है, बल्कि इसका उद्देश्य संपन्न हीरे और कपड़ा उद्योगों के लिए आयात-निर्यात संचालन को सुव्यवस्थित करना भी है।

इस रणनीतिक निर्णय से अभूतपूर्व आर्थिक क्षमता खुलने, सूरत को अंतरराष्ट्रीय विमानन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने और क्षेत्र में समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत होने की उम्मीद है। मंत्रालय के अनुसार, सूरत हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिया जाना आर्थिक विकास को बढ़ाने, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने में बहुत महत्व रखता है। हवाई अड्डे के अंतरराष्ट्रीय पदनाम के साथ यात्री यातायात और कार्गो संचालन दोनों में अपेक्षित वृद्धि को क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण चालक के रूप में देखा जाता है।

### सोनिया गांधी पर बघेल का कटाक्ष, कहा- रोम वालों को भी पसंद आ रहे हैं राम

**नई दिल्ली।** परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि रोम-रोम में बसने वाले राम को रोम के लोग भी पसंद करते हैं। राम सर्वव्यापी हैं। राम हमारे साझे पुरखे हैं। उनका नाम आते ही सबको खुशी होती है। राजनीतिक कारणों से लोग जाहिर भले न करें। असल में बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित कर रही थीं तो उन्होंने राम मंदिर का भी जिक्र किया। इस दौरान सांसदों ने जमकर तालियां बजाई और जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान विपक्ष खामोश रहा लेकिन कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व लोकसभा सांसद सोनिया गांधी ने मेज थपथपा कर खुशी जाहिर की। इस मुद्दे पर केन्द्रीय मंत्री बघेल ने सोनिया गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि रोम वालों को भी राम पसंद आते हैं। राजनीतिक कारणों से लोग स्वीकार भले न करें लेकिन प्रभु राम का नाम आते ही अंतर्मन में खुशी होती है।

# शादी का लहंगा लेते समय नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां

हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन सबसे ज्यादा खास होता है। हर लड़की अपनी शादी में सबसे ज्यादा खूबसूरत दिखना चाहती है। जिसके लिए वह डी डे के लिए बेस्ट से बेस्ट चीजों का इस्तेमाल करती हैं। वहीं अपने लुक्स को परफेक्ट बनाने के लिए लड़कियां एक्सपेरिमेंट्स पर भी काफी पैसा खर्च करती हैं। लेकिन कई बार अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं। जिनकी वजह से उनका पूरा एक्सपेरिमेंट बेकार हो जाता है। शादी की बात होते ही लड़की के मन में जो सबसे पहला सवाल आता है, वह यह है कि लहंगा किस डिजाइन का लें, किस कलर का लें, कहां से और कैसे लेना चाहिए। वहीं शादी का सीजन शुरू होते ही मार्केट में इतनी भीड़ बढ़ने लगती है कि कई बार अपनी पसंदीदा ड्रेस लेने में भी समस्या हो जाती है। ऐसे में लड़कियां कंफ्यूज हो जाती हैं कि उनको कौन सा लहंगा लेना चाहिए। वहीं कई बार जल्दबाजी में ऐसी ड्रेस ले लेती हैं, जो उनके लुक को अच्छा बनाने की बजाय और बिगाड़ देता है। ऐसे में अगर आप भी शादी की शॉपिंग करने जा रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि लहंगा लेने के दौरान किन गलतियों से बचना चाहिए।



### टाइट लहंगा

कई लड़कियों को बॉडी फिटिंग वाला लहंगा पहनना काफी पसंद होता है। लेकिन बता दें कि इससे आपको स्किन संबंधी समस्या हो सकती है। क्योंकि शादी के दौरान 1-2 घंटे के लिए नहीं बल्कि पूरे समय के लिए लहंगा पहनना होता है। ऐसे में शादी के लिए ऐसे लहंगे का चुनाव करना चाहिए, जिसमें आपको घुटन या फिर कोई अन्य समस्या न हो।

### बॉडी टाइप के हिसाब का लहंगा

अक्सर लड़कियां लहंगा लेने के दौरान अपने बॉडी टाइप को इग्नोर कर देती हैं। तो वहीं कुछ लड़कियां ऐसा लहंगा लेती हैं, जो उनकी बॉडी टाइप को बिलकुल भी नहीं सूट करता है। ऐसे में लड़कियों को सबसे पहले यह समझने की जरूरत होती है कि उनकी बॉडी के हिसाब से उनपर कौन सी ड्रेस फिट बैठेगी।

### सही कलर चॉइस

मार्केट में कई शेड्स के लहंगे मिल जाते हैं। लेकिन हर कलर आप पर अच्छा लगे, ऐसा जरूरी नहीं होता है। इसलिए आप हमेशा उस शेड का लहंगा लें, जो आपकी स्किन टोन के हिसाब से मैच करे। वहीं आपकी शादी किस टाइम होनी है, उसके हिसाब से भी आप लहंगे का शेड चुन सकती है। बता दें कि दिन और रात की रोशनी में लहंगे का कलर अहम भूमिका निभाता है।

# बाल संबंधी कई समस्याओं का रामबाण इलाज है चाय पत्ती से बना हेयर पैक

चाय पत्ती सिर्फ चाय बनाने के ही नहीं बल्कि बालों में भी लगाने के काम आती है। बताया जाता है कि चायपत्ती के इस्तेमाल से बालों की ग्रोथ होती है और बाल झड़ना कम हो जाते हैं। आप इसको तेल में मिक्स कर बालों में अप्लाई कर सकते हैं। ऐसे में जिन लोगों के बाल बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं और बालों की ग्रोथ रुकी हुई है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

### जानिए चाय पत्ती के फायदे

आपको बता दें कि चाय पत्ती में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जो बालों के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। यह बालों को कई तरह की समस्याओं से बचाने में मदद करता है। वहीं जिन लोगों के बाल रफ और ड्राई हैं, यह उनके लिए काफी अच्छा नुस्खा साबित हो जाता है। ऐसे में आपको भी इसे ट्राई करना चाहिए।



### चाय पत्ती का पैक

अगर आपके बाल बहुत झड़ रहे हैं या फिर बाल दोमुंहे हो गए हैं। तो आप चाय पत्ती का पैक बनाकर बालों में अप्लाई कर सकते हैं। यह बालों को झड़ने से रोकने के साथ ही उनको ग्रोथ को बढ़ाता है। चाय पत्ती का हेयर पैक बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच चायपत्ती पाउडर और 1 चम्मच एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसमें थोड़ा सा पानी मिला लें। अब इसको अपने बालों में अप्लाई करें और करीब 30 मिनट तक लगाए रखें। फिर 30 मिनट बाद शैंपू से बालों को धो डालें।

### चाय पत्ती का पानी

वहीं चाय पत्ती का पानी भी बालों के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है। चाय पत्ती का पानी एक बेहतरीन कंडीशनर की तरह होता है। इसको अप्लाई करने से बाल मुलायम, चमकदार और हेल्दी नजर आते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले 2 कप पानी में दो टी बैग्स डालकर अच्छे से उबाल लें। जब पानी में चाय का रंग आ जाए तो इसको ठंडा कर बालों में अप्लाई करें। फिर बालों को अच्छे से शैंपू से धो डालें। सप्ताह में एक बार इसे लगाने से आपके बाल स्वस्थ, सुंदर और चमकदार बनेंगे। हांलाकि अगर आपको किसी तरह की एलर्जी है, तो आप इन चीजों का इस्तेमाल करने से पहले एक बार एक्सपर्ट्स की सलाह जरूर लें।

# गैंग्रीन कैसे और क्यों होता है? जान लें इससे बचाव के तरीके

कुछ लोगों के हाथ और पैरों में इतना ज्यादा दर्द होता है कि यह बर्दाश्त नहीं हो पाता। यह दर्द गैंग्रीन नाम की बीमारी के कारण भी हो सकता है। इस बीमारी में शरीर के अंगों के टिश्यू काम करना बंद कर देते हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो किसी भी तरह का घाव या चोट लगने के कारण कई बार उस हिस्से तक ब्लड सर्कुलेशन भी बंद हो जाता है, जिसके कारण टिश्यू धीरे-धीरे डैमेज होने लगते हैं। टिश्यू के डैमेज होने के कारण से शरीर के अंग भी काम करना बंद कर देते हैं। कई बार जिस हिस्से के टिश्यू गैंग्रीन से प्रभावित होते हैं उनमें पस भर जाती है और बाहर आने लगती है। ऐसे में इस रोग से जूझ रहे व्यक्ति के लिए दर्द सहन करना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन गैंग्रीन होता कैसे है और इसके कारण क्या है आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं।



डॉक्टर की मानें तो गैंग्रीन शरीर में ब्लड सर्कुलेशन में परेशानी आने के कारण होता है। इसके कारण शरीर के उस अंग तक रक्त नहीं पहुंच पाता जिसके कारण उस अंग के टिश्यू खत्म होने लगते हैं। यह समस्या किसी तरह की चोट, इंफेक्शन या अन्य कारणों से हो सकती है। गैंग्रीन की समस्या मुख्य तौर पर हाथ-पैरों में देखने को मिलती है। इसके अलावा इसमें शरीर की मांसपेशियां, अंदरुनी अंग जैसे गॉलब्लैडर को भी यह रोग अपनी चपेट में ले सकता है।

इस रोग के कारण त्वचा का रंग नीला या काला रंग का दिखने लगता है। गैंग्रीन होने पर लोगों का प्रभावित हिस्सा भी सुन्न हो जाता है। इस रोग की जांच करने के लिए डॉक्टर मरीज को एक्स-रे और एमआईआर टेस्ट करवाने की सलाह देते हैं ताकि यह पता लगाने में आसानी हो सके कि गैंग्रीन के कारण अंग के हिस्से पर कितना दुष्प्रभाव पड़ा है। जो लोग डायबिटीज से जूझ रहे हैं या फिर धूम्रपान या शराब का ज्यादा सेवन करते हैं उन्हें गैंग्रीन होने के खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि इसके कारण ब्लड सर्कुलेशन पर दबाव पड़ता है। यदि इस रोग की सही समय पर पहचान की जाए तो ही इलाज भी संभव होता है।

### सर्जरी के बाद सर्कुलेशन प्रभावित होना

शरीर में यदि खून का स्तर किसी भी कारण से बाधित होता है या फिर कम होता है तो शरीर में भी कई तरह की समस्याएं पैदा होने लगती हैं, क्योंकि खून के साथ ही शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह भी होता है जो जीवित रखने के लिए जरुरी है। परंतु जब शरीर में डायबिटीज के कारण शुगर की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो धमनियां में प्रवाहित होने वाले रक्त में भी ग्लूकोज का स्तर बढ़ने लगता है। इसके कारण रक्त का प्रवाह भी प्रभावित होता है और टिश्यूज में भी पूरा तरह रक्त नहीं जा पाता ऐसी स्थिति में धीरे-धीरे टिश्यू डेड होने लगते हैं जो बाद में गैंग्रीन का कारण बन सकते हैं।

### सही समय पर करवाएं इलाज

यदि आपको इस रोग के बारे में समय पर पता चल जाता है तो आप इसका इलजा करवा सकते हैं। रोग की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर सर्जरी, एंटीबॉयोटिक्स दवाईयां, मैगोट थैरेपी और ऑक्सीजन थेरेपी चुन सकते हैं इन थेरेपीज के जरिए टिश्यू को दोबारा से ठीक करने के प्रयास किया जाता है लेकिन ऐसे में बेहद जरुरी है कि आप किसी भी तरह की चोट को नजरअंदाज न करें यह आपके लिए समस्या बन सकती है।

**कारण**

ऑक्सीजन, पोषक तत्व और एंटीबॉडीज पहुंचाते हैं। परंतु जब टिश्यू तक रक्त ही ना पहुंच पाए तो वह डैमेज होने लगते हैं। इसके कुछ अन्य कारण है जैसे

**आपके टिश्यू में इंफेक्शन होना**

कुछ मैडिकल कंडिशन के कारण भी आपका ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित हो सकता है जैसे एथेरोस्कलेरोसिस, परिधीय धमनी रोग आदि।

किसी तरह की गहरी चोट, गहरा घाव या फिर मांसपेशियां भी टिश्यू को प्रभावित कर सकती हैं।